
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार , 25 फ़रवरी 2026

वर्ष 07, अंक 145, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

फर्जी वरासत प्रकरण: मामले की लीपापोती में लगी मैदानी पुलिस...03

ईरान के न्यूक्लियर प्लांट वाले प्रांत इस्फ़हान में एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर क्रैश, 4 की मौत...12

## आप जमीन पर ऐसे दावा कर रहे हैं जैसे मालिकाना हक हो... हल्द्वानी-बनभूलपुरा मामले में बोला सुप्रीम कोर्ट

हल्द्वानी बनभूलपुरा मामले में रेलवे और उत्तराखंड सरकार ने सीजेआई की बेंच के सामने हलफनामा पेश किया. इसे लेकर वकील ने कहा कि 13 ऐसे मामले हैं जिसमें जमीन फ्री-होल्ड है. इनमें मुआवजा दिए जाने का प्रस्ताव है. इसके अलावा हटाए गए लोगों के लिए राज्य सरकार द्वारा आवासीय व्यवस्था मुहैया कराने का प्रस्ताव है. रेलवे की जमीन से जिन लोगों को हटाया गया है, उनको पुनर्स्थापित करने की याचिका को खारिज किया जाए। याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि 50 हजार से ज्यादा लोग हैं जिनमें से कुछ ही पीएम आवास योजना की योग्यता रखते हैं. ऐसे में बाकी कहां रहेंगे, जिनको रेलवे ने एक्सपेंशन के नाम पर घरों को तोड़कर हटा दिया है. सीजेआई ने कहा कि लोग 50 हजार होंगे लेकिन परिवार इतने नहीं होंगे. रेलवे ने कहा कि हटाए गए लोग गैरकानूनी तरीके से सार्वजनिक भूमि पर रह रहे थे. यह निजी भूमि नहीं है. इसके बावजूद मुआवजे का प्रस्ताव दे रहे हैं।

**लंबे समय से इस जमीन पर रह रहे थे लोग**

भूषण ने कहा कि ये राज्य सरकार की जमीन है और लोग लंबे समय से रह रहे थे, जिसका नियमितिकरण किया जाना था. इसका इतिहास लंबा है. हाई कोर्ट में जनहित याचिका नदी में खनन को रोकने के लिए थी. जहां लोगों को गैरकानूनी तरीके से जमीन पर कब्जा कर रहने वाला बताया गया और फिर रेलवे ने एक्सपेंशन के नाम पर हटाया गया.



भूषण ने कहा, बगल में एक खाली जमीन जो 30 एकड़ से ज़्यादा है, वो है. इसके पास उन्हें हटाया गया. सीजेआई ने कहा कि आप सार्वजनिक भूमि पर ऐसे दावा कर रहे हैं, जैसे मालिकाना हक हो, जबकि अनाधिकृत तरीके से रह रहे थे. सीजेआई ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी से पूछा कि आपके सरकारी आवास देने का प्रस्ताव क्या है? भाटी ने कहा कि तीन कैटेगरी हैं ईडब्ल्यूएस, लो कैटेगरी और सेमी लो कैटेगरी है जिसमें आवास दिया जाएगा।

**हाउसिंग योजना के तहत घर लेने में समस्या क्या?**

सीजेआई ने कहा, इस क्षेत्र में बेसिक सुविधा भी नहीं है. सीवेज तक नहीं है. ऐसे में हाउसिंग योजना के तहत घर लेने में क्या समस्या है? भूषण ने कहा कि एकपक्षीय आदेश जारी हुए थे कोविड के आसपास. इसके बाद यहां अपील दाखिल हुई. भूषण ने कहा कि तब सुप्रीम कोर्ट ने बहुत ही विस्तृत आदेश दिया था कि कैसे क्या होगा? सीजेआई ने भाटी से पूछा, पीएम आवास योजना के तहत सभी परिवारों को आवास मुहैया कराना चुनौती नहीं है।

सीजेआई ने कहा कि कोई अन्य प्रस्ताव नहीं है. भाटी ने कहा कि रेलवे के पास जमीन सीमित है और बड़े पैमाने पर जमीन पर अनाधिकृत कब्जा है. रेलवे को एक्सटेंशन भी करना है. मुख्य न्यायाधीश ने एएसजी ऐश्वर्या भाटी से कहा कि देखिए, जमीन का यह हिस्सा राज्य का है और रेलवे के लिए दिया जाएगा. क्या प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य कुछ जमीन का अधिग्रहण कर सकता है और मुआवजे के बदले में घर बनाकर दे सकता है? इसमें भावी पीढ़ी का पहलू भी शामिल है।

**रेलवे को अनुग्रह राशि का भुगतान करना होगा**

सीजेआई ने कहा कि गृह योजना पूरी तरह से निःशुल्क है और रेलवे जिनके घर तोड़े गए उन्हें प्रति माह 2 हजार छह माह तक देने को तैयार हैं. सीजेआई ने आदेश में दर्ज किया कि रेलवे ने अनुपालन हलफनामा दाखिल किया है. इसमें कहा गया कि मुआवजा देने और पीएम आवास योजना के तहत घर मुहैया कराने का प्रस्ताव भी है. केंद्र (रेलवे) ने यह बताते हुए कि पुनर्व्यवस्थापन के लिए 30.5 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, यह भी स्पष्ट किया कि इस न्यायालय के निर्णय के बाद रेलवे को अनुग्रह राशि का भुगतान करना होगा।

अपीलकर्ताओं ने रेलवे के आचरण पर सवाल उठाते हुए हलफनामा भी दाखिल किया है और नई नीति 2019 के अनुसार पुनर्वास के अधिकार पर भी सवाल उठाया है. अपीलकर्ताओं ने रेलवे की उस योजना की आवश्यकता पर भी सवाल उठाया है जिसमें क्षेत्र में पेड़ों की कटाई रोकने सहित विभिन्न कदम उठाने का प्रावधान है. सीजेआई ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के संदर्भ में हम पाते हैं कि उनकी आर्थिक स्थिति के कारण वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) की श्रेणी में आते हैं।

**पुनर्वास शिविर आयोजित करें**

उन्होंने कहा कि यह अत्यंत वांछनीय है कि प्रत्येक परिवार की पात्रता का निर्धारण किया जाए, बशर्ते कि वे प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपने आवेदन प्रस्तुत करें. हम उत्तराखंड राज्य के विधि सचिव को निर्देश देते हैं कि वे संबंधित स्थान पर पुनर्वास शिविर आयोजित करें और यह सुनिश्चित करें कि वहां रहने वाले प्रत्येक परिवार के मुखिया को आवास योजना के तहत आवेदन करने के लिए प्रेरित किया जाए. राज्य विधि सेवा के सदस्य सचिव ने कहा कि आवेदन प्रक्रिया 19 मार्च के बाद शुरू की जा सकती है. अंतरिम राहत बरकरार रहेगी. केस टू केस बेसिस पर मामलों का निपटारा किया जाएगा

## 1 साल, 152 मौतें और तबाह हुए 21000 आशियाने... जम्मू-कश्मीर में आसमान से बरसी आफत

**● जम्मू-कश्मीर में 2025 की भीषण बारिश ने भारी तबाही मचाई, जिसमें 152 लोगों की जान चली गई और 21,000 से अधिक आवासीय ढांचे तबाह हो गए. जम्मू रीजन सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ. कई तीर्थयात्रियों ने भी बादल फटने और भूस्खलन में जान गंवाई. सरकार ने प्रभावितों के लिए 289.39 करोड़ का राहत पैकेज जारी किया है**



जम्मू-कश्मीर में 2025 में बारिश ने तबाही मचाई. 152 लोगों की सांसें छीन ली. इसकी जद में आए 179 लोग घायल हुए. 21 हजार आवासीय ढांचे (जिनमें ज्यादातर मकान) तबाह हो गए. 1 हजार 515 जानवर मारे गए. डीएमआरआरआरडी के आंकड़ों के अनुसार, मारे गए कुल लोगों में 151 जम्मू रीजन के थे. कश्मीर घाटी में बारिश से एक व्यक्ति की मौत हुई. मृतकों में करीब 100 तीर्थयात्री भी हैं. इनकी अगस्त में किश्तवाड़ जिले के मचैल माता मंदिर और रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर जाते समय बादल फटने और भूस्खलन में मौत हुई।

**किश्तवाड़ के चिसोटी गांव में बादल फटा**

इसमें 63 लोगों की मौत हुई. कई लोग घायल हुए. 30 लोग लापता हो गए. 26 अगस्त को वैष्णो देवी मार्ग पर बारिश के कारण भूस्खलन हुआ. इसमें 32 लोगों की मौत हुई. 20 तीर्थयात्री घायल हो गए. सरकार का कहना है कि एसडीआरएफ के तहत मानदंडों के अनुसार जानमाल के नुकसान, घायलों और घरों को हुए नुकसान के लिए मुआवजा दिया गया है।

**जम्मू रीजन को 200.39 करोड़ रुपये**

राहत और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 2025-26 के दौरान 289.39 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं. इसमें जम्मू रीजन के लिए 200.39 करोड़ रुपये और कश्मीर रीजन के लिए 89 करोड़ रुपये दिए गए हैं. भीषण बारिश का कहर जम्मू रीजन में सबसे ज्यादा देखने को मिला. यहां 3,304 मकान पूरी तरह तबाह हो गए. 1 हजार 818 गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए. 11 हजार 622 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए।

**1 हजार 461 पशुओं की मौत हो गई**

इतना ही नहीं 3 हजार 531 झोपड़ियां और पशु शेड तबाह हो गए. 1 हजार 461 पशुओं की मौत हो गई. कश्मीर रीजन में 12 मकान पूरी तरह तबाह हो गए. 44 गंभीर रूप से और 597 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए. 71 झोपड़ियां और पशु शेड क्षतिग्रस्त हो गए. 54 जानवरों की मौत हो गई. गृह मंत्रालय ने 3 से 7 सितंबर, 2025 तक हुए नुकसान का आकलन करने के लिए आईएमसीटी को नियुक्त किया था।

**कहां कितनी मदद दी गई?**

मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) के तहत किश्तवाड़ के चिसोटी बाढ़ पीड़ितों के लिए 207 लाख रुपये से अधिक, पुंछ में सुरथी व कालाबन गांवों में भूस्खलन से प्रभावित घरों के लिए 45 लाख रुपये, रियासी जिले में हुए भूस्खलन से पीड़ितों के लिए 95 लाख रुपये, रामबन में 253.25 लाख रुपये और कठुआ में मृतकों व घायलों के लिए 21.50 लाख रुपये की राहत दी गई. इसके साथ ही प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से चिसोटी बादल फटने की घटना में मारे गए 63 लोगों और घायल हुए 29 लोगों के लिए 141 लाख रुपये की राशि ऑनलाइन दी गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कोर्ट के आदेश पर हटवाया गया अतिक्रमण



**कोंच(जालौन)**- कोर्ट के आदेश पर राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटवाए जाने की कार्यवाही की। मामले के मुताबिक कोंच के मौजा पड़री में स्थित हुल्का देवी मंदिर के अंदर जाने के आम रास्ते के ठीक बगल में कन्हैयालाल राठौर का एक खेत है। उक्त खेत में किनारे मंदिर की महंत राजेश्वरी के ब्रह्मलीन हो जाने पर उनके बेटे वर्तमान



महंत अनिल कुमार ने बीते वर्ष 2021 में समाधि स्थल (चबूतरा) बना दिया था। उक्त चबूतरे को लेकर कन्हैयालाल ने जेएम कोर्ट कोंच में वाद दायर किया था। बीती 24 दिसंबर को कोर्ट ने उक्त चबूतरा हटाए जाने का आदेश पारित किया था। आज मंगलवार को कानूनगो अजय त्रिवेदी, आरआई लायक सिंह, लेखपाल अंजना कुमारी सहित क्राइम इंस्पेक्टर लल्लूराम रावत, एसआई अशोक वर्मा, राजेंद्र प्रसाद ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी मशीन की मदद से उक्त अतिक्रमण (चबूतरा) हटवा दिया है।

## बलिया में फर्जी अस्पताल का काला खेल उजागर: सिजेरियन के बाद प्रसूता की मौत, नर्सिंग होम सील

**● बलिया में फर्जी अस्पताल का काला खेल उजागर: सिजेरियन के बाद प्रसूता की मौत, नर्सिंग होम सील**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलिया।** बैरिया क्षेत्र में एक अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम में सिजेरियन ऑपरेशन के बाद 26 वर्षीय प्रसूता की मौत से हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य विभाग की जांच में अस्पताल बिना पंजीकरण संचालित पाया गया, जिसके बाद उसे सील कर दिया गया है। मामले में एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। दोकटी थाना क्षेत्र के रामपुर बाजिदपुर निवासी मिथिलेश गोड़ की पत्नी ममता अपने पहले प्रसव के लिए मायके सोनबरसा आई थीं। परिजनों के अनुसार, आशा कार्यकर्ता की सलाह पर उन्हें शकील कटरा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां कथित महिला चिकित्सक



द्वारा सिजेरियन ऑपरेशन किया गया।

ऑपरेशन के बाद अत्यधिक रक्तस्राव होने से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि हालत गंभीर होने के बावजूद अस्पताल प्रबंधन ने उन्हें अन्यत्र रेफर नहीं किया। दोपहर करीब तीन बजे प्रसूता ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद अस्पताल संचालक और स्टाफ मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए अस्पताल से दस्तावेज और उपकरण कब्जे में ले लिए। उपजिलाधिकारी बैरिया आलोक प्रताप सिंह और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। सीएमओ डॉ. विजय कुमार ने बताया कि बैरिया में केवल एक नर्सिंग होम पंजीकृत





है। अवैध रूप से संचालित अस्पतालों के खिलाफ सघन अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया और कुछ देर के लिए सड़क जाम की स्थिति भी बनी, जिसे पुलिस ने समझाकर शांत कराया। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## नहीं मिल रही तेंदुए की लोकेशन,खाक छान रहा वन विभाग

**● अलग अलग क्षेत्र में घूम रहे तेंदुए,मंडप फार्म के अलावा मंगलवार को बिरजापुरवा गांव के बाहर खेत में गाय को नोच नोच कर खाता रहा तेंदुआ**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**निघासन खीरी।** जंगल से सटे गांवों में इन दिनों तेंदुए का आतंक बदस्तूर जारी है।क्षेत्र के अलग अलग गांवों में तेंदुए की चहलकदमी से ग्रामीणों में डर का माहौल व्याप्त है।तेंदुए की स्पष्ट लोकेशन ना मिलने से वन विभाग की टीमें खाक छानते इधर उधर घूम रही है।वन दरोगा अखिलेश रावत दिन रात टीमों के साथ भ्रमण कर रहे हैं।दक्षिण निघासन रेंज लुधौरी के मंडप फार्म में ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम तेंदुए की लोकेशन पता करने के लिए जुटी थी।रोजाना कांबिंग की जा रही थी।कि दूसरी तरफ बिरजा पुरवा गांव के बाहर गन्ने के खेत में एक गाय को तेंदुआ खींचकर ले गया और उसे करीब डेढ़ घंटे तक नोच नोच कर खाता रहा।किसान बलजिंदर सिंह ने गन्ने के खेत में तेंदुआ होने की सूचना दक्षिण निघासन रेंज कार्यालय में दी।टीम के साथ मौके पर पहुंचे वन दरोगा अखिलेश रावत ने कैमरा और पिंजड़ा लगाकर जल्द ही तेंदुए को पकड़ने का आश्वासन दिया है।

**इन गांवों के ग्रामीणों के जहन से नहीं निकल रहा तेंदुआ**

इलाके के करीब एक दर्जन से अधिक गांव में तेंदुए के डर से लोग घरों में दुबकने को मजबूर है।इनमें लुधौरी पंचायत के जगानपुरवा, सेमरापुरवा, ओरीपुरवा बिरजापुरवा,गोविंदपुर, समेत बेलहा,मंडप फार्म,लालबोझी, चखरा आदि गांवों के ग्रामीणों के जहन में तेंदुआ बसा है।इस बाबत वन दरोगा अखिलेश रावत ने बताया कि तेंदुए की लोकेशन स्पष्ट नहीं हो पा रही।अलग अलग क्षेत्र में सूचनाएं मिल रही है।इससे यह पता चल रहा है कि कई तेंदुए क्षेत्र में घूम रहे है।फिलहाल जगनपुरवा ने पिंजड़ा लगा है।अब इधर उधर तेंदुआ होने की सूचना मिली है।क्षेत्र में कई टीमें निगरानी कर रही है।

## गैर-कानूनी होटल में गलत काम, शिकायत करने पर मिलीभगत का आरोप; जगतपुरी निवासियों ने की कार्रवाई की मांग

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ईस्ट दिल्ली।** जगतपुरी इलाके में एक युवक ने एक गैर-कानूनी होटल की शिकायत की और नगर निगम के अधिकारी उस पर मामला सुलझाने का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि शिकायत के बाद नगर निगम के अधिकारियों ने उसे होटल मालिक से मिलने के लिए बुलाया और पैसे लेकर मामला सुलझाने को कहा। आरोप है कि होटल में गलत काम हो रहे हैं, जिससे कॉलोनी के लोग परेशान हैं। कार्रवाई न होने पर लोगों ने विरोध करने की धमकी दी है।

**क्या है पूरा मामला?**

जगतपुरी गली नंबर 3 में रहने वाले दिनेश लूथरा मंगलवार को नगर निगम के जोनल ऑफिस में शिकायत करने गए थे। उन्होंने बताया कि उनकी गली में हाल ही में एक गैर-कानूनी होटल खुला है। वहां गलत काम होते हैं और सुबह से शाम तक लड़के-लड़कियां आते हैं। जब उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों और पुलिस से मामले की शिकायत की, तो नगर निगम के अधिकारियों ने उन्हें मीटिंग के लिए




बुलाया। आरोप है कि एक महिला कर्मचारी ने उन्हें होटल मालिक से मिलवाया और पैसे लेकर मामला सुलझाने का दबाव बनाया। दिनेश के मुताबिक, होटल में हो रहे गलत कामों से सभी परेशान हैं और इसे बंद करने के बजाय नगर निगम के अधिकारी संचालकों से मिलीभगत कर रहे हैं। पीड़ित ने स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर जोनल चेयरमैन से शिकायत की। इसके बाद डिप्टी हेल्थ ऑफिसर डॉ. अजय हांडा ने चेयरमैन रामकिशोर शर्मा को बताया कि होटल को पहला नोटिस जारी कर दिया गया है। जल्द ही दूसरा नोटिस जारी किया जाएगा और सीलिंग की कार्रवाई शुरू की जाएगी। मीटिंग के दौरान अमित कुमार, विवेक सिंह, रूपल सिंह, गोलू सिंह व अन्य मौजूद थे।

## प्रयागराज में बीएसएनएल के एक 'साहब' का शाही प्रोटोकॉल चर्चा का विषय बना

**● उनके प्रस्तावित दौरे के लिए 50 अफसरों की ड्यूटी लगाई गई।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज में बीएसएनएल के एक 'साहब' का शाही प्रोटोकॉल चर्चा का विषय बन गया है उनके प्रस्तावित दौरे के लिए 50 अफसरों की ड्यूटी लगाई गई। अफसर के ब्रेकफास्ट, लंच से लेकर अंडरवियर तक अरेंज करने की जिम्मेदारी तय कर दी गई। इसी बीच प्रोटोकॉल सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जैसी ही किरकिरी मची तो आनन-फानन में एक दिन बाद ही आदेश कैंसिल कर दिया गया। अब पूरा मामला विस्तार से... बीएसएनएल के डायरेक्टर, (सीएफए, कंज्यूमर फिक्स्ड एक्सेस) विवेक बंजल का प्रयागराज का दौरा प्रस्तावित है। दो दिन पहले इस संबंध में एक प्रोटोकॉल जारी हुआ। इसमें बताया गया कि डायरेक्टर 25 और 26 फरवरी को प्रयागराज दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अफसरों संग मीटिंग करेंगे। साथ ही प्रयागराज में अलग-अलग जगहों और कौशाम्बी में जैन तीर्थस्थल पर भी जाएंगे। पीने के पानी से लेकर साबुन तेल तक की जिम्मेदारी डायरेक्टर के प्रस्तावित दौरे के लिए 50 अफसरों की कमेटियां बनाकर ड्यूटी लगाई गई। सबकी अलग-अलग जिम्मेदारियां तय हुईं। इन्हीं में से एक कमेटी को विभिन्न प्रकार की किट की खरीदारी और पैकिंग की भी जिम्मेदारी दी गई।

इनमें से एक किट में वाटर बॉटल, चॉकेलेट, चिप्स, फ्रूट जूस, ग्लास, नैपकिन। जबकि एक अन्य किट में तौलिए, अंडरवियर, शीशा-कंघी, साबुन- शैंपू, तेल व स्लीपर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। यह प्रोटोकॉल प्रयागराज बिजनेस एरिया के जीएम ऑफिस में तैनात डीजीएम की ओर से जारी किया गया।

अब पढ़िए आदेश में क्या लिखा था...

डायरेक्टर (सीएफए) के टूर प्रोग्राम के अनुसार, उनका प्रयागराज BA का विजिट प्रस्तावित है। जो सीजीएम यूपी (पूर्व) सर्कल और पीजीएम(सीएफए), यूपी (पूर्व) सर्कल के साथ 25- 26 फरवरी को होना है। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से रिक्वेस्ट है कि वे तय विजिट को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए एक्टिव रूप से हिस्सा लें। कोशिश करें और योगदान दें। नीचे दिए गए कमिटी ऑफिसर्स/ ऑफिशियल्स को उनके नाम के आगे लिखे काम को समय पर पूरा करने के लिए नॉमिनेट किया गया है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवती का छत के पंखे से लटका हुआ मिला शव




**सिद्धार्थनगर,** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के परसिया गांव में एक 22 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार को घर के अंदर कमरे के छत के पंखे से लटका हुआ शव मिला, इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। श्रीराम प्रजापति की पुत्री साधना( 22) घर के अंदर बन्द कमरे में छत के पंखे से दुपट्टे के साहारे लटका हुआ मिला।इसकी सूचना पुलिस को किसी ने दी, सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस मामले में थानाध्यक्ष रविंद्र सिंह का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मौत के कारणों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी श्रीमती कृतिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में मिशन रोजगार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार बस्ती में संपन्न हुयी



**बस्ती।** बस्ती जिलाधिकारी श्रीमती कृत्तिका ज्योत्स्ना की अध्यक्षता में मिशन रोजगार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार बस्ती में संपन्न हुयी। बैठक में जिला सेवायोजन अधिकारी अवधेन्द्र प्रताप वर्मा ने उपस्थित सभी सदस्य गण व जनपद के उपस्थित उद्यमी गण व व्यापार मंडल के सदस्य गण को अवगत कराया कि अगले माह मार्च 2026 में एक वृहद् रोजगार मेला का आयोजन किया जाना है। इस रोजगार मेला में लगभग 20 से ऊपर की विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां जनपद के बेरोजगार युवाओं को इंटरव्यू के माध्यम से नौकरी देने हेतु आयेंगी। साथ ही उन्होने यह भी अनुरोध किया कि जनपद के सभी निजी क्षेत्र से जुड़े हुए उद्योगपति एवं बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान जिनको भी अपने यहां कुशल व अकुशल श्रमिक अथवा कार्मिकों की आवश्यकता हो, वह अपनी रिक्तियों के साथ इस वृहद रोजगार मेला में नौकरी देने हेतु प्रतिभाग कर सकते हैं।

### हरैया पुलिस की लापरवाही से साइकिलचोरों का आतंक से जानता परेशान



**बस्ती।** जिले केहरैया थाना क्षेत्र में इन दिनों साइकिल चोर गिरोह सक्रिय होता दिखाई दे रहा है। ताज़ा मामला सुपरनोवा टेक्निकल इंस्टिट्यूट हरैया का है जहां से एक अज्ञात चोर सीसीटीवी कैमरे में साइकिल चोरी करते हुए साफ नजर आ रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि आरोपी बेखौफ अंदाज में साइकिल लेकर मौके से रफू चक्कर...। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी थाना क्षेत्र के महाराजगंज हनुमानगढ़ी मंदिर के पास से एक साइकिल चोरी की घटना सामने आई थी, जहां चोर वारदात को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गया था। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत और नाराजगी का माहौल. आम जनमानस साइकिल चोरों से परेशान है कोतवाली हरैया के कोतवाल चोरी रोकने में नाकाम साबित हो रहे हैं चोरी का मुख्य कारण है नशे के लत में पढ़ने वाले चोरों का शाम को नशा करने के लिए रुपया चाहिए इसलिए चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है हरैया पुलिस नशा कारोबारों पर शिकंजा कसने में नाकाम है स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है ताकि ऐसी घटनाओं पर जल्द अंकुश लगाया जा सके। पुलिस अगस्त की लापरवाही से चोर सक्रिय नजर आ रहे हैं इन पर कब होगी कार्रवाई जिससे जनता राहत की सांस ले।

### थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती में आगामी त्यौहार होली व रमजान के दृष्टीगत आहूत की गई शान्ति समिति की बैठक



**बस्ती।** बस्ती जिलेपुलिस अधीक्षक जनपद बस्ती डा0 यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती श्यामकांत के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सदर जनपद बस्ती सत्येन्द्र भूषण तिवारी के अध्यक्षता में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज जनपद बस्ती शशांक कुमार सिंह द्वारा आगामी होलिका दहन, होली और ईद के त्यौहार के परिपेक्ष में थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आहूत की गई। इस गोष्ठी में थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों ने सहभागिता किया और अपने-अपने विचार रखे। थानाध्यक्ष वाल्टरगंज द्वारा क्षेत्र में इन त्योहारों के मद्देनजर समस्याओं की जानकारी ली गई तथा अन्य सुझाव भी आमंत्रित किए गए। इस संबंध में कोई उल्लेखनीय बात प्रकाश में नहीं आई। क्षेत्राधिकारी सदर जनपद बस्ती द्वारा नागरिकों से अपने आसपास महिलाओं, बच्चों या बड़े बुजुर्गों के प्रति हो रहे किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी संज्ञान में आने पर देने का सुझाव दिया गया और बताया गया कि सूचनाकर्ता के नाम और उनकी पहचान गोपनीय रखी जाएगी, लेकिन सूचना की अनिवार्यता इसलिए है, ताकि इन लोगों के विरुद्ध हो रहे किसी भी तरह के अपराधों को रोका जा सके। व सभी लोगों से शांतिपूर्वक और सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाये जाने की अपील की गई।

# अम्बेडकर नगर में तिलक समारोह से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, कार में जबरन बैठाने की कोशिश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अम्बेडकर नगर/महरुआ।** जिले के महरुआ थाना क्षेत्र में तिलक समारोह से लौट रहे एक युवक पर कथित रूप से घात लगाकर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि हमलावरों ने लाठी-डंडों से पिटाई करने के साथ ही उसे जबरन कार में बैठाने की कोशिश की। पीड़ित किसी तरह जान बचाकर वहां से निकल सका। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम माधवपुर (थाना व तहसील जयसिंहपुर) निवासी विशाल तिवारी पुत्र जगदम्बा प्रसाद तिवारी 19 फरवरी 2026 को अपने मित्रों शिवराज शर्मा, सदानन्द दूबे, अभिनव तिवारी और ओम सिंह के साथ ग्राम हीड़ी पकड़िया, थाना महरुआ, जिला अम्बेडकर नगर में सौरभ पाण्डेय के तिलक समारोह में शामिल होने गया था। शाम लगभग 4 बजे कार्यक्रम से लौटते समय वह आगनवाड़ी केन्द्र के पास दोस्तों से बातचीत कर रहा था। आरोप है कि तभी पहले से घात लगाए एक सफेद रंग की कार से शुभम तिवारी उर्फ रजत तिवारी (पुत्र शीतला प्रसाद तिवारी), शशिकान्त तिवारी उर्फ धीरज तिवारी (दोनों निवासी ग्राम हालापुर, थाना व तहसील जयसिंहपुर, जिला सुल्तानपुर) तथा एक अज्ञात व्यक्ति आ धमके।

पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उस पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में उसके सिर, पीठ और पैरों पर चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के दौरान हमलावर उसे घसीटते हुए जबरन कार में बैठाने का प्रयास कर रहे थे और वाहन में धकेलते समय भी प्रहार करते रहे। शोर-शराबा होने पर और प्रतिरोध के चलते पीड़ित किसी तरह हमलावरों के चंगुल से छूटकर अपनी जान बचाने में सफल रहा। घटना के बाद पीड़ित ने थाना महरुआ में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेकर मुक़दमा पंजीकृत कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों की तलाश की जा रही है तथा घटनास्थल के आसपास के साक्ष्य खंगाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## सीएचसी केंद्र माधोगढ़ का निरीक्षण कर विधायक ने परखी व्यवस्थाएं

**कोंच(जालौन)-** आमजन को सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का सुगमता के साथ लाभ मिलने के उद्देश्य से क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र माधोगढ़ का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी।

निरीक्षण के दौरान विधायक ने स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, दवाओं की उपलब्ध स्थिति, आवश्यक जांच मशीनों के संचालन की स्थिति, इमरजेंसी की व्यवस्था, साफ सफाई, बिजली पानी आदि की व्यवस्था जांची। विधायक ने मौजूद रोगियों एवं उनके तीमारदारों से वार्ता कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने केंद्र अधीक्षक सहित स्टॉफ सदस्यों से कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्रों को हर हाल में दिलाया जाए। स्वास्थ्य लाभ के लिए केंद्र पर आने वाले हर एक मरीज को त्वरित स्वास्थ्य लाभ दिया जाए।

## बैरहना में खलिहान की भूमि पर कब्जा प्रशासन की भूमिका दिख रही संदिग्धशिकायत पर कार्रवाई के लिए नही जुटा साहस

### ●दबंग कब्जेदारो से साठगांठ कर पहले खलिहान की जमीन पर कब्जा कराया जाता है फिर कार्यवाही का झूठा नाटक करके जनता को मूर्ख बनाया जाता है ।हरैया तहसील प्रशासन की कलई खुलती नजर आ रही है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले केहरैया तहसील क्षेत्र में सरकारी ज़मीन पर क़ब्ज़े को लेकर प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, खलिहान की भूमि पर दबंगों द्वारा कब्ज़ा किए जाने की शिकायत के बावजूद पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि राजस्व विभाग के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों की



शह पर पहले कब्ज़ा कराया जाता है और बाद में औपचारिक कार्रवाई का दिखावा कर जनता को भ्रमित किया जाता है। मामले में तहसील प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि संबंधित अधिकारी पूर्व में देवरिया जनपद में तैनाती के दौरान भी विवादों में रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीघ्र ही निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो वे उच्चाधिकारियों से शिकायत करेंगे। इस संबंध में जब तहसील प्रशासन से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो स्पष्ट जवाब नहीं मिल सका। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस मामले में क्या रुख अपनाता है और क्या राजस्व नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाता है।

# एक बार पुन हरैया थाना परिसर में लगाया गया जिंदाबाद मुर्दाबाद के नारे पुलिस मूकदर्शक बनी

### ●नगर पंचायत के एंबुलेंस चालक ने लगाया चेयरमैन पर मारने पीटने का आरोप* चालक के समर्थन में पहुंचे सैकड़ों लोग किया नारे बाजीकार्रवाई का आश्वासन देकर थानाध्यक्ष ने भेजा वापस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के स्थानीय हरैया नगर पंचायत के एंबुलेंस चालक वार्ड नंबर 5 पंडित दीनदयाल नगर निवासी करुणेश कुमार पांडेय पुत्र गोरखनाथ पाण्डेय ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर नगर पंचायत अध्यक्ष पर मारने पीटने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। चालक के समर्थन में गांव के सैकड़ो लोग पहुंच गए और थाने का घेराव किया। थानाध्यक्ष ने समझा बूझकर ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक तहसीलदार सिंह ने कहा कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल की जा रही है। जांचोपरांत उचित कार्यवाही की जाएगी।

आउटसोर्सिंग कर्मचारी करुणेश कुमार पांडेय ने पुलिस को देंगे तहरीर में आरोप लगाया है कि नगर पंचायत अध्यक्ष कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजू ने उन्हें सोमवार को अपने आवास पर बुलाया। चुनाव में वोट न देने तथा आवास वितरण में वसूली करने का आरोप लगाते हुए गाली गुप्ता देने लगे। आरोप है कि विरोध करने पर अध्यक्ष ने उन्हें लाठी डंडे और लात घुसे से मारपीटा। बताया कि उनके साथ गए कर्मचारियों को अध्यक्ष ने कमरे से बाहर कर दिया। आरोप यह भी है कि शोर मचाने पर उनके मुंह में पिस्टल डाल दिया। साथ ही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दिया। घटना की जानकारी होते ही कर्मचारी के गांव के सैकड़ो लोग पहुंच गए और नगर पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। थानाध्यक्ष ने समझा बूझाकर लोगों को शांत कराया और घर वापस भेजा।इस संबंध में सोशल मीडिया पर हुए एक पोस्ट में सफाई देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि एंबुलेंस चालक को आवास का प्रभारी बनाया गया है। एक सभासद के साथ मिलकर उन्होंने आवास देने के नाम पर रुपया वसूला है। अध्यक्ष ने कहा कि आवास के लिए उसी का सत्यापन किया जिसने घूस दिया था। बाकी सत्यापन ही नहीं किया। कर्मचारी ने उनके सामने स्वयं यह स्वीकार किया था कि 10 से 15 हजार ही उन्हें मिला है। बाकी पैसा किसके पास है उन्हें जानकारी नहीं है। रही बात मारने पीटने के आरोपी की तो वह असत्य व निराधार है। जब जरूरत पड़ेगी तो इसका सबूत पेश कर दिया जाएगा।

# फोरेक्स निवेश के नाम पर 23.90 लाख की ठगी, पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले में फोरेक्स एक्सचेंज में निवेश के नाम पर 23 लाख 90 हजार 550 रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित युवक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रौतापार ब्लाक रोड, गांधीनगर निवासी राकेश कुमार सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपियों ने उन्हें फोरेक्स एक्सचेंज का कोर्स कराने तथा ट्रेडिंग के जरिए कम समय में अधिक मुनाफा दिलाने




का भरोसा दिया था। झांसे में आकर उन्होंने अलग-अलग तिथियों में कुल 23 लाख 90 हजार 550 रुपये आरोपियों द्वारा बताए गए बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिए


पीड़ित का आरोप है कि जब उन्होंने अपने निवेश पर लाभ अथवा मूल धन वापस करने की मांग की, तो आरोपियों ने पहले टालमटोल की और बाद में साफ तौर पर पैसे लौटाने से इनकार कर दिया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गए। इस प्रकरण में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर राजू गौड़ निवासी ग्राम कोठवा थाना नगर तथा अभिषेक कुमार वर्मा निवासी वार्ड संख्या 17, पुराना डाकखाना थाना कोतवाली को नामजद किया है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक श्याम कांत ने बताया कि मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि निवेश के नाम पर तेजी से बढ़ रहे ऑनलाइन फ्रॉड के मामलों को गंभीरता से लिया जा रहा है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# अम्बेडकरनगर हत्याकांड: मुलायम, अजय और अजय सिपाही को आजीवन कारावास

### ●2016 के बहुचर्चित केस में अदालत का बड़ा फैसला,उम्रकैद, 10-10 हजार का जुर्माना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अंबेडकर नगर** – जनपद के महरुआ थाना क्षेत्र से जुड़े बहुचर्चित हत्याकांड मंशाराम में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वादी मुकदमा के भतीजे मंशाराम यादव की हत्या के मामले में दोषी पाए गए मुलायम यादव, अजय कुमार यादव और अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



मंगलवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के दौरान अभियुक्तगण जेल से तलब होकर न्यायालय में पेश हुए। बचाव पक्ष की ओर से दया की अपील करते हुए कम दंड दिए जाने की मांग की गई, जबकि अभियोजन पक्ष ने हत्या की गंभीरता और साक्ष्यों का हवाला देते हुए कठोरतम दंड की पैरवी की।

न्यायालय ने सत्र परीक्षण वाद संख्या 229/2016, अपराध संख्या 22/2016, थाना महरुआ में दर्ज मामले में तीनों अभियुक्तों को धारा 302/34 एवं 120-बी भादवि के तहत दोषी करार देते हुए प्रत्येक को आजीवन कारावास तथा 10-10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। इसके अतिरिक्त धारा 201 भादवि के तहत प्रत्येक को पांच वर्ष का साधारण कारावास एवं 5-5 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड न देने पर अतिरिक्त कारावास की व्यवस्था भी की गई है। अदालत ने अपने निर्णय में कहा कि प्रस्तुत साक्ष्यों और परिस्थितियों से स्पष्ट है कि अभियुक्तों ने हत्या कर शव को छिपाने का प्रयास किया, जिससे अपराध सिद्ध होता है। न्यायालय ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए कठोर दंड आवश्यक बताया। फैसले के बाद न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## यूजीसी के समर्थन में बहुजन एकता मंच का जोरदार प्रदर्शन, हजारों की संख्या में लोगों ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले मेंबहुजन एकता मंच के बैनर तले यूजीसी के समर्थन में व्यापक प्रदर्शन आयोजित किया गया। ओबीसी, एससी और एसटी समाज के लोगों ने एकजुट होकर अपनी मजबूती का परिचय दिया और शिक्षा में समानता तथा भेदभाव समाप्त करने की मांग को लेकर जोरदार तरीके से आवाज उठाई। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक न्याय और बराबरी के अधिकार को लेकर नारे गूंजते रहे। प्रदर्शन की शुरुआत जीआईसी ग्राउंड से हुई, जहां से हाथों में संविधान की प्रतियां लेकर जनसैलाब जिलाधिकारी कार्यालय की ओर कूच करता दिखाई दिया। हजारों की संख्या में शामिल लोगों ने यूजीसी एक्ट को पूर्ण रूप से लागू करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि शिक्षा के क्षेत्र में समान अवसर सुनिश्चित करना और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करना समय की मांग है। जिलाधिकारी बस्ती के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें स्पष्ट रूप से यूजीसी एक्ट को पूरी



तरह लागू करने और पिछड़े, दलित व वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि समान शिक्षा व्यवस्था ही समाज को सशक्त और संगठित बना सकती है। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश सचान, चौधरी बृजेश पटेल, बुद्ध प्रकाश, संदीप निषाद और सर्वेश चौधरी सहित मंच के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। चौधरी बृजेश पटेल ने कहा कि समान अधिकार और समान अवसर से ही समाज मजबूत होगा और सामाजिक संतुलन कायम रहेगा। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजकों ने सरकार से मांग की कि इस मुद्दे पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाए, ताकि सामाजिक न्याय की भावना को वास्तविक रूप दिया जा सके।

### बलरामपुर में लाइनमैन की पत्नी ने अवर अभियंता को पीटा, वीडियो वायरल होने से हड़कंप



**बलरामपुर ।** हरैया सतघरवा स्थित चौधरीडीह चौराहा पर उस समय अफरातफरी मच गई, जब लाइनमैन की पत्नी ने बिजली विभाग के अवर अभियंता की सरेआम पिटाई कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जेई अजीत कुमार सिंह ने थाना में तहरीर दी है।बताया जाता है कि अवर अभियंता के कार्य व्यवहार को लेकर क्षेत्र के लोगों मे काफी नाराजगी थी। कुछ माह पूर्व मणिपुर क्षेत्र में भी ग्रामीणों ने जेई को हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। बीते दिनों कुकुरभुकवा कैसरगंज चौराहा पर भी कथित रूप से जेई के साथ हाथापाई की घटना सामने आई थी, जिसमें कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था।फिलहाल, चौधरीडीह चौराहे पर महिला द्वारा जेई की पिटाई की घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि, घटना के पीछे के वास्तवित कारणों की पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि छानबीन की जा रही है।

## विधायक सुरेश पासी ने क्षेत्र को दिया विकास की एक और बड़ी सौगात

### ●18.56 करोड़ की लागत से महोना-जैनबगंज -किशनी मार्ग का होगा चौड़ीकरण

### 9.40 किमी सड़क से हजारों राहगीरों को मिलेगी राहत विकास की मुख्य धारा से जुड़ेंगे किसनी और दूधाधारी

### विधायक सुरेश पासी ने किया भूमि पूजन,अधिकतम 12 माह में निर्माण कार्य होगा पूरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**शुकुल बाजार अमेठी।** 184 विधानसभा क्षेत्र जगदीशपुर में विकास की एक और बड़ी सौगात मिली है। महोना से जैनबगंज किशनी होते हुए दूधाधारी मार्ग तक जाने वाली सड़क का 18.56 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का विधिवत भूमि पूजन विधायक सुरेश पासी ने जैनबगंज कस्बे में मंत्रोच्चार और वैदिक रीति-रिवाजों के साथ किया।यह सड़क कुल 9.40 किलोमीटर लंबी है और इसके चौड़ीकरण के बाद क्षेत्र के हजारों राहगीरों, किसानों, व्यापारियों और विद्यार्थियों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी। वर्षों से संकरी और जर्जर स्थिति के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था, जिससे आए दिन जाम और दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी। भूमि पूजन के उपरांत आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत आधारभूत ढांचे से जोड़ना है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सड़क का निर्माण कार्य अधिकतम 12 महीनों में पूर्ण कर लिया जाएगा तथा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि यह मार्ग क्षेत्रीय विकास की रीढ़ साबित होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति देगा। सड़क चौड़ी होने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि आपातकालीन सेवाओं को भी तेज गति मिलेगी।

कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुशील कुमार मिश्रा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसकरन सिंह, डॉ. ओंकार नाथ सिंह, पत्रकार मनोज त्रिपाठी, जिला पंचायत सदस्य मोतीन अहमद, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हारुन खां, प्रधान इबरार उर्फ सोनू, प्रधान फारूक, प्रधान कमाल अब्बास, प्रधान संघ अध्यक्ष सतीश मिश्रा, प्रधान राजेश मिश्रा, प्रधान रमन तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि रविंद्र सिंह, हरखू मऊ प्रधान राकेश शर्मा, प्रधान भाई लाल, शुभम कसौधन, महेश दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।यह परियोजना क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है, जिससे आने वाले समय में जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

# घर से 500 मीटर दूर सड़क किनारे, पुलिया के बगल झाड़ियों में मिला युवक का शव

### ●परिजनों ने चार आरोपियों के खिलाफ दी नामजद तहरीर, तहरीर के आधार पर पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शुकुल बाजार,अमेठी।** जनपद के शुकुल बाजार कस्बे में मंगलवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का खून से लथपथ शव घर से महज करीब 500 मीटर दूर सड़क किनारे पुलिया के बगल झाड़ियों में बरामद हुआ। घटना बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के रहमतगढ़ पुलिया, इंटर कॉलेज रोड स्थित भारत गैस एजेंसी के पास की है। वारदात के बाद पूरे कस्बे में दहशत का माहौल है।मृतक की पहचान शाहिद पुत्र शरीफ, उम्र लगभग 23 वर्ष निवासी शुकुल बाजार के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार



शाहिद सोमवार देर रात घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। रातभर परिजन उसकी तलाश करते रहे। मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने सड़क किनारे झाड़ियों में शव पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र की घेराबंदी कर दी। घटनास्थल के निरीक्षण के दौरान युवक के गले और चेहरे पर धारदार हथियार से किए गए कई गहरे वार के निशान पाए गए। गले पर गंभीर कट के निशान से स्पष्ट है कि हमलावरों ने बेरहमी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम द्वारा मौके से साक्ष्य एकत्रित किया जा रहा हैं।आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा मृतक के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और हालिया संपर्कों की जांच की जा रही है।मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए परिजनों के तहरीर के आधार पर एफआईआर पंजीकृत करते हुएपंजीकृत अभियोग में नामजद चारों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की जा रही है तथा आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।घटना के बाद मृतक के परिजनों में आक्रोश है उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है और जल्द ही पूरे प्रकरण का विधिक खुलासा किया जाएगा।

## सड़क पर अतिक्रमण से परेशानी

**सिद्धार्थनगर-** उसका बाजार कस्बा के टैक्सी स्टैंड चौराहे पर सड़क पर कबाड़ आदि रख कर अतिक्रमण किया गया है। इससे राहगीरों को आवागमन में दिक्कत होती है। बड़े वाहनों के आने जाने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नागरिकों का कहना है की काफी समय से सड़क के दोनों तरफ कबाड़ रखकर अतिक्रमण किया गया है,जिससे लोगो को परेशानी होती है। कस्बा के लोगों ने प्रशासन से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

# संक्षिप्त खबरें

## शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे सड़क हादसे में युवक की मौत

**महराजगंज रायबरेली।** चंदापुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर के महाबलगंज गांव निवासी पवन कुमार उर्फ पप्पू 35 वर्ष की बीती रात सड़क हादसे में मौत हो गई। बाइक सवार पवन कुमार रायबरेली में अपनी भांजी के शादी समारोह में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। जानकारी के अनुसार, पवन कुमार को पूरे अवसेरी मजरे मोन स्थित पराग डेयरी के सामने एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल बाइक सवार युवक को लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पहुंचाया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाते समय बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दुखद घटना के बाद परिवार में मातम पसर गया है। मृतक की पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह व प्रधान डब्बू सिंह,एवम प्रधान प्रतिनिधि धर्मराज पासी ,बाबा राम केवल अनशनकारी पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और उन्हें सांत्वना दी।

## चंडीगढ़ में पूर्व प्रधान की बहू की निर्मम हत्या, शव पहुंचते ही गांव में मचा कोहराम

**अकेली पाकर पड़ोसी युवक ने किया हमला, धारदार हथियार और हथौड़े से वार कर उतारा मौत के घाट**

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के पूर्व प्रधान श्रीपाल पासी की बहू की दो दिन पहले चंडीगढ़ में निर्मम हत्या कर दी गई। सोमवार को जैसे ही मृतका का शव गांव पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतका के ससुर श्रीपाल पासी ने बताया कि उनके तीन बेटे हैं। बड़ा बेटा कुलदीप सेना में तैनात है, छोटा बेटा संदीप गांव में रहता है, जबकि मंझला बेटा प्रदीप चंडीगढ़ में परिवार के साथ रहकर काम करता था। घटना के समय प्रदीप काम पर गया हुआ था और दोनों बच्चे स्कूल में थे। घर पर सीमा (35) अकेली थी। इसी दौरान पड़ोस का एक युवक घर में घुस आया और महिला के साथ अश्लील हरकत करने की कोशिश की। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने धारदार हथियार और हथौड़े से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही पति प्रदीप घर पहुंचा। खून से लथपथ पत्नी को देख वह स्तब्ध रह गया। मृतका के एक बेटा और एक बेटी हैं। दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया। सोमवार को जब शव मुबारकपुर गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की आंखें नम हैं और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## स्वदेशी जागरण मंच का स्वावलंबन केन्द्र खोला गया

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के निराला नगर में स्वदेशी जागरण मंच की ओर से स्वावलम्बन केन्द्र की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में करीब 150 से अधिक युवक, व्यापारी और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। केन्द्र का उद्घाटन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अमित राजावत ने किया। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना स्वदेशी व्यवस्था से ही साकार होगा। स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा देना समय की मांग है। लघु उद्योग और स्वरोजगार को मजबूत करना जरूरी है। युवाओं को राष्ट्र निर्माण में आगे आना होगा। प्रांत संयोजक स्वदेशी जागरण मंच अमित सिंह वत्स ने युवाओं को उद्यमी बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नौकरी मांगने से बेहतर है नौकरी देने वाला बनना। स्वावलम्बन केन्द्र युवाओं को प्रशिक्षण देगा। उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। नए उद्यम शुरू करने में मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिला संयोजक डॉ. अनुभव श्रीवास्तव ने कहा कि यह केन्द्र स्थायी रोजगार परामर्श मंच की तरह काम करेगा। कौशल विकास पर जोर दिया जाएगा। आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय व्यापारियों को संगठित किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वरोजगार मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया। लोगों ने पहल की सराहना की। अंत में डॉ. अविनाश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन द्वारा वरिष्ठ पत्रकार स्व. विधि सिंह को श्रृद्धांजलि दी।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के जर्नलिस्ट प्रोटेक्शन एसोसिएशन (जेपीए) की मासिक बैठक दिनांक 22 फरवरी 2026 दिन रविवार को चिनहट क्षेत्र के शिवपुरी कॉलोनी स्थित प्रधान कार्यालय पर संपन्न हुई। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों और सदस्यों वरिष्ठ पत्रकार स्व. विधि सिंह को श्रृद्धांजलि दी गई। मासिक बैठक में समीक्षा के दौरान जेपीए अध्यक्ष विवेक सिंह ने बताया कि पत्रकारों के हित में जेपीए सतत कार्यरत है। प्रदेश में अगर किसी भी पत्रकार को कोई समस्या है तो जेपीए के पदाधिकारी उसका स्वतः संज्ञान लेकर उनकी हर संभव सहायता करने का प्रयास



किया जाता है। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ पत्रकार स्व. विधि सिंह को श्रृद्धांजलि दी गई और उनके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए कार्यो पर प्रकाश डाला गया। बैठक में संरक्षक सदस्य विवेक विश्व पाण्डेय, उपाध्यक्ष रवि जायसवाल, कोषाध्यक्ष नरसिंह नारायण पांडे, वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिंह एवं धानिश श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष सनी शाह, सह मीडिया प्रभारी सौरभ निगम, प्रचार मंत्री सैयद इकबाल, रोशनी सोनकर, पूर्णिमा सोनकर आदि पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहें, जिसमें आगामी होली पर होने वाले कार्यक्रम योजना पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

# चंद्रभानु में एल्युमिनाई मीट में ताजा हुई यादें।

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सीतापुर 22 फरवरी चन्द्र भानु गुप्त कृषि महाविद्यालय में एल्युमिनाई मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 32 वर्ष पुराने दोस्त गेट- टूगेदर के माध्यम से मिले और महाविद्यालय के दिनों की यादों को ताजा किया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी एवं प्रबंधक डॉ टीपी सिंह ने सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया। महाविद्यालय के प्रबंधतंत्र के सदस्यों को पौधा देखकर स्वागत किया गया तथा पूर्व छात्र- छात्राओं ने अपने अनुभव एवं विचार साझा किए,पुरातन सम्मेलन में रंगारंग कार्यक्रमों का आनंद लिया और साथ में भोजन किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार सिंह ने सभी पुरातन छात्रों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ फिदा हुसैन अंसारी ने पुराने दोस्तों से मिलने की खुशी को अवर्णनीय बताया और बताया कि श्रद्धेय भगवती सिंह जी द्वारा स्थापित किया गया महाविद्यालय पूरे भारत में जाना जाता है इसे अच्छा करने में सभी सहयोग करें । महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ टी पी सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के पुरातन छात्र के महाविद्यालय के गौरव को ऊंचा करने में मदद करे महाविद्यालय के विकास में समर्पण भाव से योगदान करें । रविवार को




महाविद्यालय में ये अद्भुत नजारा देखने को मिला।जहां एल्युमनाई मीट में गेट-टू-गेदर होकर सेलिब्रेशन किया गया। महाविद्यालय पुराने दोस्तों ने खूब ठहाके लगाए तथा एक-दूसरे को गले लगाया। महाविद्यालय के पुरातन छात्र आर सी गुप्ता ने बताया की इस महाविद्यालय का मैं छात्र रहा आज हमने अपनी कंपनी बनाई है मेरी कंपनी में बायोटेक्नोलॉजी,बायो पेस्टीसाइड, स्मार्ट बायो उर्वरक के उत्पाद बनाये जाते हैं और किसानों को कम दरों में उपलब्ध करायें जाते हैं । जिसमें हम महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को रोजगार दे रहे हैं। आस्ट्रेलिया में शिक्षक पद पर कार्यरत महाविद्यालय के पुरातन छात्र डॉ तुलसीराम भुसाल ने कहा की महाविद्यालय का शिक्षण कार्य बहुत बेहतर है इसका लाभ लेना चाहिए। महाविद्यालय के मिडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस महाविद्यालय का मैं पुरातन छात्र हूं आज इसी विधालय में शिक्षक हूं विधालय में 32 वर्ष से छात्र और शिक्षक के रूप में जुड़ा हूं। लगभग 7500 कृषि स्नातक एवं 900 परास्नातक कृषि छात्र- छात्राएं इस महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं जो पुरे भारत तथा विदेशों में सेवाएं दे रहे हैं। महाविद्यालय के हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षक राजनीति वैज्ञानिक और उद्यमी के रूप आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंध तंत्र के सदस्य अशोक सिंह व डॉ बैजनाथ रावत,जितेंद्र निगम प्रशासनिक अधिकारी शिवमंगल चौरसिया, समन्वयक अधिकारी अजय भदोरिया, डॉ हृदय नारायण तिवारी, डॉ सुधीर कुमार रघुवंशी सहित सभी शिक्षक कर्मचारी एवं महाविद्यालय के 150 से अधिक पुरातन छात्रो ने प्रतिभाग किया।

# कृषि महाविद्यालय में फिर लापरवाही के चलते परीक्षा टली

● परीक्षा के दौरान प्रथम वर्ष के विषय प्रश्न पत्र के बजाय बांट दिए द्वितीय वर्ष के विषय प्रश्न पत्र सिलेबस से इतर प्रश्न देख छात्र-छात्राओं में मची अफरा तफरी

● विश्वविद्यालय की जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर अब उठने लगे सवाल विश्वविद्यालय के जिम्मेदार मामले को लेकर परस्पर एक दूसरे के सिर फोड़ रहे ठीकरा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर अयोध्या-** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज में चल रही सेमेस्टर परीक्षा एक बार फिर कृषि महाविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लापरवाही की भेंट चढ़ गई। निर्धारित विषय प्रश्न पत्र की बजाय द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का प्रश्न पत्र देख परीक्षार्थी हैरान हो गए और कच्छ निरीक्षक से शिकायत की तब मामले में तूल पकड़ा।इसके बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन- फानन में प्रथम पाली की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि अभी उक्त विषय के परीक्षा का दूसरा कार्यक्रम नहीं जारी हो सका है। उधर दूसरी ओर इस भारी लापरवाही का ठीकरा विश्वविद्यालय के




रजिस्ट्रार सहित कृषि अधिष्ठाता तक परस्पर एक दूसरे को बताते हुए किनारा कस रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के अधीन कृषि महाविद्यालय अंतर्गत एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेंट प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की परीक्षा एबीएम-506 (Agriculture food and marketing- I )विषय की सुनिश्चित थी। किंतुपरीक्षा कच्छ में मौजूद छात्र-छात्राओं को एबीएम-507(Agriculture food and marketing- II) प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया।सेमेस्टर से अतिरिक्त प्रश्न देख छात्र-छात्राओं ने परीक्षा कक्षा में मौजूद शिक्षकों से शिकायत की। फिर क्या था विश्वविद्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। थक हारकर विश्वविद्यालय की जिम्मेदार अधिकारियों ने सोमवार की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि विश्वविद्यालय की ओर से अभी उक्त विषय के परीक्षा की दूसरी तिथि निर्धारित नहीं की गई है। उधर कृषि अधिष्ठाता डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रश्न पत्र व्यवस्था की जिम्मेदारी रजिस्टर की होती है। उधर दूसरी ओर विश्वविद्यालय के रजिस्टर डॉ पीएस परमानिक का कहना है किप्रश्न पत्र से कोई दिक्कत नहीं थी, केवल एक प्रोफेसर साहब डॉ महेंद्र सिंह के कहने पर परीक्षा टाली गई है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी लगातार हो रही लापरवाही एवं चूक की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। जिसके चलते छात्र-छात्राओं को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दो दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

# सरकारी स्कूल में बच्चों को कैद करने का मामला ,जांच करने पहुंचे बीएसए

● शिक्षा मित्र बोली-SC समुदाय से आती हूं इसलिए बनाया जा रहा निशान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सुल्तानपुर-** लंभुआ कोतवाली वैनी कंपोजिट विद्यालय में बच्चों को बंद करने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने सोमवार को लंभुआ क्षेत्र के वैनी (बेनी) कंपोजिट विद्यालय में हुए विवाद और वायरल वीडियो के मामले में निरिक्षण किया। इस मामले में रामा राजेश्वरी का कहना है कि 13 फ़रवरी को विद्यालय के कुछ शिक्षकों (अमित शांडिल्य, गुड़िया गुप्ता और गरिमा पांडेय) ने उनके कक्ष में घुसकर जबरन वीडियो बनाया और उनके साथ अभद्रता की। उन्होंने आरोप लगाया कि वे स्ट समुदाय से आती हैं, इसलिए उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उनके अनुसार, शिक्षकों ने उन्हें धमकाते हुए कहा, 'तुम्हारी 10 हजार की नौकरी चट कर जाएंगे।' उन्होंने इस मामले की लिखित



शिकायत BEO (खंड शिक्षा अधिकारी) और BS (जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी) से की थी। उनका आरोप है कि अधिकारियों ने उनकी मदद करने के बजाय उनके खिलाफ ही कार्रवाई की बात कही और उन पर 'राजनीति करने' का आरोप लगाया। बीएसए के अनुसार, प्राथमिक जांच में स्कूल स्टाफ, ग्राम प्रधान और अभिभावकों (SMC) के बीच आपसी तालमेल की कमी और निजी विवाद की बात सामने आई है, जिसका सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि प्रधानाध्यापिका या अन्य स्टाफ की लापरवाही सामने आती है, तो उनके खिलाफ कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।बीएसए ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी (BEO) को तत्काल विस्तृत जांच सौंप दी है। बता दें कि 13 फरवरी को एक वीडियो सामने आया था जिसमें प्रधानाध्यापिका प्रतिभा त्रिपाठी बच्चों को गेट के अंदर बंद करके बाहर जाती दिख रही हैं। वीडियो में बच्चे उनसे गेट खोलने का अनुरोध करते भी सुनाई दे रहे हैं। एक अन्य वीडियो में एक बाहरी व्यक्ति बच्चों की पिटाई करता नजर आ रहा है। हैरानी की बात यह है कि शिक्षामित्र उसे रोकने का प्रयास कर रही थी, लेकिन विद्यालय का अन्य स्टॉफ इस घटना को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहा है।

# एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**महराजगंज रायबरेली।** कस्बा स्थित डाक-बंगले के सभागार में ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी/निकाय के सदस्यों व प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नरायनपुर ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार को अपने बेटे का दाखिला प्राथमिक विद्यालय जुनिहा में कराए जाने के लिए सम्मानित किया गया। वही मोन ग्राम सभा के प्राथमिक विद्यालय जुगराजपुर में कायाकल्प के 19 पैरामीटर पूरे करने के लिए प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। सोमवार को आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला का बतौर मुख्यअतिथि चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके पश्चात् विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी वर्षा सिंह द्वारा संगोष्ठी के उद्देश्यों, डीबीटी, निपुण लक्ष्य व कायाकल्प योजना की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कार्यक्रम की रुपरेखा को स्पष्ट करते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों की व्यवस्था एवं शैक्षिक स्तर के उन्नयन हेतु कायाकल्प के 19 बिन्दुओं के संतृप्तिकरण के लिए मिशन प्रेरणा, निपुण भारत एवं दीक्षा जैसे कई कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चलाये जा रहे हैं। जिसमें कायाकल्प का कार्य ग्राम प्रधानों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रधानाध्यापक अपने ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित करते हुए कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय के अवशेष कार्यों को अति शीघ्र पूरा कराएं। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विनोद अवस्थी, मधुकर सिंह, एस आर जी राजवंत चौधरी, पूर्व एआरपी शिव बालक, मनीष सिंह, संजय कनौजिया, जयकरन समेत विकास खण्ड के ग्राम प्रधान व सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# खैराबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर संपन्न

●सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक का अच्छा इलाज हो:-डॉक्टर विजय कुमार सिंह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




सीतापुर स्थानीय जवाहरपुर शुगर मिल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर के आदेशानुपालन के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाद के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण संबंधी एक भव्य शिविर का आयोजन किया गया है जिसमें आर वी एस के टीम के द्वारा मरीजों का परीक्षण किया गया और उन्हें उचित परामर्श के अलावा दवाइयां भी दी गई। आर वी एस के टीम में डॉक्टर शिवानी टंडन, डॉक्टर विजय कुमार सिंह तथा जया तिवारी ने मरीजों की कायदे से जांच की और उचित परामर्श भी दिया गया। फैमिली काउंसलर श्रीमती फातमा के द्वारा एच आई वी, एड्स, और यौन सम्बन्धी बीमारियों के बारे में उचित जानकारी दी गई। स्वास्थ्य पर्यवेक्षण गीता सिंह व मीना कुमारी, के द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व की जांचें की गई, फैमिली काउंसलर गीता सिंह द्वारा परिवार नियोजन प्रदर्शनी का प्रचार प्रसार भी किया गया जबकि एल टी अमित कुमार के द्वारा टी बी, हेपेटाइटिस बी और सी तथा एच आई वी, मधुमेह की उचित जांचें की गई जिसमें जिला अस्पताल की टीम के द्वारा भी सहयोग किया गया जिसमें उदय प्रताप सिंह, नवीन चंद्र दीक्षित,और रजनीश कुमार वर्मा एवं संजीव कुमार आदि उपस्थित रहे। इस अवसर डॉक्टर विजय कार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को उचित चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए और उसका अच्छे से अच्छा इलाज हो सके जबकि डॉक्टर शिवानी टंडन ने कहा कि अक्सर महिलाएं अपनी बीमारियों को छिपा लेती हैं जिनसे उन्हें बाद में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है इस लिए चाहिए कि आप सभी जागरूक रहिए और समय रहते अच्छा और उचित इलाज करवाइए।इस अवसर पर कुल 93 रोगियों की जांच की गई जिसमें टी बी, हेपेटाइटिस बी , एच आई वी,शुगर तथा ए एन सी के 93 मरीज़ देखे गए।

# सुल्तानपुर में 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म का विरोध

●यादव समाज ने राष्ट्रपति को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




सुल्तानपुर में 'यादव जी की लव स्टोरी' फिल्म के विरोध में यादव समाज ने प्रदर्शन किया। सोमवार को कलेक्ट्रेट पर इकठ्ठा होकर समाज के लोगों ने राष्ट्रपति को संबोधित एक मांगपत्र सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। समाज ने प्रस्तावित फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' पर गंभीर आपत्ति जताई है। उनका मानना है कि फिल्म में ऐसे दृश्य या संवाद हो सकते हैं जो सामाजिक और सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुँचा सकते हैं, जिससे समाज में वैमनस्य या अशांति फैलने की आशंका है। समाज का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह भारतीय कानूनों और सामाजिक मर्यादाओं के दायरे में होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित प्राधिकरणों से फिल्म की सामग्री की निष्पक्ष और विस्तृत समीक्षा कराने की मांग की है। यदि कोई आपत्तिजनक अंश पाया जाता है, तो उसके प्रसारण या प्रदर्शन पर रोक लगाने की अपील की गई है। इस संबंध में सुरेश कुमार यादव (भजन प्रधान) ने मीडिया को बताया कि मनोरंजन के नाम पर जातिगत टिप्पणियाँ और फिल्मों के ऐसे नाम समाज में वैमनस्य बढ़ाते हैं। उन्होंने 'घूसखोर पंडित' और 'यादव जी की लव स्टोरी' जैसे शीर्षकों पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की। प्रदर्शनकारियों ने फिल्म के नाम और उसकी सामग्री पर सवाल उठाए हैं। यादव ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म में समाज की भावनाओं को आहत करने वाला कोई भी अंश पाया जाता है, तो वे सुल्तानपुर में फिल्म का प्रदर्शन नहीं होने देंगे। सुरेश यादव ने सेंसर बोर्ड की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी फिल्में बोर्ड की मिलीभगत के बिना पास नहीं हो सकतीं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनकी माँगें नहीं मानी गईं और आपत्तिजनक अंश नहीं हटाए गए, तो यादव समाज सड़क जाम, पुतला दहन और सिनेमाघरों के विरोध जैसे कदम उठाने को मजबूर होगा। यादव ने जानकारी दी कि फिल्म के निर्माता और निर्देशक संदीप तोमर तथा अंकित बढ़ाना के खिलाफ अन्य स्थानों पर भी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। उन्होंने सुल्तानपुर में भी इसी तरह की कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

# नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित नहीं रहेगा: नगर पंचायत अध्यक्ष

●शीघ्र जाम की समस्या से लंभुआ वासियों को मिलेगा निजात

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लंभुआ। सुलतानपुर** लंभुआ नगर पंचायत कार्यालय पर पत्रकार वार्ता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष अवनीश कुमार उर्फ अंगद सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित न हो, ऐसा मेरा पूरा प्रयास है। कुछ लोग चाहते हैं कि जिनको आवास मिले हुए हैं और वह घर भी बनवाना शुरू कर दिए हैं। उनका आवास निरस्त हो जाए और उन्हें पैसे वापस करने पड़ जाएं। हम पूरे नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर जानकारी हासिल कर रहे हैं, तहसील प्रशासन ने लेखपालों को लगाया हुआ है, लेखपाल रिपोर्ट तैयार कर रहे हैं। हमारा पूरा प्रयास रहेगा की नगर पंचायत क्षेत्र में कोई भी पात्र आवास पाने से वंचित न रह जाए। कहा कि अगर कोई सभासद या कोई कर्मचारी या कोई व्यक्ति आवास के नाम पर पैसा वसूलता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या से शीघ्र नगर पंचायत वासियों को मुक्ति मिलेगी, उसके लिए जमीन चिन्हित की जा रही है, वहां पर सब्जी मंडी हो जाएगी। टैक्सी स्टैंड के लिए भी प्रयास किया जा रहा है। उसके बाद जाम की स्थिति समाप्त हो जाएगी। नगर पंचायत अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में जो भी सूखे पेड़ हैं और सड़क के किनारे हैं, जिनके गिरने से कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है, उसकी सूचना हमें उपलब्ध करवाएं। हम विभाग को पत्र लिखकर उसे शीघ्रता के साथ कटवाएंगे। उन्होंने कहा कि नाले का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है, आने वाली बरसात में पानी निकासी की समस्या समाप्त हो जाएगी। क्योंकि लंभुआ में जल निकासी की समस्या सबसे बड़ी समस्या थी। नगर पंचायत अध्यक्ष ने पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब के निर्माण के लिए शीघ्र जमीन उपलब्ध कराने का आश्वाशन दिया।

# शिक्षकों ने काली पट्टी बांध कर टेट अनिवार्यता का जताया विरोध

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुरैनिहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार ब्लाक कार्य समिति एवं ब्लाक संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राघवेन्द्र नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में टेट अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने बैठककर जोरदार विरोध जताया है। क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरैनिहा की में बैठक में उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा शिक्षकों को टेट परीक्षा अनिवार्य किए जाने को लेकर शिक्षण कार्य में काली पट्टी बांध कर शिक्षकों द्वारा विरोध किया गया है। बैठक में चार मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि 22 फरवरी को ट्विटर अभियान एवं 23 फरवरी से 25 फरवरी तक शिक्षक दाहिने हाथ में काली पट्टी बांध कर टेट अनिवार्यता का विरोध तथा 26 फरवरी को जिलास्तरीय धरना प्रदर्शन तथा मार्च में तीन सप्ताह दिल्ली धरना प्रदर्शन किया जायेगा। बैठक में शिक्षक चन्द्रभान प्रसाद, उमेश चन्द्र यादव, सूर्यभान उपाध्याय, शत्रुघ्न, पब्बर यादव, कृष्ण पाल सिंह चौधरी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# साहित्य का सत्य, समाज की नैतिक चिंता है

**शुद्ध,जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना।**

साहित्यिक रचनाएं सभी जगह एक और साहित्य सत्य की साधना शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना हैद्य शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस में संचारित करता आ रहा है और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती हैद्य राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान हैद्य यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को 'जीवन की आलोचना' भी कहा है।

साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। साहित्य सदैव सामाजिक प्रक्रिया के आर्थिक राजनीतिक और समकालीन विचारधारा से बहुत ज्यादा प्रभावित रहा है। उनको प्रभावित भी करता है। इस तरह साहित्य संस्कृति के परिपेक्ष में देश कालिक होता है। शाहिद आदर्शवादी हो या आशावादी इस संदर्भ में अलग-अलग विद्वानों के अलग-अलग मत हैं। इस जीवन की आपाधापी में जहां निराशा कुंठा और समाजिक अंधविश्वास का भ्रम फैला है। वहां आशावादी दृष्टिकोण साहित्य के दायित्व को और गहरा बनाता है। इन दोनों बातों के समाधान के लिए जयशंकर प्रसाद की चंद पंक्तियां बहुत ही प्रासंगिक होगी कि 'जीवन की अभिव्यक्ति यथार्थवाद है और अभाव की पूर्ति आदर्शवाद। साहित्य की पूर्णता के लिए यथार्थवाद और आशावाद दोनों का समन्वित रूप होना चाहिए ', वास्तव में संस्कृति साहित्य के लिए एक प्रेरणा है ।और संस्कृति साहित्य पर समय और काल पर अवलंबित होती है। साहित्य और संस्कृति दूसरे एक दूसरे के निश्चित तौर पर पूरक हैं। वर्तमान संदर्भ में ज्यादा प्रासंगिक भी। आशा करते हैं कि हिंदी साहित्य वैश्विक फलक पर बहुत ही शीघ्र अपना परचम स्थापित करेगा।

**संजीव ठाकुर**

# कश्मीर से कोलकाता तमिलनाडु तक आतंक के तार

हाल ही में देश में एक बार फिर बड़ी आतंकी साजिश बेनकाब हुई है. पाकिस्तान आइएसआइ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों की शह पर बड़ी आतंकी साजिश रचने वाले 8 संदिग्धों को कल गिरफ्तार किया गया . उनकी गिरफ्तारी को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। बीते दस दिनों में दिल्ली और कोलकाता के कई इलाकों में 'फ्री कश्मीर' और 'कश्मीर में जनसंहार बंद करो' जैसे पोस्टर लगाने की घटना के बाद शुरू हुई जांच अब एक अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क तक पहुंच गई है. इस पूरे ऑपरेशन में अब तक कुल 8 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है 6 तमिलनाडु से और 2 पश्चिम बंगाल से हैं। जांच एजेंसियों के अनुसार, पोस्टर लगाने की घटना के बाद संदिग्ध तुरंत दिल्ली और कोलकाता से निकलकर अपने-अपने ठिकानों पर लौट गए थे. इस मामले में सबसे पहले मालदा से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, जिनसे पूछताछ और मोबाइल डेटा एनालिसिस के आधार पर तमिलनाडु में सक्रिय मॉड्यूल का पता चला. इसके बाद तिरुप्पुर जिले के उथुकुली (2), पल्लडम (3) और तिरुमुरुगनपूंडी (1) स्थित गारमेंट यूनिट्स पर छापेमारी करते हुए छह और आरोपियों को पकड़ा गया.तमिलनाडु से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मिजानुर रहमान, मोहम्मद शबत, उमर, मोहम्मद लितान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद उज्जल के रूप में हुई है. इनमें से अधिकांश के बारे में पता चला है कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं और भारत में फर्जी आधार कार्ड व नकली पहचान के जरिए रह रहे थे. सभी को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है.

जांच में सामने आया है कि इनका सीधा या परोक्ष संबंध पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ढ्स्ढ्ढ और बांग्लादेश के आतंकी संगठनों से था. कुछ संदिग्ध हाल ही में बांग्लादेश भी गए थे, जहां वे सक्रिय आतंकी नेटवर्क के संपर्क में आए.

सुरक्षा एजेंसियों ने कोलकाता में आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की गहरी पैठ और एक सुनियोजित साजिश का सनसनीखेज खुलासा किया है। खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी उमर फारूक ने कोलकाता महानगर को ही अपना मुख्य परिचालन केंद्र बना लिया था और वह लश्कर के एक सक्रिय हैंडलर के तौर पर काम कर रहा था। जांच में यह तथ्य सामने आया है कि उमर का संपर्क मार्च 2025 में कश्मीर निवासी सब्बिर अहमद लोन से हुआ था, जिसके बाद कोलकाता को दहलाने की खतरनाक साजिश की पटकथा लिखी गई। इस नेटवर्क ने सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देने के लिए न केवल हिंदू नामों का सहारा लिया, बल्कि शहर के अति-संवेदनशील धार्मिक स्थलों की रेकी कर उनके वीडियो सीमा पार अपने आकाओं को भेजे।खुफिया एजेंसियों के दावे के मुताबिक, हैंडलर सब्बिर के सीधे निर्देश पर उमर ने कोलकाता में एक किराए का मकान लिया था. जिसे साजिश को अंजाम देने के लिए सेफ हाउस के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। जांच में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि आतंकियों के निशाने पर चांदनी चौक इलाके के पास स्थित एक प्रमुख मंदिर था। उमर और उसके साथियों ने अपनी पहचान छिपाकर इस मंदिर की रेह ली और उसका विस्तृत वीडियो बनाकर कश्मीर मेंबैठे अपने हैंडलर को भेजा। माजिश का दायरा केवल रेकी तक सीमित नहीं था सुरक्षा बलों को पुख्ता इनपुट मिले हैंकि यह मॉड्यूल शहर में विस्फोटक और आधुनिक हथियार जुटाने की प्रक्रिया भी शुरू कर चुका था। दिसंबर 2024 से ही कोलकाता के विभिन्न हिस्सों में रेकी की जा रही थी और माहौल को अस्थिर करने के लिए देश विरोधी पोस्टर लगाने की भी योजना बनाई गई थी। उमर और उसके गिरोह नैखेची-समझी रणनीति के तहत हिंदू नामों का उपयोग किया ताकि स्थानीय लोगों और पुलिस की रडार से बचा जा सके।

खुफियाअधिकारियों का मानना है कि यदि समय रहते इस मॉड्यूल का पर्दाफाश नहीं होता, तो कोलकाता किसी बड़ी आतंकी त्रासदी का गवाह बन सकता था। फिलहाल, सुरक्षा एजेंसियां उम्र से मिली जानकारी के आधार पर इस नेटवर्क की अन्य कड़ियों को जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि महानगर में उन्हें स्थानीय स्तर पर औरकिन लोगों से रसद व अन्य सहायता मिल रही थी।एसटीएफ ने दूसरे के आधार कार्ड पर भारतीय सिम सक्रिय कर उनका ओटीपी पाकिस्तान भेजने बाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुर्शिदाबाद के बहारमपुर से पकड़ेगए आरोपी का नाम सुमन शेख है। वह पुणे में काम के दौरान पाकिस्तानी हैंडलरों के संपर्क में आया था। जांच में खुलासा हुधा है कि सुमन फर्जी आधार कार्ड के जरिए प्री-एक्टिवेटेड सिम खरीदता और उनके नंबर व व्हाट्सऐप ओटीपी सीमा पार भेज देता था। इसके बदले उसे क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान किया जाता था। इन सिम कार्डस का इस्तेमाल जासूसी या साइबर ठगी के लिए होने की आशंका है। पुलिस सूत्रों के मुताविक, इस नेटवर्क के पीछे पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ हो सकता है।

आपको पता रहे कि मालदा जिले के मानिकचक थाना अंतर्गत गोपालपुर ग्राम पंचायत के अशिनटोला गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा एजेंसियों ने लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रतिबंधित आतंकी संगठन से जुड़े होने के संदेह में उमर फारूक नामक युवक को गिरफ्तार किया। साठवीं कक्षा तक पढ़े इस युवक की गिरफ्तारी ने न केवल इलाके में सनसनी फैला दी है, बल्कि राज्य में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल्स की मौजूदगी को लेकर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे अधिक चौंकाने वाली बात उमर फारूक के परिवार के सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों में मौजूद भारी विरोधाभास है । उमर फारूक की मां ने अपने बयान में एक और बेटे की नासमझी का तर्क दिया है तो दूसरी ओर अनजाने में ही सही पर एक गंभीर संलिप्तता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि उमर पूरी तरह अशिक्षित है और उसे किसी भी संगठन की विचारधारा की समझ नहीं है। मां के अनुसार, संभव है कि पैसों के लालच में आकर उसने कुछ पोस्टर लगाए हों, लेकिन उसे यह बिल्कुल भी पता नहीं था कि वे पोस्टर किसी उग्रवादी संगठन के हैं। उन्होंने दावा किया कि उनका बेटा किसी भी प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधि में जानबूझकर शामिल नहीं हो सकता। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या यह कोलकाता में मजदूरी की आड़ में किसी आतंकी मॉड्यूल के लिए स्लीपर सेल के रूप में काम कर रहा था। अधिकारियों का मानना है कि परिवार के बयानों में यह अंतर किसी बड़ी सच्चाई को छिपाने की कोशिश भी हो सकता है। फिलहाल पूछताछ और तकनीकी साक्ष्यों के जरिए यह स्पष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है कि उमर की वास्तविक भूमिका क्या थी और वह किन लोगोंके निर्देश पर काम कर रहा था।

दरअसल इन पोस्टर्स का उद्देश्य सोशल नैरेटिव को प्रभावित करना और भारत में अस्थिरता पैदा करना था.जांच एजेंसियां अभी यह पता लगाने में जुटी हैं कि क्या इन आरोपियों का भारत के किसी स्थानीय मॉड्यूल या अन्य संगठनों से भी संपर्क था. शुरुआती इनपुट बताते हैं कि इस नेटवर्क में कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं, जिनकी तलाश जारी है. फिलहाल 8 संदिग्धों की गिरफ्तारी के साथ सुरक्षा एजेंसियां इसे भारत में सक्रिय एक बड़ी संगठित आतंकी साजिश का महत्वपूर्ण भंडाफोड़ मान रही हैं.वहीं सुरक्षा एजेंसियों को तमिलनाडु और कोलकाता में आतंकी के तार मिलने से हैरत है।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# होलाष्टक के आठ दिनों का आध्यात्मिक विज्ञान

होलाष्टक का काल भारतीय संस्कृति में केवल तिथियों का समूह नहीं हैए बल्कि यह समय के उस सूक्ष्म अंतराल का प्रतीक है जहाँ प्रकृतिए ग्रह.नक्षत्र और मानवीय चेतना एक विशिष्ट रूपांतरण से गुजरते हैं। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी से शुरू होकर पूर्णिमा तक चलने वाले ये आठ दिन जिन्हें हम होलाष्टक कहते हैंए वर्ष 2026 में 24 फरवरी से आरंभ होकर 3 मार्च तक अपनी व्याप्ति बनाए रखेंगे। इस अवधि को सामान्यतः शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना जाता हैए लेकिन यदि हम इसके आध्यात्मिकए ज्योतिषीय और वैज्ञानिक धरातल को गहराई से देखेंए तो यह वर्जना वास्तव में एक गहरी तैयारी और आंतरिक शुद्धि का निमंत्रण है। वैदिक ज्योतिष के अनुसारए इन आठ दिनों में सौरमंडल के आठ प्रमुख ग्रहकृचंद्रमाए सूर्यए मंगलए बुधए गुरुए शुक्रए शनि और राहुकृक्रमशः अपनी उग्र अवस्था में होते हैं। ग्रहों की यह उग्रता सीधे तौर पर मानव मस्तिष्क और उसकी निर्णय लेने की क्षमता को प्रभावित करती है। जब ब्रह्मांडीय ऊर्जाएं इतनी अस्थिर और प्रखर होंए तो किसी भी नए जीवन.प्रसंग जैसे विवाहए गृह.प्रवेश या व्यापारिक प्रतिष्ठान की नींव रखना जोखिम भरा माना जाता है क्योंकि अस्थिर नींव पर खड़ा भवन दीर्घजीवी नहीं होता।

अष्टमी तिथि को जब होलाष्टक का आरंभ होता हैए तब चंद्रमा अपनी चंचलता के चरम पर होता है। चंद्रमा मन का कारक हैए और इसकी उग्रता व्यक्ति के भीतर भावनाओं का ज्वार पैदा करती है। यही कारण है कि होलाष्टक के शुरुआती दिनों में लोग अक्सर बिना किसी ठोस कारण के बेचैनी या मानसिक भारीपन महसूस करते हैं। जैसे.जैसे दिन बीतते हैंए सूर्यए मंगल और शनि जैसे क्रूर ग्रहों का प्रभाव बढ़ता जाता हैए जिससे अहंकारए क्रोध और आलस्य की प्रवृत्तियां उभरने लगती हैं। पौराणिक संदर्भों में इस काल को प्रह्लाद की यातनाओं से जोड़कर देखा गया है। राक्षसराज हिरण्यकशिपु ने अपने ही पुत्र को भक्ति मार्ग से विचलित करने के लिए इन आठ दिनों में जो क्रूरतम प्रयास किएए वे मानवीय सीमाओं की परीक्षा थे। कभी प्रह्लाद को ऊँचे पर्वत से नीचे फेंका गयाए कभी विषधर सर्पों के बीच छोड़ा गया और कभी मतवाले हाथियों के पैरों तले कुचलवाने का प्रयास हुआ। यह कथा हमें यह सिखाती है कि जब बाहरी परिस्थितियां अत्यंत प्रतिकूल हों और चारों ओर नकारात्मक शक्तियों का घेरा होए तब केवल आंतरिक विश्वास और ईश्वर के प्रति अटूट समर्पण ही रक्षा कवच का कार्य करता है। प्रह्लाद की वह भक्ति आज के संदर्भ में हमारे श्आत्म.बलश् का प्रतीक है।

वैज्ञानिक दृष्टि से देखें तो होलाष्टक का समय ऋतु परिवर्तन का संधिकाल है। उत्तर भारत में शीत ऋतु विदा ले रही होती है और ग्रीष्म का आगमन पदचाप सुनाने लगता है। इस संक्रमण काल में वातावरण में नमी और तापमान का संतुलन बिगड़ता हैए जिससे सूक्ष्म जीवाणु और वायरस अत्यधिक सक्रिय हो जाते हैं। हमारे पूर्वजों ने इस समय को श्अशौचश् या संयम का समय इसलिए घोषित किया ताकि लोग भीड़भाड़ वाले आयोजनों से बचें और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। होलाष्टक के दौरान होलिका रोपण की परंपरा भी इसी वैज्ञानिक बोध का हिस्सा है। गाँव के चौराहे पर लकड़ियाँ और सूखी टहनियाँ एकत्र करना केवल एक रस्म नहींए बल्कि परिवेश की स्वच्छता का अभियान है। होलिका दहन के समय निकलने वाली अग्नि और उसमें डाली जाने वाली औषधियाँ जैसे कपूरए गूगल और लोबान वातावरण को विसंक्रमित करने का कार्य करती हैं। इस प्रकारए जो हमें धार्मिक निषेध दिखाई देता हैए उसके मूल में जन.स्वास्थ्य की गहरी चिंता छिपी हुई है। आधुनिक जीवनशैली में जहाँ तनाव और श्बर्नआउटश् एक महामारी का रूप ले चुके हैंए वहाँ होलाष्टक को एक श्कॉस्मिक डिटॉक्सश् या श्डिजिटल डिटॉक्सश् के रूप में अपनाया जाना चाहिए। आज के दौर में हम सूचनाओं के निरंतर बमबारी के बीच जी रहे हैंए जहाँ सोशल मीडिया और तकनीक ने हमारे एकांत को समाप्त कर दिया है। होलाष्टक के ये आठ दिन हमें ठहरने का संदेश देते हैं। चूँकि इन दिनों ग्रहों की स्थिति उग्र हैए इसलिए बाहरी दुनिया में विस्तार करने के बजाय अपने भीतर सिमटना अधिक श्रेयस्कर है। यह समय आत्म.निरीक्षण का है कि पिछले एक वर्ष में हमने कितनी ईर्ष्याए कितना द्वेष और कितना अहंकार अपने भीतर पाल लिया है। जैसे होलिका दहन में सूखी लकड़ियाँ जलाई जाती हैंए वैसे ही इन आठ दिनों के संयम से हमें अपने भीतर की नकारात्मकता को भस्म करने की तैयारी करनी चाहिए। ध्यान और मौन इस काल के सबसे प्रभावी अस्त्र हैं। जब हम मौन रहते हैंए तो हमारी ऊर्जा बाहर नष्ट होने के बजाय भीतर की ओर प्रवाहित होने लगती हैए जिससे हमारे तंत्रिका तंत्र को विश्राम मिलता है। ज्योतिष शास्त्र की सलाह है कि होलाष्टक के दौरान विशेष रूप से मेषए वृश्चिक और सिंह जैसी उग्र स्वभाव वाली राशियों को अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना चाहिए। मंगल का प्रभाव व्यक्ति को अकारण विवादों में धकेल सकता है। यदि हम इस अवधि में महामृत्युंजय मंत्र का जाप या हनुमान चालीसा का पाठ करते हैंए तो वह केवल धार्मिक क्रिया नहीं हैए बल्कि ध्वनियों का एक ऐसा विज्ञान है जो हमारे मस्तिष्क की तरंगों को शांत करता है। दान की परंपरा भी इसीलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि दान देने से श्अहंश् का विसर्जन होता है। जब हम अपनी प्रिय वस्तु या धन किसी जरूरतमंद को देते हैंए तो हमारे भीतर का श्मैंश् छोटा होता है और ब्रह्मांडीय करुणा का संचार होता है। होलाष्टक में काले तिलए वस्त्र और गुड़ का दान विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है क्योंकि ये चीजें शरीर में ऊर्जा के स्तर को बनाए रखने और शनि.मंगल जैसे ग्रहों के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने में सहायक होती हैं।

वर्ष 2026 का होलाष्टक विशेष इसलिए भी है क्योंकि यह एक ऐसे समय में आ रहा है जब दुनिया स्थिरता की तलाश में है। तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में मानवीय संवेदनाएं कहीं पीछे छूटती जा रही हैं। ऐसे में होलाष्टक की यह आठ दिवसीय साधना हमें पुनः जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी। 4 मार्च को जब हम रंगों की होली खेलेंगेए तो वह केवल बाहरी रंग नहीं होंगेए बल्कि वे हमारे भीतर की प्रसन्नता और शुद्धता के रंग होंगे। एक शुद्ध मन ही उत्सव का सच्चा पात्र होता है। जिस प्रकार सोना आग में तपकर कुंदन बनता हैए उसी प्रकार होलाष्टक की इस आठ दिनों की मर्यादित अग्नि में तपकर मनुष्य का व्यक्तित्व निखरता है। अंततःए होलाष्टक को केवल श्अशुभश् मानकर डरने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय मनीषा में कुछ भी पूर्णतः अशुभ नहीं होताय हर निषेध के पीछे एक सृजनात्मक उद्देश्य होता है। यह काल हमें सिखाता है कि उत्सव मनाने से पहले आत्म.शुद्धि अनिवार्य है। यदि पात्र गंदा हो तो उसमें अमृत भी विष बन जाता है। अतःए इन आठ दिनों को अपनी आदतों को सुधारनेए स्वास्थ्य के प्रति सचेत होने और अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा को संचित करने के अवसर के रूप में देखना चाहिए। जब हम इस दृष्टिकोण से होलाष्टक को जिएंगेए तो 2026 की होली हमारे जीवन में न केवल रंग लेकर आएगीए बल्कि एक नई चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करेगी। यह यात्रा उग्रता से शांति की ओरए विकार से शुद्धि की ओर और प्रह्लाद जैसी अडिग आस्था की ओर एक सफल प्रस्थान होगी।

**महेन्द्र तिवारी**

# संपादकीय

## राष्ट्र सुरक्षा का नवदर्शनः अब प्रतिक्रिया नहीं, पूर्वप्रहार

**[ सुरक्षा का सप्तसंकल्पः 'प्रहार' से सशक्त होता भारत ]**

**[ आतंक के विरुद्ध राष्ट्र की संगठित चेतनाः 'प्रहार' का उदय ]**

भारत ने 23 फरवरी 2026 को अपनी पहली व्यापक राष्ट्रीय आतंकवाद-रोधी नीति 'प्रहार' (PRAHAAR) के शुभारंभ के साथ सुरक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी कदम उठाया है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी आठ पृष्ठों वाले इस नीति दस्तावेज में केवल दशकों से चले आ रहे आतंकवाद विरोधी प्रयासों का औपचारिकीकरण नहीं किया गया है, बल्कि भविष्य में उभरते खतरों—जैसे साइबर हमले, ड्रोन का दुरुपयोग, क्रिप्टोकरेंसी के जरिए वित्त पोषण, और डार्क वेब पर रेडिकलाइजेशन—से निपटने के लिए ठोस और निर्णायक रणनीतियाँ भी प्रस्तुत की गई हैं। नीति में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि आतंकवाद का न तो कोई धर्म है, न कोई जाति, न कोई राष्ट्रीयता और न ही कोई सभ्यता। यह एक कृत्य है, जिसे किसी भी वैचारिक या धार्मिक औचित्य के साथ सही नहीं ठहराया जा सकता। केंद्र सरकार की यह नीति सामाजिक सद्भाव को बनाये रखते हुए सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाली दूरदर्शिता का प्रतीक है। 'प्रहार' शब्द का चयन स्वयं सरकार की अडिग इच्छाशक्ति और सक्रिय रणनीति की अभिव्यक्ति है। यह नीति केवल रक्षात्मक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रोएक्टिव और ख़ुफ़िया-आधारित अभियान संचालित करने की दिशा में स्पष्ट संकेत देती है। यह नीति सात अडिग स्तंभों की उस संगठित शक्ति पर खड़ी है, जिन्हें 'PRAHAAR' के अक्षरों में इस तरह संहिताबद्ध किया गया है कि हर अक्षर स्वयं एक रणनीतिक संकल्प बन जाता है।

इनमें पहला है प्रिवेंशन—आतंकवादी हमलों की पूर्वानुमानित रोकथाम, जो पूरी तरह से ख़ुफ़िया जानकारी और विश्लेषण पर आधारित होगी। दूसरा स्तंभ है रिस्पॉन्स—तेज़, संतुलित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने की क्षमता। तीसरा स्तंभ है एग्रीगेटिंग कैपेसिटीज़—सरकारी आंतरिक क्षमताओं का समन्वय और एकीकृत उपयोग। चौथा है ह्यूमन राइट्स और रूल ऑफ़ लॉ—सभी ऑपरेशंस में मानवाधिकारों और कानूनी ढांचे का कड़ाई से पालन। पांचवां स्तंभ है अटेन्यूएटिंग कंडीशन्स—वे सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ जिन्हें कम करके रेडिकलाइजेशन और आतंकवाद के बीजारोपण को रोका जा सके। छठा स्तंभ है अलाइनिंग इंटरनेशनल एफर्ट्स—वैश्विक सहयोग और साझेदारी के माध्यम से आतंकवादियों को वित्तीय संसाधनों, हथियारों की आपूर्ति और सुरक्षित पनाहगाहों से वंचित करना। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर समन्वित कार्रवाई और कूटनीतिक सक्रियता का स्पष्ट संकेत देता है। सातवां स्तंभ है रिकवरी और रिज़िलियंस—आतंकवादी घटनाओं से प्रभावित पीड़ितों की समुचित सहायता, समाज की सामूहिक मानसिक और सामाजिक मजबूती, तथा पुनर्निर्माण की प्रक्रिया को सर्वोच्च प्राथमिकता देना।

ये सातों स्तंभ सामूहिक रूप से भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को एक व्यवस्थित, समग्र और बहुआयामी ढांचा प्रदान करते हैं। यह केवल सिद्धांतों का संकलन नहीं, बल्कि एक सुसंगठित और क्रियान्वयन-केन्द्रित रणनीति का आधार है। पारंपरिक और सीमित रिएक्टिव सोच की परिधि से बाहर निकलते हुए यह नीति अब प्रिवेंटिव, प्रोएक्टिव और फ्यूचर-प्रूफ दृष्टिकोण को आत्मसात करती है, जो बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत की सुरक्षा प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ करता है। जहाँ पहले आतंकवाद को मुख्यतः सीमा-पार गतिविधियों तक सीमित समझा जाता था, वहीं 'प्रहार' अब जल, थल और आकाश—तीनों आयामों में उभरते खतरों की व्यापक पहचान करता है। यह नीति सुरक्षा की पारंपरिक परिभाषा से आगे बढ़कर बहु-स्तरीय और सर्वांगीण दृष्टिकोण अपनाती है। इसमें बिजली, रेलवे, एविएशन, पोर्ट्स, डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे महत्वपूर्ण आर्थिक एवं सामरिक क्षेत्रों के लिए मल्टी-लेयर सुरक्षा प्रावधानों को सुदृढ़ रूप से शामिल किया गया है, ताकि राष्ट्रीय अवसंरचना किसी भी प्रकार की आतंकी या विघटनकारी गतिविधि से सुरक्षित रह सके। साइबर और ड्रोन युग में, जब दुश्मन अदृश्य, डिजिटल और तकनीकी रूप से अत्याधुनिक हो चुका है, सरकार ने क्रिमिनल हैकर्स, नेशन-स्टेट एक्टर्स, डार्क वेब नेटवर्क, क्रिप्टोकरेंसी के माध्यम से होने वाली फंडिंग तथा सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर कठोर और निर्णायक कार्रवाई का स्पष्ट संकल्प व्यक्त किया है। 'प्रहार' की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता उसका समावेशी और सहभागी दृष्टिकोण है। यह नीति आतंकवाद को केवल सुरक्षा बलों की जिम्मेदारी नहीं मानती, बल्कि पूरे समाज को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करती है। स्कूल, कॉलेज, मीडिया संस्थान, सामुदायिक नेतृत्व और जागरूक नागरिक—सभी को रेडिकलाइजेशन की रोकथाम और सामाजिक समरसता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। नीति में स्पष्ट किया गया है कि अल-कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठनों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, किंतु किसी भी समुदाय को सामूहिक रूप से दोषी ठहराने की प्रवृत्ति को स्थान नहीं दिया जाएगा। यह संतुलित और संवेदनशील दृष्टिकोण सुरक्षा की कठोरता तथा सामाजिक सौहार्द—दोनों के बीच सार्थक सामंजस्य स्थापित करता है।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत अब आतंकवाद की स्पष्ट और सर्वमान्य परिभाषा, पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा तथा प्रभावी वैश्विक सहयोग के पक्ष में दृढ़ और सशक्त आवाज उठाएगा। यह नीति भारत की दशकों पुरानी, अनुभव-सिद्ध आतंकवाद विरोधी लड़ाई को न केवल संरचित और दस्तावेजीकृत स्वरूप देती है, बल्कि उसे निरंतर विकसित और अद्यतन रखने की दिशा भी सुनिश्चित करती है। सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह केवल रक्षात्मक रणनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि आवश्यक होने पर निर्णायक और प्रभावी प्रहार करने की क्षमता तथा अटूट इच्छाशक्ति भी रखती है। साइबर और ड्रोन जैसे उभरते खतरों पर विशेष फोकस, ख़ुफ़िया-आधारित रोकथाम की सुदृढ़ व्यवस्था, तथा 'होल-ऑफ-सोसाइटी' दृष्टिकोण भारत को 21वीं सदी के जटिल और बहुआयामी आतंकवाद के विरुद्ध अधिक सशक्त और सक्षम बनाते हैं।

'प्रहार' नीति एक स्पष्ट और ठोस संदेश देती है—भारत अब केवल घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं करेगा, बल्कि संभावित खतरों का पूर्वानुमान लगाकर समय रहते निर्णायक कार्रवाई करेगा। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, परंतु उसके विरुद्ध भारत की लड़ाई अब अधिक एकजुट, बुद्धिमत्तापूर्ण, रणनीतिक और अडिग होगी। केंद्र सरकार की यह पहल राष्ट्रीय सुरक्षा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का संकल्प प्रदर्शित करती है और भारत को वैश्विक स्तर पर आतंकवाद-रोधी रणनीतियों में अग्रणी राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होती है। यह नीति भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों के लिए एक मजबूत, दूरदर्शी, समग्र और दीर्घकालिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करती है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# प्रहार : आतंक के खिलाफ नई राष्ट्रीय ढाल, रोकथाम, समन्वय और तकनीकी सतर्कता पर आधारित व्यापक रणनीति

केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई पहली राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी नीति 'प्रहार' भारत की आंतरिक सुरक्षा रणनीति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर मानी जा रही है। आज़ादी के 78 वर्ष बाद एक समग्र, लिखित और स्पष्ट आतंकवाद विरोधी नीति का आना इस बात का संकेत है कि सरकार अब प्रतिक्रियात्मक नहीं बल्कि सक्रिय और पूर्व-निवारक दृष्टिकोण अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। लंबे समय से सुरक्षा विशेषज्ञ यह सवाल उठाते रहे थे कि जिस देश ने दशकों तक सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद, अलगाववाद और वैश्विक आतंकी नेटवर्क की चुनौतियों का सामना किया है, उसके पास एक औपचारिक राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी नीति क्यों नहीं है। अब 'प्रहार' के माध्यम से केंद्र ने इस कमी को दूर करने का प्रयास किया है। इस नीति का मूल आधार 'जीरो टॉलरेंस' यानी आतंकवाद के प्रति शून्य सहनशीलता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या समुदाय से नहीं जोड़ा जाएगा, बल्कि इसे केवल राष्ट्र-विरोधी हिंसक कृत्य के रूप में देखा जाएगा। यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि आतंकवाद की चुनौती केवल सुरक्षा का प्रश्न नहीं है, बल्कि सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय एकता से भी जुड़ी हुई है। जब नीति यह स्पष्ट करती है कि आतंकवाद किसी विशेष पहचान से संबद्ध नहीं है, तो वह कट्टरपंथ की जड़ों को कमजोर करने की दिशा में भी काम करती है। 'प्रहार' की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह हमले के बाद की कार्रवाई से अधिक हमले से पहले रोकथाम पर केंद्रित है। यह बदलाव बेहद महत्वपूर्ण है। पारंपरिक सुरक्षा मॉडल अक्सर किसी हमले के बाद जांच, गिरफ्तारी और दंड पर केंद्रित होते थे, लेकिन नई नीति में खुफिया तंत्र को सुदृढ़ कर संभावित हमलों को पहले ही विफल करने पर जोर दिया गया है। मल्टी एजेंसी सेंटर के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच सूचनाओं के आदान-प्रदान को तेज और प्रभावी बनाने का प्रयास इसी सोच का हिस्सा है। यदि विभिन्न एजेंसियों के पास मौजूद सूचनाएं समय रहते साझा हों और उन पर त्वरित कार्रवाई हो, तो कई बड़ी घटनाओं को रोका जा सकता है।

नीति में अल-कायदा और आइएसआइएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों से खतरे का उल्लेख यह दर्शाता है कि भारत अपनी सुरक्षा को केवल घरेलू संदर्भ में नहीं देख रहा, बल्कि वैश्विक परिप्रेक्ष्य में भी आकलन कर रहा है। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे संगठन डिजिटल माध्यमों से युवाओं को प्रभावित करने और उन्हें कट्टरपंथ की ओर धकेलने की रणनीति अपनाते रहे हैं। ऐसे में नीति का डिजिटल प्लेटफॉर्म, सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन, डार्क वेब और क्रिप्टोकरेंसी के दुरुपयोग पर ध्यान देना समय की मांग है। आज आतंकवाद केवल बंदूक और बम तक सीमित नहीं है; यह साइबर हमलों, ड्रोन तकनीक, फेक न्यूज और ऑनलाइन भर्ती के रूप में भी सामने आ रहा है।

ड्रोन हमलों और साइबर अटैक जैसी नई चुनौतियों का उल्लेख इस नीति को आधुनिक बनाता है। सीमाओं पर ड्रोन के माध्यम से हथियार और मादक पदार्थ गिराने की घटनाएं पिछले वर्षों में सामने आई हैं। साइबर हमलों के जरिए महत्वपूर्ण डिजिटल अवसंरचना को निशाना बनाया जा सकता है। रासायनिक, जैविक या परमाणु हमलों की आशंका भले ही कम हो, लेकिन उनका प्रभाव विनाशकारी हो सकता है। इसलिए नीति में इन सभी संभावित खतरों के प्रति तैयारी और सतर्कता पर जोर दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि 'प्रहार' केवल वर्तमान खतरों तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की चुनौतियों को भी ध्यान में रखती है।

आतंकी संगठनों और संगठित अपराध गिरोहों के गठजोड़ पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। कई बार आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन की व्यवस्था हवाला, मादक पदार्थों की तस्करी या अन्य आपराधिक गतिविधियों से की जाती है। यदि इन फंडिंग चैनलों को तोड़ा जाए और ओवरग्राउंड वर्कर्स के नेटवर्क को खत्म किया जाए, तो आतंकवाद की जड़ों को कमजोर किया जा सकता है। नीति में इस दिशा में कठोर कदम उठाने की बात कही गई है। इससे आतंकवाद के आर्थिक स्रोतों पर चोट पहुंचेगी।

केंद्र और राज्यों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। भारत जैसे संघीय ढांचे वाले देश में कानून-व्यवस्था मुख्यतः राज्य का विषय है, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा में केंद्र की भूमिका प्रमुख होती है। यदि दोनों स्तरों पर समन्वय में कमी हो, तो सुरक्षा व्यवस्था कमजोर पड़ सकती है। 'प्रहार' में राज्यों की एटीएस और आतंकवाद रोधी इकाइयों की क्षमता बढ़ाने, प्रशिक्षण, आधुनिकीकरण और तकनीकी संसाधनों के विस्तार पर जोर दिया गया है। इससे पूरे देश में एक समान और मजबूत आतंकवाद रोधी ढांचा तैयार किया जा सकेगा।

नीति में मानवाधिकारों और कानून के शासन को बनाए रखने की बात भी महत्वपूर्ण है। आतंकवाद से लड़ाई में कठोरता आवश्यक है, लेकिन कानून की सीमाओं के भीतर रहकर ही कार्रवाई होनी चाहिए। आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया और अपील का अधिकार देना लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करता है। इससे सुरक्षा और स्वतंत्रता के बीच संतुलन कायम रहता है। यह संदेश भी जाता है कि भारत आतंकवाद से लड़ते हुए भी अपने संवैधानिक सिद्धांतों से समझौता नहीं करेगा।

कट्टरपंथ को रोकने के लिए युवाओं की समय रहते पहचान और परामर्श की व्यवस्था, जेलों में उग्र विचारधारा के प्रसार को रोकने के उपाय तथा शिक्षा और रोजगार के माध्यम से सामाजिक कमजोरियों को दूर करने की सोच नीति को केवल सुरक्षा दस्तावेज नहीं, बल्कि सामाजिक सुधार का माध्यम भी बनाती है। यदि युवा कट्टरपंथ की ओर आकर्षित ही न हों, तो आतंकवादी संगठनों की भर्ती प्रक्रिया कमजोर पड़ जाएगी। इस दृष्टि से 'प्रहार' सामाजिक भागीदारी और पुनर्वास पर भी जोर देती है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोग की बात इस नीति को वैश्विक आयाम देती है। अन्य देशों के साथ सूचना साझा करना, प्रत्यर्पण समझौते और संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर आतंकियों को नामित करने के प्रयास भारत की कूटनीतिक सक्रियता को दर्शाते हैं। आतंकवाद आज सीमा-रहित चुनौती बन चुका है, इसलिए उसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है।

यदि पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो आतंकी हमलों और मौतों में कमी आई है। 2004-14 की तुलना में 2014-25 के बीच घटनाओं और हताहतों की संख्या में गिरावट दर्ज की गई है। यह प्रवृत्ति बताती है कि सुरक्षा तंत्र ने कुछ हद तक प्रभावी काम किया है। 'प्रहार' जैसी नीति इस कमी को और मजबूत कर सकती है, क्योंकि यह संरचनात्मक सुधार और दीर्घकालिक रणनीति पर आधारित है। कुल मिलाकर, 'प्रहार' केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि आतंकवाद के विरुद्ध भारत की समग्र सोच का प्रतिबिंब है। इसमें सुरक्षा, तकनीक, सामाजिक जागरूकता, कानूनी संतुलन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का समावेश है। यदि इसे प्रभावी ढंग से लागू किया गया, केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच वास्तविक समन्वय स्थापित हुआ, और समाज की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई, तो निश्चित रूप से आतंकवाद की घटनाओं में और कमी लाई जा सकती है। यह नीति भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के साथ-साथ युवाओं को भटकाव से बचाने और राष्ट्र को स्थिर, सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### होली और रमजान को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**सहजनवां गोरखपुर-** सहजनवां क्षेत्र में होली और रमजान पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सहजनवां थाने पर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्राधिकारी गीडा अरुण कुमार एस ने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति त्योहारों में खलल डालने या माहौल खराब करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की। उपजिलाधिकारी सहजनवां केशरी नंदन त्रिपाठी ने कहा कि इस समय स्कूली बच्चों की परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं, इसलिए निर्धारित मानकों के विपरीत तेज आवाज में डीजे या ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान थानेदार सहजनवां महेश कुमार चौबे उपनिरीक्षक सुरेश यादव,उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार,उपनिरीक्षक देवेंद्र दुबे उपनिरीक्षक राकेश सिंह,उपनिरीक्षक अरविंद कुमार सिंह सहित अनेक लोग मौजूद थे।

### वैवाहिक बंधन में बंधे 76 हिन्दू व 4 मुस्लिम जोड़े



**-मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह**

**रूद्रपुर, देवरिया।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जनपद देवरिया में मंगलवार को खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर के कार्यालय परिसर में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 80 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।जिसमें 76 हिंदू जोड़ों का विधिवत विवाह तथा 4 मुस्लिम जोड़ों का निकाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जयप्रकाश निषाद विधायक, रुद्रपुर उपस्थित रहे। जबकि ब्लाक प्रमुख ऊषा पासवान विशिष्ट अतिथि रहीं। इसके अतिरिक्त ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामसुधारे पासवान,कौशल किशोर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री रमाशंकर निषाद, तहसीलदार रुद्रपुर चन्द्रशेखर वर्मा, सुलह अधिकारी फणिन्द्र नाथ पाण्डेय, भाजपा नेता सुनिल निषाद, मंडल अध्यक्ष ऋषि कुमार सिंह, दिलीप जायसवाल, जितेन्द्र गुप्ता सहित शहर के कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विधायक जयप्रकाश निषाद ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। उपस्थित अधिकारियों ने भी नवदम्पतियों को शुभकामनाएं दीं।

### परीक्षा के दौरान कॉलेज के बाहर खड़ी बाइकों से मोबाइल पार, छात्रों में रोष

**टिकरी।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के मधवापुर गांव स्थित कन्हैया बक्श इंटर कॉलेज में प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान कॉलेज परिसर के बाहर खड़ी छात्रों की बाइकों की डिक्की से अज्ञात चोरों ने मोबाइल फोन पार कर दिए। घटना की जानकारी होने पर छात्रों में हड़कंप मच गया। पीड़ित छात्रों ने वजीरगंज थाने पहुंचकर शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। तहरीर देने वालों में शनि (भीखमपुर), शिवम यादव (शाहपुर फिदाईपुर), अंकित (भीखमपुर), शनि यादव (कोल्हमपुर), प्रिन्स यादव (कोल्हमपुर), आनंद कनौजिया (टिकरी) व शगीर अंसारी (शाहपुर) शामिल हैं। बताया गया कि कोल्हमपुर स्थित महंत श्याम बिहारी दास इंटर कॉलेज से परीक्षा केंद्र कन्हैया बक्श इंटर कॉलेज, मधवापुर (टिकरी) गया था। परीक्षा के दौरान सभी छात्र अपनी-अपनी बाइक बाहर खड़ी कर परीक्षा देने अंदर चले गए थे। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने बाइकों की डिक्की खोलकर उसमें रखे मोबाइल फोन निकाल लिए। इस संबंध में थानाध्यक्ष विपुल पांडे ने दूरभाष पर बताया कि छात्रों के मोबाइल नंबर सर्विलांस पर लगा दिए गए हैं। जल्द ही मामले का खुलासा कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना से छात्रों और अभिभावकों में रोष व्याप्त है तथा कॉलेज परिसर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

# गगहा में पंचायत चुनाव के पहले सियासी घमासान, शिवदयाल गुप्ता पर साजिश के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर-** जनपद के गगहा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक भूमि विवाद ने पंचायत चुनाव से पहले राजनीतिक रंग ले लिया है। गगहा निवासी शिवाजी चंद ने आरोप लगाया है कि उनकी विधिवत खरीदी गई जमीन को बेवजह विवादित कर उनकी राजनीतिक छवि धूमिल करने की साजिश रची जा रही है। शिवाजी चंद के अनुसार उन्होंने वर्ष 2004 तथा 2014 में तारकेश्वर गुप्ता एवं उनके वारिसानों से आराजी संख्या 762 व 821, मौजा माझ्या तप्पा अठैसी, परगना घुरियापार, तहसील बांसगांव, जिला गोरखपुर स्थित भूमि का विधिवत रजिस्ट्री बैनामा कराया था। बैनामे के उपरांत वे उक्त भूमि पर दाखिल-खारिज होकर कब्जे में हैं। उनका कहना है कि संबंधित भूमि से शिवदयाल गुप्ता का कोई वैधानिक संबंध नहीं है, फिर भी वे लगातार आपत्ति और विरोध दर्ज कर विवाद खड़ा कर रहे हैं।



प्रार्थी का आरोप है कि पंचायत चुनाव को देखते हुए विरोधी पक्ष सुनियोजित तरीके से उनकी राजनीतिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि नामांतरण के संबंध में वर्ष 2025 में तहसीलदार बांसगांव की अदालत में प्रार्थना पत्र भी प्रस्तुत किया जा चुका है, जहां मामला विचाराधीन है।

शिवाजी चंद ने यह भी आरोप लगाया कि 30 जनवरी 2026 को उन्हें कथित रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसके संबंध में थाना गगहा में मुकदमा अपराध संख्या 0034/2025 धारा 351(3), 126(2) बीएनएस के तहत दर्ज है। उनका कहना है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद विरोधी पक्ष और अधिक आक्रामक हो गया है तथा विभिन्न स्तरों पर शिकायतें कर दबाव बनाने की कोशिश की जा रही है। बताया गया है कि 21 फरवरी 2026 को प्रार्थी ने रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से जिले के अधिकारियों सहित प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी पूरे प्रकरण से अवगत कराया है। उनका कहना है कि शिवदयाल गुप्ता द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार और मनगढ़ंत हैं तथा मामला न्यायालय में लंबित होने के कारण अंतिम निर्णय का इंतजार किया जाना चाहिए। शिवाजी चंद ने कहा कि वे न्यायालय और कानून पर पूर्ण विश्वास रखते हैं तथा अनावश्यक विवाद से बचते हुए न्यायिक प्रक्रिया का सम्मान करेंगे। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग की है, ताकि चुनावी माहौल में शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी की राजनीतिक छवि को दुर्भावनावश नुकसान न पहुंचाया जा रहा है ।

### छात्रा के साथ छेड़छाड़ को लेकर दो पक्ष स्कूल कैम्पस में भिड़े

**सहजनवां गोरखपुर-** सहजनवां थाना क्षेत्र के एक गांव के पास स्थित एक निजी विद्यालय में पढ़ रही कक्षा 7 की छात्राओं के साथ छेड़छाड़ को लेकर दो गुट विद्यालय कैंपस में भीड़ गए। जिसमें पांच छात्र भी घायल हो गए थे। छात्रा के परिजन का आरोप था कि बेटी कक्षा 7 में पढ़ती है। उसके साथ एक रिश्तेदार की लड़की भी पढ़ने जाती है। स्कूल और स्कूल के बाहर छात्राओं के निकलने पर स्कूल में पढ़ने वाले शोहदे उसके साथ छेड़छाड़ करते थे। जिसकी जानकारी छात्रा ने अपने भाई को दिया। भाई मंगलवार को सुबह 10 बजे के करीब स्कूल कैंपस में पहुंचा और आरोपी छात्रों को समझाने की कोशिश किया तो दोनों पक्षों में झड़प शुरू हो गई। जिसमें पांच छात्रों के घायल होने की जानकारी मिली है। स्कूल के प्रधानाचार्य ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दिया है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि प्रधानाचार्य की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

# जमीन बैनामा कराने के नाम पर 3.69 लाख रुपए की जालसाजी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवां** - गीडा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी एक व्यक्ति से सहजनवां थाना क्षेत्र के पुंडा निवासी एक जालसाज ने जमीन बैनामा कराने के नाम पर 3.69 लाख रुपया हड़प कर फरार हो गया है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार गीडा थाना क्षेत्र के जगदीशपुर निवासी सुजीत उपाध्याय के भाई शिव प्रकाश उपाध्याय का पुंडा निवासी एक व्यक्ति से संबंध था। जालसाज ने उन्हें झांसे में लेकर नगर पंचायत सहजनवां वार्ड 15 लूचूई में जमीन दिलाने का वादा किया। जालसाज ने लेजाकर जमीन दिखाई और उस जमीन को देखने के बाद पसंद आ गया। तो जालसाज ने एडवांस देने की बात कही। पीड़ित झांसे में आकर बैंक के माध्यम से 1.49 लाख रुपए खाते में भेजा तथा उसने अपने मित्र के खाते




में 5 हजार रुपया और 14920 रुपए भेजवाया। और पीड़ित 2 लाख रुपया कई किस्तों में दिया। रकम लेने के बाद जालसाज ने कहा कि शेष रकम की व्यवस्था कर ले जमीन को बैनामा करा देगे। 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी बैनामा नहीं करा सका। जब दिया गया रकम मांगा तो वह गाली गुप्ता मारने पीटने तथा जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दे दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में थानेदार महेश कुमार चौबे ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

# गोरखपुर रहस्यमय परिस्थितियों में फंदे से लटकी मिली नवविवाहिता, बेलघाट क्षेत्र में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला- गोरखपुर-** जनपद के बेलघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा मीरपुर के राजस्व ग्राम तिवारीपुर में मंगलवार सुबह एक नवविवाहिता का शव घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर साक्ष्य संकलित किए। बाद में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। मृतका की पहचान 25 वर्षीय अंकिता तिवारी के रूप में हुई है। उसकी शादी लगभग एक वर्ष पूर्व 28 वर्षीय आदित्य तिवारी से हुई थी। परिजनों के अनुसार आदित्य तिवारी महराजगंज जनपद में शिक्षा विभाग में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। घटना के संबंध में बताया गया कि सोमवार की शाम अंकिता ने परिवार के सदस्यों–सास, जेठ व



जेठानी के बच्चों–के साथ भोजन किया था। इसके बाद सभी अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। अंकिता का कमरा पहली मंजिल पर स्थित था। परिवारजनों का कहना है कि अंकिता प्रायः भोर में सबसे पहले जाग जाती थी और पूजा के लिए नीचे आती थी। मंगलवार सुबह जब वह काफी देर तक नीचे नहीं आई तो जेठानी उसे देखने पहली मंजिल पर गई। बताया गया कि कमरे का दरवाजा बंद था, लेकिन भीतर से सिटकनी नहीं लगी थी। दरवाजा खोलने पर अंकिता का शव फंदे से लटकता देख वह घबरा गई और शोर मचाया। आवाज सुनकर अन्य परिजन भी मौके पर पहुंचे। घटना की खबर फैलते ही आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष बेलघाट विकास नाथ ने कमरे को सुरक्षित कर फॉरेंसिक टीम को बुलाया। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष विकास नाथ ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर है और गांव में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

# गोरखपुर में महिला से छेड़छाड़ और धमकी प्रकरणः तीसरा आरोपी भी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** थाना एम्स क्षेत्र में महिला के साथ छेड़छाड़ एवं धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीसरे नामजद अभियुक्त को भी गिरफ्तार कर लिया है। इससे पूर्व दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी थी। पुलिस अब प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 फरवरी 2026 की रात्रि में वादिनी ओरियन मॉल से बाहर निकल रही थीं। आरोप है कि उसी दौरान तीन युवकों ने उनके ऊपर अभद्र टिप्पणी की। महिला द्वारा अनदेखा कर आगे बढ़ने पर आरोपितों ने कथित रूप से उनका पीछा किया और एम्स अस्पताल के गेट नंबर-2 के समीप पहुंचकर गलत हरकत की। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना से



आहत पीड़िता ने थाना एम्स में तहरीर दी, जिसके आधार पर मु0अ0सं0 52/2026 के तहत धारा 74, 296(ए), 351(3), 352 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पहले दो अभियुक्तों–सूरज गुप्ता एवं अमृत विश्वकर्मा–को 23 फरवरी 2026 को गिरफ्तार कर लिया।

इसी क्रम में घटना से संबंधित तीसरे अभियुक्त आदित्य राव पुत्र सत्येन्द्र राव, निवासी रामपुर खास, थाना रामपुर कारखाना, जनपद देवरिया को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। थाना एम्स पुलिस का कहना है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, जिससे समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# गोण्डा में 'विकसित भारत - जी राम जी कानून' विषय पर ग्रामीण मीडिया कार्यशाला आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), लखनऊ द्वारा जिला पंचायत सभागार, गोण्डा में 'विकसित भारत - जी राम जी कानून' विषय पर 'ग्रामीण मीडिया कार्यशाला-वार्तालाप' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाल ही में संसद द्वारा पारित विधेयक, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प पर चर्चा की गई। बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकारों ने सहभागिता की।मुख्य अतिथि गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने कहा कि 'विकसित भारत - जी राम जी कानून' पुरानी योजनाओं की कमियों को दूर करने वाली सराहनीय पहल है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने राष्ट्रीय मार्गों के विस्तार से आर्थिक मजबूती का भी उल्लेख किया। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत




अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने कहा कि 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों से सरकार गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के विकास के लिए प्रतिबद्ध है तथा मीडिया विकास के मुद्दों को प्रमुखता से उठाकर जनजागरूकता बढ़ा रही है।

पीआईबी एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो, उत्तर प्रदेश के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि यह पहल सेवा, सुशासन एवं समृद्धि की अवधारणा पर आधारित है और ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है।पीडीएस उपायुक्त श्रम रोजगार जनार्दन प्रसाद यादव ने बताया कि विधेयक रोजगार गारंटी, स्थानीय नियोजन और श्रमिक सुरक्षा को सुदृढ़ कर ग्रामीण विकास को गति देगा।




वरिष्ठ पत्रकार जानकी शरण द्विवेदी ने 125 दिन की रोजगार गारंटी तथा केंद्र-राज्य लागत साझेदारी प्रावधानों की जानकारी दी। इंडियन बैंक, आंचलिक कार्यालय गोंडा के उप आंचलिक प्रबंधक संदीप कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं अटल पेंशन योजना की जानकारी देते हुए कहा कि ये योजनाएं वंचित वर्गों को किफायती वित्तीय सुरक्षा प्रदान करती हैं।कार्यक्रम के अंत में विकसित भारत के लक्ष्य को जन-जन तक पहुंचाने में मीडिया की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट और धमकी का मामला सामने आया है। पीड़ित ग्राम पवा निवासी मनोज पुत्र लक्ष्मण सिंह यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 23 फरवरी 2026 को समय करीब 4.30 बजे दोपहर को अपने घर पर था कि तभी उसके पास अजय पुत्र पर्वत यादव और सुवेन्द्र पुत्र पर्वत यादव निवासी मथुरा डांग थाना बार ललितपुर हाल पता ग्राम बनदेसरा थाना तालबेहट ललितपुर रहने वाले ने उसके पास फोन किया कि आप अपने मजदूरी के पैसे ले जाओ जैसे ही जमालपुर, कंचनपुर कट के पास पहुंचा तो उक्त दोनों लोग मुझे बुरी- बुरी गालियां देने लगे जब मैंने गाली देने से मना किया तो मेरे साथ लाठी डंडों से मारपीट कर दी जिससे मेरे सिर व हाथ पैर में काफी चोटें आई हैं और मुझे जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने थाना तालबेहट में रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस से आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सेमरहवा में निःशुल्क चिकित्सीय शिविर आयोजित, 350 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पचपेड़वा / बलरामपुर।** विकास खंड पचपेड़वा के ग्राम सेमरहवा में पारस इंडिया, नई दिल्ली द्वारा मंगलवार को निःशुल्क चिकित्सीय शिविर का आयोजन किया गया। बदलते मौसम के कारण क्षेत्र में सर्दी, जुकाम, बुखार, फेफड़ों में संक्रमण, एलर्जी, खुजली व दाने जैसी मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए यह शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 350 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया।

शिविर में पहुंचे चिकित्सक डॉ. आर.के. सिद्धार्थ एवं डॉ. मोहम्मद रईस ने मरीजों की सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, इन्फेक्शन, मौसमी बीमारियों तथा शुगर की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डॉ. मोहम्मद रईस द्वारा जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं।

ग्राम सभा में बड़ी संख्या में घुटनों के दर्द, आंखों की रोशनी में कमी, बीपी, फंगल इंफेक्शन, दाद व कान संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीज पहुंचे। गंभीर आंख व कान रोगियों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल में




समुचित उपचार कराने की सलाह दी।

शिविर में किशोरियों एवं महिलाओं को संगीता द्वारा मासिक धर्म चक्र के दौरान होने वाली समस्याओं से बचाव, स्वच्छता और आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्यवर्धक एवं गर्म भोजन के सेवन की सलाह दी गई। संस्था की प्रतिनिधि शुर्मिला ने बताया कि पारस इंडिया पिछले कई वर्षों से विभिन्न जनपदों एवं ब्लॉकों में शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला आजीविका एवं जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से जनसमुदाय को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में सेमरहवा में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। संस्था शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हेतु भी लगातार प्रयासरत है।

शिविर में पारस इंडिया से अजय कुमार, प्रधानाचार्य सिपाही लाल, सहायक अध्यापक जगदीश प्रसाद, केंद्र संचालिका सुनीता चौधरी, अंजनी, अंकिता, सपना, प्रीति, संगीता, संध्या, लक्ष्मी, अवधेश, विशाल, सनी चौधरी, आशा इंद्रावती, आशा संगिनी अलका घोष, आंगनबाड़ी कार्यकत्री पार्वती सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

ग्रामीणों ने पारस इंडिया द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं महिलाओं के मेंस्ट्रुएशन एवं हाइजीन संबंधी जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए संस्था को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परीक्षित श्राप एवं सृष्टि वर्णन से श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ, झूमे श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** कौड़िया बाजार क्षेत्र के ग्राम पंचायत उसरैना में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ शनिवार सायंकाल भक्ति एवं श्रद्धा के वातावरण में हुआ। कथा के तीसरे दिन अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास पंडित विकास कृष्ण शास्त्री ने अपने मुखारविंद से राजा परीक्षित के श्राप, सृष्टि वर्णन एवं सती चरित्र का भावपूर्ण श्रवण कराया। साथ ही राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग की मार्मिक एवं प्रेरक कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा व्यास ने कहा कि सच्ची भक्ति में अपेक्षा नहीं, बल्कि पूर्ण समर्पण होता है। उन्होंने राजा परीक्षित के जीवन प्रसंगों के माध्यम से त्याग, निष्काम भक्ति और सत्संग की महिमा का संदेश दिया। कथा श्रवण के दौरान पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर नजर आया और श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते दिखे।राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए व्यास जी ने भागवत श्रवण की महिमा और जीवन के अंतिम क्षणों में ईश्वर स्मरण के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है, जिसका श्रवण आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।



इस अवसर पर मुख्य यजमान लक्ष्मण प्रसाद तिवारी ने अपनी पत्नी श्रीमती विमला देवी के साथ विधि-विधान से व्यासपीठ का पूजन-अर्चन कर आरती उतारी। आरती के समय पूरा पंडाल भक्ति गीतों और जयघोष से गुंजायमान हो उठा। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में लक्ष्मण प्रसाद तिवारी, विमला तिवारी, बिंदु तिवारी, आरती तिवारी, प्रदीप तिवारी, अरुण तिवारी, सिद्धार्थ शुक्ला, प्रधान उत्तमचंद दुबे, अनिल कुमार तिवारी, अमरेश कुमार तिवारी, नननऊ तिवारी, दादू शुक्ला, लंबरदार पांडे, अभय तिवारी, वैभव तिवारी, अतुल पांडे, ननके साहू, छोटे पंडित महाराज आचार्य विजय दीक्षित सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भोलू तिवारी (ढोलक), अजय जायसवाल (पेडबाजक) एवं अन्य वाद्य कलाकारों ने भक्ति संगीत से माहौल को भक्तिमय बनाए रखा।

# धनघटा में विकास कार्यों का सच उजागर, जांच में भ्रष्टाचार की पुष्टि, जिम्मेदारों पर कार्रवाई अब भी अधर में

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** – जनपद के हरैया सतघरवा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत धनघटा में कराए गए विकास कार्यों में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है. लंबे समय से उठ रही शिकायतों के बाद हुई विभिन्न स्तरीय जांचों में अनियमितताएं न सिर्फ उजागर हुई बल्कि कई जिम्मेदारों की भूमिका भी संदिग्ध पाई गई. इसके बावजूद अब तक ठोस कार्रवाई न होने से पूरे मामले पर सवाल खड़े हो रहे हैं.शिकायत से खुली परतें, जांच में सामने आया सचशिकायतकर्ता द्वारा लगातार उठाए जा रहे मुद्दों के बाद जिला स्तर पर तीन प्रमुख जांचें कराई गई. इन जांचों में जो तथ्य सामने आए, उन्होंने पंचायत स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार की परतें खोल दीं. सबसे अहम संयुक्त जांच 4 मार्च 2025 को परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता द्वारा की गई. इस जांच में मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों में गंभीर प्रक्रियागत त्रुटियां और घटिया निर्माण कार्य पाए गए. रिपोर्ट में साफ तौर पर ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, तकनीकी सहायक और ग्राम रोजगार सेवक को जिम्मेदार ठहराया गया. जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी अंतिम कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है.प्रधान के नाम पर देवर चला रहा था काम12 सितंबर 2024 को जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा किए गए निरीक्षण में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ. निरीक्षण रिपोर्ट में कहा गया कि ग्राम प्रधान के अधिकारों का प्रयोग स्वयं प्रधान द्वारा न कर उनके देवर और ग्राम रोजगार सेवक आलोक कुमार द्वारा किया जा रहा था. रिपोर्ट में इसे गंभीर प्रशासनिक अनियमितता मानते हुए स्पष्ट कहा गया कि ऐसे में ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक का अपने पद पर बने रहना जनहित में नहीं है. इसके बाद ग्राम प्रधान से स्पष्टीकरण मांगा गया, जो उन्होंने प्रस्तुत भी किया, लेकिन उस पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है. हालांकि ग्राम रोजगार सेवक की संविदा समाप्त करने के लिए पंचायत स्तर पर निर्देश जरूर जारी किए गए हैं, लेकिन यह प्रक्रिया भी अभी अधूरी बताई जा रही है.फर्जी हाजिरी और पोर्टल पर गलत अपलोडजुलाई 2025 में सामने आए एक अन्य मामले ने पूरे प्रकरण को और गंभीर बना दिया. शिकायतकर्ता ने ग्राम रोजगार सेवक पर फर्जी हाजिरी लगाने का आरोप लगाया था. इस पर कराई गई जांच में पाया गया कि एनएमएमएस पोर्टल पर गलत फोटो अपलोड किए गए थे, जो सीधे तौर पर सरकारी धन के दुरुपयोग की ओर इशारा करते हैं. जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में अनियमितताओं की पुष्टि की, जिसके बाद संबंधित कर्मचारी को दो बार नोटिस जारी किया गया. स्पष्टीकरण मिलने के बाद उसकी संविदा समाप्त करने की संस्तुति की गई, लेकिन इस पर भी अंतिम मुहर लगना बाकी है. पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब जांच में भ्रष्टाचार उजागर हो चुका है और जिम्मेदारों की पहचान भी हो गई है, तो कार्रवाई में इतनी देरी क्यों हो रही है. कई मामलों में नोटिस जारी होने और स्पष्टीकरण मिलने के बावजूद कार्रवाई लंबित है. खंड विकास अधिकारी पल्लवी सचान ने अपने पत्र में यह जरूर कहा है कि विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, लेकिन जमीनी स्तर पर अभी तक कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया है. इससे शिकायतकर्ता और ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है.ग्रामीणों में आक्रोश, पारदर्शिता पर सवालग्राम पंचायत धनघटा के ग्रामीणों का कहना है कि विकास कार्यों के नाम पर धन का दुरुपयोग किया गया और कागजों पर काम दिखाकर सरकारी पैसे की बंदरबांट की गई. उनका आरोप है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसे मामलों को बढ़ावा मिलेगा.ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उदाहरण पेश किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सके.सिस्टम पर भी उठे सवालयह मामला सिर्फ एक ग्राम पंचायत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है. जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने के बावजूद कार्रवाई का लंबित रहना प्रशासनिक शिथिलता को दर्शाता है. विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई तो शिकायत निवारण तंत्र की विश्वसनीयता भी प्रभावित होगी.उजागर हुआ भ्रष्टाचार, अब कार्रवाई की बारीग्राम पंचायत धनघटा में हुए भ्रष्टाचार का सच अब पूरी तरह उजागर हो चुका है. जांच में अनियमितताओं की पुष्टि हो चुकी है और जिम्मेदारों की पहचान भी हो गई है. अब देखना यह है कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और सख्ती से कार्रवाई करता है. फिलहाल, पूरे प्रकरण पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं और ग्रामीणों को इंतजार है उस दिन का, जब भ्रष्टाचार के दोषियों पर वास्तविक कार्रवाई होती नजर आएगी

## संक्षिप्त खबरें

### घर से इंजन चोरी करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल



**बरेली**/क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव नकटी नारायणपुर निवासी अमित कुमार के घर से मोटरसाइकिल पर बांधकर इंजन चोरी करके ले जाते समय शोर मचाने पर छोड़कर भाग गया पीड़ित की तहरीर अनुसार पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी जयपाल निवासी बिहारीपुर पीतम राम को पड़कर चोरी किया गया इंजन बरामद कर आज पुलिस ने आरोपी चोर को जेल भेजा है इसे पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह उप निरीक्षक अर्जित कुमार सिंह हेड कांस्टेबल नवीन कुमार एवं सोनी ने इसे पड़कर आज जेल भेज दिया गया है।

### राजश्री ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन में तीन दिवसीय आह्वान का होगा आयोजन



**बरेली/रिठौरा** राजश्री ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में 17 वें स्थापना दिवस आह्वान-2026 मनाने जा रहा है। इस दौरान राजश्री ग्रुप में संचालित विभिन्न संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभाओं को मंच पर विभिन्न सांस्कृतिक, क्रीड़ा, प्रबंधन और तकनीकि प्रतियोगिताओं वेव ऑफ डांस, बिजनेस बज, कलाकृति, द हीलिंग वाक, रंगतरंग, टेकमाइंड, फन फ्यूजन, हेल्थ हस्टले एवं अनप्लग्ड हार्टबीट के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। 26 फ़रवरी को स्टार नाइट का आयोजन किया जायेगा ।जिसमें भारतीय गायिका असीस कौर अपने स्वरों का जादू बिखेरेंगी। सिने जगत से मशहूर पार्श्व गायक, पद्मश्री कैलाश खेर समारोह में उपस्थित दर्शकों, छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों को प्रोस्ताहित करेगें। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं एवं प्रतिभागियों को मेडल, छात्रवृत्ति एवं पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा। संस्थान के प्रबन्ध निदेशक इंजीनियर रोहन बंसल ने बताया कि राजश्री महाविद्यालय, तकनीकि, प्रबन्धन, पॉलीटेक्निक, विधि, शिक्षण प्रशिक्षण, फार्मेसी, आयुर्वेदिक, नर्सिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थी लगभग तीन छात्र-छात्राएं मौजूद रहेंगे।

### होली पर्व से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का सघन अभियान, संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए

**बलरामपुर** आगामी होली पर्व के मद्देनज़र जनपद में मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री और भंडारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी महोदय के निर्देशानुसार गठित टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी कर संदिग्ध खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए।

दिनांक 23 फरवरी 2026 को टीम द्वारा मेसर्स राधेश्याम तिलकराम जनरल मर्चेंट, रफीनगर उतरौला से स्वीट फनल का नमूना, मेसर्स राजेन्द्र किराना स्टोर रफीनगर उतरौला से देशी घी तथा मेसर्स चौरसिया मिश्रान भंडार, गांधी नगर उतरौला से खोया का नमूना लेकर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। इसके अतिरिक्त दिनांक 24 फरवरी 2026 को तुलसीपुर स्थित मेसर्स श्री ट्रेडर्स से किशमिश का नमूना संग्रहित किया गया, जिसे परीक्षण के लिए प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है।

**प्रयोगशाला जांच के बाद होगी कार्रवाई**

अधिकारियों ने बताया कि सभी नमूनों को शुद्धता एवं गुणवत्ता की जांच हेतु राजकीय प्रयोगशाला भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नियमानुसार कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**टीम में रहे ये अधिकारी शामिल**

इस विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री चन्द्र भानु, श्री राम मौर्या एवं श्री शंकर दयाल तिवारी मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रशासन की सतत कार्रवाई से मिलावटखोरों में हड़कंप मचा हुआ है तथा आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

# फर्जी वरासत प्रकरण: मामले की लीपापोती में लगी मैदानी पुलिस

- आखिर किसने बनाया फर्जी मृत्यु प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर की नकल
- कैसे पिछड़ी जाति की महिला पिंकी बन गई, अनुसूचित जाति हरीराम की पुत्री
- सूचना अधिकार अधिनियम से मिली सूचना ने खोली भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा की पोल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी** तहसील गोला के अंतर्गत थाना मैलानी के ग्राम हरदुआ परगना कुकुरा में जीवित व्यक्ति हरीराम को कागजों में मृतक दिखा कर उसकी जमीन को हड़प लिया गया और उस पर खड़े सैकड़ों शीशम के पेड़ों को काटकर बेंच लिया गया। पीड़ित हरीराम का आरोप है कि उसने इस भ्रस्टाचार और फर्जीवाड़ा की दर्जनों शिकायतें आई जी आर यस पोर्टल पर की जिसमें पुलिस प्रशासन मैलानी और तहसील प्रशासन गोला द्वारा फर्जी जांच रिपोर्ट लगा कर मामले की लीपापोती की जाती रही हैं। पीड़ित ने मामले की सूचना अधिकार अधिनियम से भी जानकारी चाही गई जिसमें भी गोल मोल जवाब दिए गए। सूचना अधिकार अधिनियम से मिली जानकारी से फर्जीवाड़ा की पुष्टि फिर भी होती हैं। सूचना अधिकार अधिनियम से मिली जानकारी में खंड विकास अधिकारी बांकेगंज और ग्राम पंचायत सचिव हरदुआ ने दिनाक 19/12/2025 एवं पत्रांक मेमो 11/02/2026 में स्पष्ट रूप से लिखा है कि हरीराम पुत्र रज़ई की मृत्यु हर दुआ में नहीं हुई है।और न ही मृतक/परिवार रजिस्टर के अभिलेखों में इस नाम का कोई व्यक्ति दर्ज है।वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी हर दुआ के पत्र दिनांक 11/02/2026 द्वारा सूचित किया गया है कि हरीराम पुत्र रज़ई का किसी अधिकारी द्वारा किसी प्रकार का कोई मृत्यु प्रमाणपत्र जारी किया गया है। तो फिर मृत्यु प्रमाणपत्र किसने बनाया?और जब हरीराम पुत्र रज़ई का नाम कोई व्यक्ति परिवार रजिस्टर में दर्ज नहीं है तो फिर कैसे और किसने जारी कर दी परिवार रजिस्टर की नकल?और जारी नकल में किसने और किस आधारित से पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल को हरीराम की पुत्री दर्ज कर दिया? किस आधार पर ग्राम प्रधान रामकिशुन ने जारी किया हरिराम का म्रत्यु प्रमाणपत्र, जब हरीराम पुत्र रज़ई नाम का कोई आदमी हर दुआ में रहता ही नहीं है? यही आग उगलते सवालों के जवाब फर्जीवाड़ा होने की ओर स्पष्ट इशारा कर रहे हैं और इन यक्ष प्रश्नों के उत्तर किसी भी सक्षम अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहे हैं।

भू माफियाओं और लेखपाल भूपेंद्र वर्मा तथा ग्राम प्रधान की मिलीभगत से बनाए गए मृत्यु प्रमाणपत्र, परिवार रजिस्टर की नकल की जब खंड बिकास अधिकारी से पुष्टि कारवाई गई तो सभी प्रमाणपत्र फर्जी जाली और कूट रचित पाए गए । यह मेरा नहीं ब्लकि खंड बिकास अधिकारी बांके गंज और ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत हर दुआ के द्वारा जारी पत्र तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत दिनांक 18/02/2026 में शिकायत कर्ता हरीराम पुत्र रज़ई का कहना है। शिकायत कर्ता ने पुलिस मैलानी पर भी आरोपियों से मिले होने के गंभीर आरोप लगाये हैं द्य हरीराम का आरोप है कि सभी दस्तावेज फर्जी जाली और कूट रचित होने के साक्ष्य देने के बाद भी मैलानी पुलिस द्वारा दोषियों पर एफ. आई. आर. दर्ज नहीं की जा रही है।और न ही सभी दोषियों को थाना पर ही बुलाया गया है। जांच के नाम पर केवल दो लोगों को चौकी पर बुलाकर कोरम पूरा कर लिया गया और मामले की लीपापोती का खेल शुरु कर दिया गया। आखिर चौकी प्रभारी कुकुरा अबलीश पवार द्वारा सभी आरोपियों को नहीं बुलाया जा रहा है। और घटना की मुख्य आरोपी पिंकी देवी पत्नी बिंदर पाल और प्रधान रामकिशुन ,लेखपाल भूपेंद्र को क्यों नहीं चौकी पर बुलाया गया? पीड़ित ने मैलानी पुलिस की इस कार्य प्रणाली पर आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक से साक्ष्यों समेत पूनः शिकायत करने की बात कही है। पीड़ित का आरोप है जब ब्लॉक के अधिकारी द्वारा दस्तावेज फर्जी होने की पुष्टि की है।

## हरद्वाही गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो मोटरसाइकिलें जलीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिंगाही खीरी!** थाना क्षेत्र के हरद्वाही गांव बेलरायां में सोमवार को व्यापारी राजपाल पुत्र जंग बहादुर के घर अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि घर में लगे सॉकेट में शॉर्ट सर्किट होने से आग भड़क उठी, जिसे देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया जिसे देखकर परिवार वाले भयभीत होकर मज़बूरन घर क़े पीछे भागने को मजबूर हो गए मौके पर पहुंचे प्रत्यक्ष दर्शीयों ने थाना सिंगाही में सूचना दी थाना प्रभारी ने मामले को संज्ञान में लिए तब तक उप निरीक्षक क़ेसी तिवारी ने आग का कारण पूछा और विवेचना की हलांकि तब तक आग पर काबू पा लिया गया लेकिन कोई जन हानि नहीं हुई वहीं जानकारी क़े मुताबिक परिवार काफ़ी भयभीत था आग की चपेट में आकर घर में खड़ी दो मोटरसाइकिलें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। इसके अलावा घर में रखा घरेलू सामान भी जलकर राख हो गया। आग लगने के दौरान परिवार में महिलाएँ बच्चों ने शोर मचाया,जिस पर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।सूचना मिलते ही सिंगाही थाना अध्यक्ष पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन व्यापारी को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

## चोरी के आरोप में मुकदमा, आरोपी गिरफ्तार




**लालगंज,प्रतापगढ़।** चोरी के आरोप में पेड़ से बांधकर पीटे गये युवक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उदयपुर थाना क्षेत्र के आमीशंकरपुर गांव निवासी राम सिंह पुत्र दीनानाथ ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसने अपने खेत में झटका मशीन, तार व बैटरी लगवा रखा है। आरोप है कि बीती बाइस फरवरी की रात गांव का ही मो0 सोहेल पुत्र लाल मोहम्मद ने उसे चुरा लिया। काफी पूछतांछ के बाद भी उसने चोरी किये गये सामान को वापस नही लौटाया। बतादें कि घटना को लेकर आरोपी को ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर जमकर पीटा था। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** सीएचसी निघासन में मंगलवार को विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की जिला स्तरीय टीम द्वारा मरीज को उपचार व दवाएं वितरित की गई। विशाल मेगा कैंप का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय बद्री प्रसाद मौर्या एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुलदीप कुमार द्वारा किया गया। शिविर मे 437 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 48 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा भी दी गई। डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि आज मानसिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। आज लोगों को खास कर ग्रामीण अंचलों में रहने वाले लोगों को झाड़ फूंक व ओझा हकीम से दूर रहकर मानसिक बीमारियों के इलाज को करवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है और इसके लिए डॉक्टर की टीम जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और ब्लॉक स्तर पर कैंप लगाकर अपनी सेवाओं को दे रही है।विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर में जिला पुरुष अस्पताल से मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा कैंप में मरीजों को देखा गया। इस दौरान उनके साथ मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम उपस्थित रही। मनोचिकित्सक डॉ अखिलेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि मानसिक रोग जैसे अनिद्रा, अवसाद, बेहोशी के दौरें आना, चक्कर आना, बुद्धि का कम विकास होना, भेद भाव, पूर्व जन्मों का अभिशाप, सिर मे दर्द, माइग्रेन, चिंता, घबराहट, झाड फूक, उपरी शक्ति का प्रभाव, तनाव प्रबंधन, सुसाइड प्रिवेंशन आदि विषय पर जागरूक किया गया और बिना किसी झिझक के टीम के सामने आकर इलाज कराने और समाज मे व्याप्त भ्रांति को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रकोष्ठ द्वारा निघासन क्षेत्र से आये उपस्थित जन समूह एवं सीएचओ, आशा, एएनएम, स्टाफ नर्स, अन्य कर्मचारियों को पम्पलेट वितरित कर बिमारी व उपचार के बारे मे विस्तार से बताया गया और परामर्श दिया गया। साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जिला पुरुष अस्पताल के कमरा नं. 02 मे दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को ओ.पी.डी. के समय 8 बजे प्रातः से 2 बजे अपरान्ह और हेल्पलाइन नं. 9120984643 और मानसिक स्वास्थ्य टेली मानस टोल फ्री न.14416 (24म7) पर कोई समस्या होने पर सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य





केन्द्र, निघासन में प्रत्येक माह के चतुर्थ मंगलवार को टीम द्वारा इलाज किया जाता है। चिन्हित किये गये मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को नियमित आने व ईलाज का परामर्श दिया गया। शिविर मे 437 मरीजों का रजिस्ट्रेशन किया गया और 48 मानसिक मंदित बीमार व्यक्तियों का मानसिक परीक्षण करते हुए दवा साईक्रेटिक नर्स विवेक कुमार मित्तल द्वारा प्रदान की गई। स्टाफ नर्स नीलम पाल द्वारा मरीजों की ब्लड शुगर 63 और बीपी 70 की जाँच की गई। शिविर मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निघासन से अधीक्षक डॉ कुलदीप कुमार, डॉ टी एन सिंह, डॉ संदीप कुमार सिंह एवं अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ उपस्थित रहा।

### पानी में डूबने से युवक की मौत, कोहराम

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर से गुजरी छोटी नहर के पानी में गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थानान्तर्गत इदिलपुर गांव निवासी पचीस वर्षीय अशरफ पुत्र आबिद अली बीती सोमवार की रात करीब नौ बजे नगर के घुइसरनाथ मार्ग के बगल से गुजरी छोटी नहर से होते हुए साइकिल से घर जा रहा था। इसी दौरान अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा। नहर के पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी। दरोगा बनवारी लाल ने बताया कि नशे मे होने के कारण नहर के पानी में गिरने के बाद युवक उठ नही सका। इसके चलते पानी में डूबने से उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट में पानी में डूबने से युवक की मौत की पुष्टि हुई है। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### क्षेत्राधिकार ने मिश्रित आबादी गांव भऊआ बाजार का निरीक्षण किया



**बरेली**/विकासखंडभदपुरा क्यों लड़िया थाना क्षेत्र के गांव भऊवा बाजार मैं आज होली एवं रमजान के तहत क्षेत्राधिकार निलेश मिश्रा प्रभारी निरीक्षक वेद सिंह के साथ गांव पहुंचकर होली स्थल का निरीक्षण किया साथ ही रमजान का महीना चलने के साथ उन्होंने होली के जुलूस के रास्ते का भी निरीक्षण किया मिश्रित आबादी वाले गांव होने के कारण कभी चर्चा में रहने वाला यह गांव आज भी प्रशासन की नजर में वरीयता की सूची में है। इसलिए होली और रमजान दोनों पर्व एक साथ होने पर पुलिस प्रशासन पहनी नजर बनाए हुए हैं इसी के साहित्यकार अधिकारी ने पहुंचकर निरीक्षण किया ग्रामीणों से वार्ता की और साथ ही दोनों समुदायों के लोगों से सौहार्द पूर्वक पर्व मनाने की अपील की गई साथ ही चेतावनी दी गई यदि किसी ने पर्व पर हुड़दंग करने का प्रयास किया तो दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी इसलिए दोनों पर्व दोनों समुदाय के लोग आपस में सौहार्दपूर्वक मनाई इसी के तहत गांव का निरीक्षण किया गया दोनों समुदायों के लोगों से वार्ताकार होली पर शांति व्यवस्था बनाए रखना किसी भी स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का आश्वासन दिया गया।

## बजाज चीनी मिल बरखेड़ा ने बसंत कालीन गन्ना बुवाई को लेकर निकाली रैली



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली**/पीलीभीत में स्थित बरखेड़ा बजाज चीनी मिल ने आज किसानों को जागरूक करने के लिए बसंत कालीन गन्ना बुवाई में होने वाले लाभों के प्रति इस रैली का आयोजन किया गया इस रैली को हरी झंडी दिखाकर बजाज चीनी मिल के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जादौन ने रवाना किया यह रैली पौटा कला फूटे कुआं देवराजपुर जहर कर लिया और भोपतपूर बरगद डांडिया राझे टिकरी पुरैना गुजरानपुर कटकावारा।

रामपुर रुकुमपुर गुलडिया लेखराज परसरामपुर जेहोरा जादवपुर असुवा किशहनपुर खमरिया मथुरा पुर जवेदा आनंदपुर लेखराज माधवपुर बिजासन किशनपुर तिगरी ढकिया बर्कली नकटी सिथौरा भदपुरा बीरमपुर मेथी चौराहा बाहर जागीर आदि स्थानों पर भ्रमण करते हुए पुनः चीनी मिल गेट पर जाकर समाप्त हुई इस रैली को हरी झंडी दिखाकर चीनी मिल के उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह जादौन ने रवाना किया ।

इसमें सम्मिलित जी एम प्रदीप कुमार राठी एजीएम राहुल लोहान केनमैनेजर संजीव कुमार सहायक मैनेजर वीरेंद्र चौधरी कपिल शर्मा आदि ब्लॉक इंचार्ज अमित कुमार आनंद कुमार अखिल गंगवार सुपरवाइजर देवेश कुमार और प्रेमपाल शरद शर्मा महेश यादव जितेंद्र तिवारी निर्देश कुमार मुकेश कुमार अख्तर अली समेत भारी संख्या में मिले स्टाफ सम्मिलित हुआ इन्होंने किसानों को बसंत कालीन गन्ना बुवाई के लिए जागरूक किया और उससे मिलने वाले लाभों को किसानों के लिए अवगत कराया गया शीघ्र पकने वाली गन्ना प्रजातियों के बुवाई करने पर जोरदिया गया।

## एकदिवसीय ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान संगोष्ठी उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/नवाबगंज।** ब्लाक स्तरीय ग्राम प्रधान एवं प्रधानाध्यापकों का एक दिवसीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन नवाबगंज में एक निजी बारातघर के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ एमपी आर्या, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ ए0के0 गंगवार ,एवं खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।खंड शिक्षा अधिकारी ने अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत -सम्मान किया।इस दौरान मुख्य अतिथि श्री आर्या ने अपने संबोधन में ग्राम प्रधान एवं एस0 एम 0सी अध्यक्षों से आह्वान किया गांव -गांव सरकारी विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा अधिक से अधिक नामांकन कराने को कहा। उन्होंने



कहा शिक्षा ही मानव उत्थान का सबसे बड़ा हथियार है। इसमें सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि श्री गंगवार भी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना सब पढ़ें,सब बढ़े जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जनप्रतिनिधियों के साथ -साथ आम जनमानस को भी बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।खंड शिक्षा अधिकारी सत्यदेव ने समस्त प्रधानाध्यापकों से अपने -अपने विद्यालयों में प्रबंधन समिति की मीटिंग कर विद्यालयों में छात्र -छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के साथ



ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने को कहा। इस, मौके दौरान नरदेव गंगवार, शिक्षक संघ मंत्री कुंवरसेन, निर्भय गंगवार चेयरमैन गन्ना समिति, शिक्षक पुष्पराज, प्रेमबाबू गंगवार, भारत गंगवार, शांतिस्वरूप, हर स्वरूप, राजेन्द्र गंगवार, प्रतिभा आर्या, अशोक कुमार, नवल किशोर, बुद्धपाल, योगेंद्र कुमार, कमल प्रताप, दिनेश शर्मा, प्रभेश आर्या, ज्योति सक्सेना, रूचि शर्मा, अवशेष प्रताप, मोनिका भास्कर, श्रीकृष्ण चक्रवर्ती, सहित तमाम प्रधान एवं एस0 एस0 सी सदस्य मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायत भरिगवां मेंह्यूम पाइप.एवं ठेलिया खरीद और मरम्मत कार्य में वित्तीय अनियमितता के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी** मामला जनपद लखीमपुर-खीरी, विकासखंड बांकेगंज, ग्राम पंचायत भरिगवां का है। पंचायत में प्रधान डालचंद व ग्राम पंचायत सचिव पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये जा रहे हैं।

ह्यूम पाइप निर्माण व ठेलिया खर्च में अनियमितता का मामला जन चर्चा का विषय बना हुआ है।

सूत्र बताते हैं कि ह्यूम पाइप निर्माण में धन निकासी के बावजूद कार्य न दिखने की बात कही गई है।गांव में इसको लेकर आक्रोश का माहौल बना हुआ है। आरोप है कि 15/08/2023 को ?1,79,124 ह्यूम पाइप निर्माण के नाम पर निकाले गए। अभिलेखों में कार्य पूर्ण दर्शाया गया है। लेकिन पंचायत क्षेत्र में ह्यूम पाइप कहीं नजर नहीं आ रहे। ग्रामीणों का आरोप हैं।

ग्रामीणों ने कार्यस्थल सार्वजनिक करने की मांग की है। ठेलिया मरम्मत व ठेलिया क्रय में भी हजारों रुपये खर्च दिखाए गए।पर कहीं पर भी ह्यूम पाइप नहीं डलवाया गई और न ही ठेलिया खरीद की गई और न ही मरम्मत कार्य ही कराया गया है द्य अलग-अलग तिथियों पर धनराशि निकासी दर्ज है।लेकिन मौके पर न नई ठेलिया मिली न पुरानी में सुधार दिखा। इससे ग्रामीणों में संदेह और बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेलिया मरम्मत के नाम पर एक चैन तक नहीं डलवाई गई। निरीक्षण के दौरान ठेलिया जर्जर हालत में मिली। मरम्मत के कोई स्पष्ट संकेत नहीं पाए गए।सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध कार्रवाई की अपील की गई है।

पूरे खर्च, क्रय-विक्रय और भुगतान की जांच कराने की मांग उठी है। अब प्रशासनिक कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो जाए तो बड़ा घोटाला सामने आ सकता है। अभिलेखों और जमीनी हकीकत का मिलान कराया जाए तो कई और अनियमितताएं उजागर हो सकती हैं।लोगो का आरोप है कि मामला केवल ह्यूम पाइप और ठेलिया तक सीमित नहीं है।नल रिबोर और मरम्मत के नाम पर जमकर फर्जीवाड़ा किए जाने के आरोप लगाए गए हैं जांच होने पर प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले का खुलासा संभव है।

## उत्पीड़न को लेकर ससुरालीजनों पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उत्पीड़न को लेकर महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे वैसन अगई निवासी प्रिया सिंह पत्नी अनिल कुमार सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 17 अप्रैल 2022 को उसका विवाह हुआ था। उसके एक पुत्र भी है। उसके पति की बीती तेरह दिसंबर 2025 को असामयिक मौत हो गयी। पीड़िता का आरोप है कि पति की मृत्यु के बाद ससुरालीजन उसका उत्पीड़न करने लगे। दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट भी करने लगे। बीती 13 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे ससुर अवधेश कुमार सिंह, सास सुमन, देवर सुनील कुमार, ननद ज्योती ने एकराय होकर उसे मारपीट कर जेवरात छीन लिये और घर से भगा दिया। पीड़िता का यह भी आरोप है कि उसके पति के नाम से जारी सिम को सुनील कुमार सिंह ने अपने नाम करा लिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बहराइच में गिद्ध, महाराजगंज में गरुड़ का बसेरा

- पूर्वांचल क्षेत्र में 269 पक्षी प्रजातियां संरक्षित; शोध में सामने आए तथ्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मिल्कीपुर अयोध्या** आचार्य नरेंद्रदेव कृषि विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक शोध में खुलासा हुआ है कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में पक्षियों की 269 प्रजातियां संरक्षित हैं। इस शोध के प्रथम चरण में बहराइच और महाराजगंज जैसे क्षेत्रों में विशिष्ट पक्षी प्रजातियों की उपस्थिति दर्ज की गई है।

यह शोध आचार्य नरेंद्रदेव कृषि विश्वविद्यालय और उत्तर प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से किया जा रहा है। दो वर्ष तक चलने वाले इस परियोजना पर नौ लाख रुपये खर्च होने का अनुमान है। विश्वविद्यालय के वन संवर्द्धन एवं वानिकी विभाग की विज्ञानी डॉ उलमन यश्मिता इसकी प्रधान अन्वेषक हैं। शोध का उद्देश्य संरक्षित और असंरक्षित आर्द्र भूमियों में पक्षी समुदायों, उनके आवासीय कारकों और पारिस्थितिकी स्वास्थ्य का व्यापक आकलन करना है। शोध के अनुसार, बहराइच और बलरामपुर सहित तराई क्षेत्र पक्षियों के लिए सबसे उपयुक्त वातावरण प्रदान करता है, जिसकी जैव विविधता उत्कृष्ट और समृद्ध है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में इजिप्शियन वल्चर (सफेद गिद्ध) पाया जाता है, जिसे प्रकृति का सफाईकर्मी कहा जाता है। हालांकि, ओल्ड वर्ल्ड गिद्धों में शामिल भारतीय गिद्ध (श्वेत-पृष्ठ गिद्ध) केवल बलरामपुर और बहराइच के सीमित क्षेत्रों में ही मिलते हैं। गरुड़ (ग्रेटर एडजुटेंट स्टार्क) महाराजगंज क्षेत्र में पाया जाता है, जबकि सारस का जनसंख्या घनत्व बहराइच में अन्य जिलों की तुलना में अधिक है। डॉ यश्मिता ने बताया कि पूर्वांचल की जैव विविधता समृद्ध है, लेकिन भारतीय गिद्धों की प्रजातियां अधिकांश जिलों में नहीं हैं और वे केवल तराई क्षेत्र तक ही सीमित हैं। आर्द्र भूमि वे क्षेत्र हैं जो स्थाई या मौसमी रूप से पानी से ढंके रहते हैं, जैसे दलदल, झीलें और नदियां। शोध में यह भी सामने आया है कि जलवायु परिवर्तन आर्द्र भूमि पारिस्थितिकी को तेजी से प्रभावित कर रहा है। अनियमित वर्षा, सूखा, अचानक जलभराव और जल



स्तर में बदलाव के कारण पक्षियों के भोजन, प्रजनन और प्रवासन में परिवर्तन देखा गया है। गौरैया और कौआ, विशेषकर शहरी क्षेत्रों में, कम हो रहे हैं। शहरों में पक्षी विविधता ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में खराब है। इसका मुख्य कारण निर्माण कार्य, बढ़ता शोर, प्रदूषण और जल स्त्रोतों का कम होना है। इसके विपरीत, ग्रामीण क्षेत्रों में खुले जलक्षेत्र, विविध वनस्पतियां और अपेक्षाकृत कम मानवीय हस्तक्षेप पक्षियों को बेहतर आवास प्रदान करते हैं। डॉ यश्मिता के अनुसार, कम गहराई वाले जल स्त्रोतों में पक्षियों के लिए भोजन की बेहतर उपलब्धता रहती है, जो उनके अस्तित्व के लिए महत्वपूर्ण है।

# संक्षिप्त खबरें

## संत गाडगे बाबा की 150 वी जयंती मनाई गई



**नैनी,प्रयागराज।** नयापुरवा स्टेनली रोड पर सोमवार को संत गाडगे बाबा की 150 वी जयंती केक काटकर धूमधाम से मनाई गई।समाजसेवी अनन्त कुमार चौधरी ने कहा कि सन्त गाडगे जी को भारत रत्न मिलना चाहिए केंद्र सरकार से अनुरोध है की अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता, अंधविश्वास, भोली-भाली मान्यताओं, अवांछित रीति- रिवाजों और परंपराओं को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। इसके लिए उन्होंने कीर्तन का मार्ग अपनाया। अपने कीर्तन में वे श्रोताओं को उनके अज्ञान, दोषों और दोषों से अवगत कराने के लिए विभिन्न प्रश्न पूछते थे। उनके उपदेश भी सरल और सहज होते थे। तुकाराम महाराज को अपना गुरु मानते थे।वरिष्ठ समाजसेवी अनंत कुमार चौधरी, शंभू शाहू, आनंद कुमार सिंह, विकास यादव संदीप चौधरी, दीपक यादव,अरूण चौधरी राम शेखर समस्त उपस्थित रहे।

# वैश्विक रेल मानचित्र पर भारत की छाप- बरेका का दसवां स्वदेशी 3300 एचपी लोकोमोटिव मोजाम्बिक रवाना

**● वाराणसी बन रहा है रेलवे लोकोमोटिव निर्यात केंद्र।**

**मोजाम्बिक की पटरियों पर दौड़ेगा बरेका निर्मित 3300 एचपी का स्वदेशी लोकोमोटिव।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) ने एक बार फिर लोकोमोटिव निर्माण के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया है। बरेका द्वारा निर्मित स्वदेशी 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव की दसवीं इकाई को 21 फरवरी 2026 को मोज़ाम्बिक के लिए सफलतापूर्वक रवाना किया गया। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि बरेका को मोज़ाम्बिक के लिए 3300 हॉर्स पावर एसी-एसी डीजल-इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के कुल 10 इंजनों का निर्यात आदेश प्राप्त हुआ था।

इन लोकोमोटिवों की आपूर्ति एम/एस राइट्स (RITES) के माध्यम से 10 लोकोमोटिवों के निर्माण एवं निर्यात के अनुबंध के अंतर्गत की गई है। पहले दो लोकोमोटिव जून 2025 में, तीसरा सितंबर में, चौथा अक्टूबर में तथा पाँचवाँ लोकोमोटिव 12 दिसंबर को भेजा गया था। इसके पश्चात छठा लोकोमोटिव 15 दिसंबर 2025, सातवां 8 जनवरी 2026, आठवां 23 जनवरी 2026, नौवां लोकोमोटिव 17 फरवरी 2026 को रवाना किया गया था

यह निर्यात वैश्विक मंच पर लोकोमोटिव निर्माण में भारत की बढ़ती क्षमताओं को दर्शाता है।

बरेका द्वारा निर्मित ये अत्याधुनिक 3300 हॉर्स पावर केप गेज (1067 मिमी) लोकोमोटिव 100 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति से संचालन में सक्षम हैं। इनमें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चालक-अनुकूल सुविधाएँ जैसे रेफ्रिजरेटर, हॉट प्लेट, मोबाइल होल्डर तथा आधुनिक केबिन डिजाइन उपलब्ध हैं, जो चालक सुविधा और परिचालन दक्षता को और अधिक बेहतर बनाते हैं। भारतीय रेल की उत्पादन इकाई बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) जो वाराणसी में स्थित है, अब लोकोमोटिव निर्माण के एक प्रमुख निर्यात केंद्र के रूप में उभर रहा है। स्वदेशी डिजाइन और उन्नत रेलवे प्रौद्योगिकी के निर्माण में अपनी विशेषज्ञता के बल पर बरेका वैश्विक रेलवे बाजार में भारत की उपस्थिति को सशक्त बना रहा है। वर्ष 2014 से अब तक बरेका श्रीलंका, म्यांमार और मोज़ाम्बिक जैसे देशों को लोकोमोटिव निर्यात कर चुका है, जिससे उन देशों की रेलवे प्रणालियों के विकास में सहयोग मिला है। 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' के विज़न के अनुरूप, ये निर्यात भारतीय रेल की उस क्षमता को प्रदर्शित करते हैं जिसके माध्यम से वह विश्व में प्रचलित विभिन्न गेज प्रणालियों के अनुरूप रोलिंग स्टॉक का डिजाइन, निर्माण और आपूर्ति कर सकती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से भारतीय रेल भागीदार देशों को उनके रेल अवसंरचना उन्नयन में सहयोग प्रदान कर रही है, साथ ही रेलवे रोलिंग स्टॉक एवं संबंधित सेवाओं के विश्वसनीय निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत कर रही है। लोकोमोटिव निर्यात के क्षेत्र में बरेका की ये उपलब्धियाँ भारत की बढ़ती तकनीकी आत्मनिर्भरता तथा वैश्विक रेलवे उपकरण बाजार में उसके निरंतर विस्तारित होते प्रभाव को प्रतिबिंबित करती हैं।

## समाजसेवी नाजिम खान ने पेश की इंसानियत की मिसाल



**नैनी, प्रयागराज।** रमज़ान के पवित्र महीने में जहां इबादत और सब्र का महत्व बढ़ जाता है, वहीं समाजसेवी नाजिम खान ने सेवा और इंसानियत की ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे क्षेत्र में सराहना का विषय बनी हुई है।रमज़ान के इस मुबारक महीने में नाजिम खान ने जरूरतमंद परिवारों के बीच राशन किट, इफ्तार का सामान और रोज़ेदारों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था करवाई। उन्होंने कहा कि 'रमज़ान सिर्फ भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं, बल्कि दूसरों के दर्द को समझने और उनकी मदद करने का महीना है। '

**जरूरतमंदों के लिए राहत**

नाजिम खान की पहल पर सैकड़ों गरीब और असहाय परिवारों तक राशन सामग्री पहुंचाई गई। इफ्तार के समय रोज़ेदारों को खजूर, फल, पानी और अन्य जरूरी सामान वितरित किया गया,जिससे रोज़ा खोलने में किसी को परेशानी न हो।

**समाज में सकारात्मक प्रभाव**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नाजिम खान हमेशा सामाजिक कार्यों में आगे रहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और गरीबों की मदद के क्षेत्र में उनका योगदान लगातार जारी है। रमज़ान के इस पवित्र महीने में उनका यह प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक बन गया है।

# आदिवासी समाज के मुद्दों पर काम के लिए सम्मानित किए गए डॉ अतुल मलिकराम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

*दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।*

**भोपाल प्रयागराज।** इंदौर के ऐतिहासिक गांधी हॉल में जनजातीय सामाजिक सेवा समिति द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम को आदिवासी समाज के उत्थान और कल्याण से जुड़े उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने बताया कि डॉ. मलिकराम लंबे समय से आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग समाज की सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक भागीदारी को सशक्त बनाने से जुड़े प्रयासों में सक्रिय रहे हैं। शिक्षा के प्रसार, सामाजिक जागरूकता और नीतिगत संवाद के माध्यम से उन्होंने समुदायों की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में काम किया है। इसी योगदान को ध्यान में रखते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान डॉ. मलिकराम ने भगवान बिरसा मुंडा को नमन करते हुए आयोजक मंडल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान जिम्मेदारियों को और बढ़ा देते हैं। उनके अनुसार आदिवासी समाज सदैव जल, जंगल और जमीन के साथ अपनी संस्कृति का संरक्षक रहा है, और आज आवश्यकता है कि संवेदनशील और प्रतिबद्ध लोग उनके साथ खड़े हों। उन्होंने यह भी कहा कि वे आगे भी आदिवासी समाज के हित में जो संभव होगा, करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने आदिवासी समाज के सामाजिक सशक्तिकरण, शिक्षा के विस्तार और समान अवसरों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और जमीनी स्तर पर काम कर रहे लोगों को प्रोत्साहन और पहचान मिलनी चाहिए। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के सम्मान कार्यक्रम सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को रेखांकित करने और उन्हें सार्वजनिक मान्यता देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## अप्पे और बोलेरो में जोरदार भिड़ंत, तीन घायल



**नैनी, प्रयागराज।** औद्योगिक क्षेत्र के रामपुर चौराहे के समीप सोमवार को बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के समीप अप्पे और बोलेरो में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद दोनों चालकों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ा तो सूचना पुलिस को दी गई। इस हादसे में अप्पे चालक सहित एक महिला और एक बच्ची घायल हो गई।घटना के बाद मौके पर रहे राहगीरों की मदद से पुलिस ने तत्काल घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया। वहीं दोनों वाहन को पुलिस थाने उठा लाई। थाने पर घंटों पंचायत के बाद दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया।थाना प्रभारी के मुताबिक रामपुर बृज मंगल इंटर कॉलेज के पास एक बोलेरो और अप्पे के बीच टक्कर हो गई थी। घटना में चालक समेत महिला और एक बच्ची घायल है। जिसे इलाज के लिए भेजा गया है। दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया गया है।

## पीएम मोदी के दौरे को लेकर इजरायल में घमासान, विपक्षी नेता ने संसद में बायकॉट करने की धमकी दी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायल दौरा वहां की घरेलू राजनीति में उलझता दिख रहा है. वहां के विपक्षी नेता याइर लैपिड (Yair Lapid) PM मोदी के इजरायली संसद के संबोधन भाषण को बॉयकॉट करने की धमकी दे रहे हैं. पीएम मोदी 25 फरवरी को दो दिवसीय इजरायल दौरे पर जाने वाले हैं. इस दौरान वो नेसेट (इजरायली संसद) को संबोधित कर सकते हैं। विपक्षी नेता लैपिड ने बुधवार को चेतावनी दी है कि अगर सुप्रीम कोर्ट के अध्यक्ष जस्टिस आइजैक अमित को विशेष सत्र में आमंत्रित नहीं किया जाता है तो वो अगले सप्ताह भारतीय प्रधानमंत्री नरंद्र मोदी के संबोधन का बहिष्कार करेंगे। लैपिड की यह धमकी प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सत्तारूढ़ गठबंधन के देश के शीर्ष न्यायाधीशों को लगातार नजरअंदाज किए जाने के विरोध में आई है. विपक्षी दलों का मानना है कि प्रोटोकॉल का यह उल्लंघन न्यायपालिका की गरिमा को कम करने की कोशिश है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 फरवरी को प्रस्तावित इसराइल यात्रा ऐसे समय हो रही है जब पूरा मिडिल-ईस्ट असाधारण तनाव से गुजर रहा है। यह दौरा केवल एक नियमित राजनयिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि ऐसे भू-राजनीतिक माहौल में लिया गया फैसला है जिसके दूरगामी कूटनीतिक संदेश निकल सकते हैं। सवाल यह है कि क्या भारत ने इस यात्रा के समय और उसके संभावित असर पर पर्याप्त संवेदनशीलता दिखाई है? खासकर भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है।

मौजूदा हालात में अमेरिका और ईरान के बीच टकराव की आशंकाएं बनी हुई हैं और इसराइल लगातार तेहरान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुए है। कई मुस्लिम देशों ने क्षेत्र में सैन्य तनाव से बचने की अपील की है। ऐसे समय में भारत के प्रधानमंत्री का तेल अवीव जाना स्वाभाविक रूप से प्रतीकात्मक अर्थ पैदा करता है- चाहे नई दिल्ली की आधिकारिक मंशा कुछ भी क्यों न हो। भारत लंबे समय से 'रणनीतिक संतुलन' की नीति पर चलता रहा है- एक ओर इसराइल के साथ मजबूत रक्षा सहयोग, दूसरी ओर खाड़ी देशों और ईरान के साथ गहरे आर्थिक और ऊर्जा संबंध। लेकिन आलोचकों का तर्क है कि हाल के वर्षों में इस संतुलन की धारणा कमजोर पड़ती दिख रही है। यदि भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी ताकत उसकी कूटनीति रही है, तो उसे प्रतीकों की राजनीति से भी उतनी ही सावधानी बरतनी चाहिए। मोदी की इसराइल यात्रा प्रतीकों की राजनीति का ही हिस्सा है।

## गृह मंत्री से भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी ने की मुलाकात



**नैनी, प्रयागराज।** रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं मंत्री भारत सरकार अमित शाह के निजी निवास पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रयागराज एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शिष्टाचार मुलाकात की उक्त भेंटवार्ता के दौरान दोनों नेताओं में जनपद प्रयागराज की जन समस्या, विकास कार्यों एवं मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गहन वार्ता हुई। नीरज त्रिपाठी पूर्व अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश सरकार ने केन्द्रीय गृहमंत्री को अपनी पांचों विधानसभा विमर्श शहर दक्षिणी कच्छ्ना, बारा, मेजा एवं कोरांव में सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों को बताया और साथ ही। उपरोक्त भेंटवार्ता में भाजपा के प्रदेश मंत्री,उत्तर प्रदेश कविता त्रिपाठी भी मौजूद रहीं। नई दिल्ली से वापसी पर नीरज त्रिपाठी का स्वागत अभिनंदन क्षेत्र नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनके आवास पर गर्मजोशी से किया गया। स्वागत करने वाले कार्यकर्ताओं में प्रमुख सुभाष तिवारी, प्रदीप पाण्डेय, अनिल मिश्रा, शिवरत्न मिश्रा, शिवम मिश्रा, बृजेश कुमार, विकास शुक्ला एवं पंकज द्विवेदी आदि गणमान्य जन शामिल रहे।

# प्रधानमन्त्री विकसित भारत रोजगार योजना के सम्बन्ध में वर्कशाप का किया गया आयोजन

**● जिलाधिकारी ने जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर योजना के प्रचार-प्रसार हेतु कैम्पों का आयोजन कराये जाने के दिए निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमन्त्री विकसित भारत रोजगार योजना के सम्बन्ध में वर्कशाप का आयोजन किया गया। वर्कशाप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज द्वारा योजना के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि भारत सरकार द्वारा सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन, रोजगार क्षमता, विनिर्माण एवं उद्योगों को बढावा देने के साथ कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा को बढावा देने के उद्देश्य से उक्त योजना का शुभारम्भ मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 01-8-2025 से प्रारम्भ किया गया है, जो कि दिनांक 31-7-2027 तक प्रभावी रहेगी।

उक्त योजना के अन्तर्गत प्रथम बार रोजगार पाने वाले कर्मचारी को 6 माह की निरन्तर सेवा पूर्ण करने पर प्रोत्साहन राशि रूपया 15000 मिलेगी एवं भविष्य निधि संगठन द्वारा विकसित की जाने वाली वित्तीय साक्षरता पाठ्यक्रम को पूर्ण करने के उपरान्त दूसरी किस्त का भुगतान किया गया। दूसरी ओर अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले प्रतिष्ठानों को नियमानुसार 02 वर्ष तक की अवधि के लिए प्रोत्साहन राशि दी जायेगी तथा विनिर्माण क्षेत्र के प्रतिष्ठानों का यह प्रोत्साहन राशि 04 वर्ष की अवधि तक दी जायेगी। इस योजना का लाभ पुराने एवं पुर्ननियोजित दोनो प्रकार के श्रमिक प्राप्त कर सकते हैं। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज क्षेत्र द्वारा इस योजना के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी शासकीय विभागों, उद्योगों एवं व्यापारिक संगठनों से सहायोग की अपेक्षा करते हुए इस योजना का व्यापक प्रचार, प्रसार एवं योजना से आच्छादित होने वाले प्रतिष्ठानों एवं डाटा को शेयर करने का अनुरोध किया गया।

जिलाधिकारी ने योजना कों अत्यन्त लाभदायक योजना बताते हुए सभी शासकीय विभागों को इस योजना का प्रचार-प्रसार करने हेतु एवं योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित प्रतिष्ठानों को इस योजना में अपना पंजीयन करवाने हेतु प्रेरित करने के निर्देश प्रदान किये गयें हैं। जिलाधिकारी ने भविष्य निधि संगठन एवं श्रम विभाग को इस योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर कैम्पों का आयोजन करने के निर्देश दिये गये हैं। इस वर्कशाप में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, प्रयागराज, उप श्रम आयुक्त, प्रयागराज क्षेत्र जिला विकास अधिकारी, प्रयागराज, सहायक आयुक्त उद्योग, प्रयागराज, अधिशासी अभियन्ता, विघुत विभाग, प्रयागराज, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रयागराज, समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रयागराज, नेशनल चौम्बर आफ कामर्स एवं लघु उद्योग भारती, प्रयागराज के प्रतिनिधि, इफ्कों, प्रयागराज के प्रतिनिधि एवं गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## डंपर की चपेट में आने से छात्रा की दर्दनाक मौत



**नैनी, प्रयागराज।** मिर्जापुर मार्ग पर स्थित बेथनी कान्वेंट स्कूल में सोमवार सुबह पढ़ने जा रही कक्षा दो की छात्रा को डंपर ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। स्कूल गेट के समीप हुई घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग वहां एकत्र हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा बूझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। नैनी कोतवाली क्षेत्र के महेवा पश्चिम पट्टी निवासी 10 वर्षीय फालिशा पुत्री नाजिम हुसैन बेथनी कान्वेंट स्कूल में कक्षा दो में पढ़ती थी। उसके पिता का निधन हो चुका है,जिससे वह ननिहाल में ही रहती थी।सोमवार की सुबह उसके मामा वली हाफिज बाइक से उसे पहुंचाने गए थे।स्कूल के समीप पहुंचने पर अचानक एक कार सामने आने पर उन्होंने ब्रेक लगा दिया, जिससे फ़लीशा सड़क पर गिर गई। इस दौरान पीछे से आ रही डंपर ने उसे कुचल दिया। उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक कुछ दूर जाकर डंपर खड़ी कर फरार हो गया।स्कूल गेट पर बड़ी संख्या में अभिभावक खड़े थे उन्होंने डंपर को घेर लिया, जिससे मिर्जापुर मार्ग पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझा बुझा कर शांत कराया।जिसके बाद यातायात समान्य हो सका।

# गुवाहाटी टर्मिनल का विस्तारः असम की कनेक्टिविटी को मिली नई ताकत

**● क्षमता 1 करोड़ 30 लाख तक।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी।

**ब्यूरो प्रयागराज।** लोकप्रिय गोपीनाथ बरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एलजीबीआईए) पर नए टर्मिनल ने आज शाम कमर्शियल ऑपरेशन शुरू कर दिया है, जिससे सालाना यात्री क्षमता बढ़कर 1 करोड़ 30 लाख तक होगी है और दक्षिण और दक्षिणपूर्व एशिया के लिए भारत के रणनीतिक उत्तर-पूर्वी प्रवेश द्वार के रूप में गुवाहाटी की प्रमुख एविएशन प्रवेश द्वार के रूप में स्थिति मजबूत हुई है। यह परिवर्तन चरणबद्ध, ऑपरेशन आधारित एक्टिवेशन के बाद हुआ, जिसमें पूर्ण तैनाती से पहले चेक-इन, बैगेज हैंडलिंग, सुरक्षा और एयरक्राफ्ट टर्न-अराउंड समेत विभिन्न क्षेत्रों में लाइव परीक्षण किए गए। टर्मिनल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 दिसंबर, 2025 को किया था। ऑपरेशन के शुभारंभ के अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा और भारत के सबसे बड़े निजी एयरपोर्ट संचालक, अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) के निदेशक जीत अदाणी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में पहले प्रस्थान करने वाले यात्री को औपचारिक बोर्डिंग पास जारी किया गया और मुंबई से आई अकासा एयर की उड़ान का नए परिसर में आगमन हुआ। अराइवल हॉल में पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई, जिनमें शिल्पकार समुदायों, चाय बागान कर्मियों, फ्रंटलाइन स्टाफ और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मियों ने भाग लिया, जो बुनियादी ढांचे के विस्तार के साथ क्षेत्रीय सांस्कृतिक पहचान को भी रेखांकित करता है।

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व शर्मा ने कहा,' की उन्होंने पिछले वर्ष एडवांटेज असम 2.0 के दौरान किए गए 50,000 करोड़ रुपये के निवेश के अपने वादे को पूरा किया है। मेरा विश्वास है कि इस नए टर्मिनल के संचालन से असम के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह असम के लिए एक गेमचेंजर साबित होगा। नए एयरपोर्ट टर्मिनल के निर्माण के दौरान असम की संस्कृति का सम्मान किया गया है,और एक असमिया होने के नाते हमें इस पर गर्व है। '

जीत अदाणी ने कहा कि,' यह विस्तार क्षेत्र की बढ़ती मांग और लंबे समय तक विकास पथ को दर्शाता है। आज का दिन कोई कमर्शियल उपलब्धि नहीं है। यह असम और उत्तर-पूर्व के लोगों के लिए गर्व का क्षण है। यह उन अनगिनत हाथों और दिलों की देन है जिन्होंने इस सपने को साकार किया।

यह माननीय प्रधानमंत्री के भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे के दृष्टिकोण और माननीय मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा के असम को उत्तर-पूर्व के आर्थिक इंजन के रूप में स्थापित करने के मिशन के अनुरूप है।

गुवाहाटी पिछले दशक में भारत के सबसे तेजी से बढ़ते गैर-मेट्रो हवाई अड्डों में उभरा है, जहाँ यात्री यातायात में लगातार वृद्धि दर्ज की गई है। हाल के वर्षों में यात्री संख्या नौ मिलियन से अधिक होने के



साथ, यह हवाई अड्डा यात्री संख्या के आधार पर देश के शीर्ष 10-12 सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में शामिल है। विस्तारित 1 करोड़ 30 लाख की क्षमता, नए मार्गों की शुरुआत, उड़ानों में वृद्धि और अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क विस्तार के लिए पर्याप्त अवसर प्रदान करती है। हवाई अड्डा 21 घरेलू गंतव्यों और तीन अंतरराष्ट्रीय मार्गों बैंकॉक, पारो और सिंगापुर से जुड़ा है तथा वर्तमान में प्रतिदिन 130 से अधिक विमान यातायात आवागमन संभालता है। अतिरिक्त क्षमता से गुवाहाटी की क्षेत्रीय हब के रूप में भूमिका और मजबूत होने की उम्मीद है जो उत्तर-पूर्व को मुख्य भूमि भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया से जोड़ता है।

सिस्टम वैलिडेशन प्रैक्टिस में एयरलाइन कॉर्डिनेशन, ग्राउंड हैंडलिंग, इमरजेंसी प्रोटोकॉल और डिजिटल इंटीग्रेशन शामिल थे। डिजी यात्रा-सक्षम प्रोसेसिंग, इंटीग्रेटेड वेफ़ाइंडिंग और सेन्ट्रल कम्युनिकेशन सिस्टम चालू हैं। रिटेल और फूड सर्विस फेज-वाइज तरीके से शुरू की जा रही हैं।

**वास्तुकला और सांस्कृतिक पहचान**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिप्राप्त भारतीय वास्तुकार नुरु करीम द्वारा डिज़ाइन किया गया यह टर्मिनल असम के कोपो फूल (फॉक्सटेल ऑर्किड) से प्रेरणा लेता है और इसमें 140 मीट्रिक टन से अधिक बांस का उपयोग किया गया है। असम की भलुका बांस शिल्पकारी और अरुणाचल प्रदेश की अपातानी जनजाति से जुड़ी बांस आधारित संरचनात्मक परंपराओं के वास्तुशिल्पीय संदर्भ उत्तर-पूर्व के व्यापक सांस्कृतिक ताने-बाने को दर्शाते हैं। गुंबदनुमा छत स्थानिक निरंतरता और प्राकृतिक प्रकाश वितरण को बढ़ाती है, जबकि एम्फीथिएटर शैली का आगमन प्रांगण यात्रियों को क्षेत्रीय कला और प्रदर्शन परंपराओं से परिचित कराता है। इस डिज़ाइन को समकालीन बुनियादी ढांचे के साथ क्षेत्रीय पहचान को एकीकृत करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वास्तुकला पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह हवाई अड्डा एएएचएल द्वारा अपनी सहायक कंपनी गुवाहाटी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड (जीआईएएल) के माध्यम से संचालित किया जाता है। एएएचएल तिरुवनंतपुरम, मुंबई, नवी मुंबई, लखनऊ, जयपुर, अहमदाबाद और मंगलुरु में भी हवाई अड्डों का प्रबंधन करता है।

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने बहाल किया पुराना नियम




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (EPFO) ने हायर पेंशन से जुड़े एक अहम मुद्दे पर स्पष्टीकरण जारी किया है। इस स्पष्टीकरण के साथ एक पुराना प्रावधान फिर से बहाल कर दिया गया है। इसके तहत कुछ पात्र कर्मचारी अब अपने वास्तविक मूल वेतन और महंगाई भत्ते (DA) के आधार पर पेंशन में अधिक योगदान का विकल्प चुन सकेंगे।यह फैसला उन कर्मचारियों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो लंबे समय से पेंशन गणना की सीमा को लेकर असमंजस में थे।

**2014 से पहले क्या था नियम?**

1 सितंबर 2014 से पहले कर्मचारियों को यह विकल्प मिलता था कि वे अपनी वास्तविक बेसिक सैलरी के आधार पर पेंशन योगदान बढ़ा सकें। खासकर सार्वजनिक क्षेत्र (क्क्र) के कर्मचारियों को इससे बड़ा लाभ होता था, क्योंकि उनकी सैलरी तय सीमा से अधिक होती थी।लेकिन 2014 में संशोधन लागू होने के बाद पेंशन योग्य वेतन की अधिकतम सीमा 15,000 रुपये (मूल वेतन+ DA) तय कर दी गई। इसके बाद हायर पेंशन का विकल्प व्यावहारिक रूप से बंद हो गया।

वर्तमान नियमों के अनुसारःपेंशन योग्य अधिकतम वेतनः ?15,000 प्रति माह,न्यूनतम मासिक पेंशनः 1,000, अधिकतम संभावित EPS पेंशनः 7,500 प्रति माह यानी भले ही किसी कर्मचारी की सैलरी 15,000 रुपये से ज्यादा हो, पेंशन की गणना इसी तय सीमा के आधार पर होती रही। यही कारण है कि 2014 के बाद भर्ती हुए या जिनका वेतन तय सीमा से अधिक था, वे वास्तविक वेतन पर पेंशन योगदान नहीं कर सके।

सरकार द्वारा जारी स्पष्टीकरण में साफ किया गया है कि हायर पेंशन की बहाल सुविधा कोई नया लाभ नहीं है। यह सिर्फ पुराने प्रावधान की बहाली है।महत्वपूर्ण बात यह है कि इसका लाभ केवल उन कर्मचारियों को मिलेगा, जिन्होंने 1 सितंबर 2014 के संशोधन से पहले उच्च पेंशन का विकल्प चुना था। यह सभी EPFO सदस्यों पर स्वतः लागू नहीं होगा। इसलिए 2014 के बाद नौकरी में आए कर्मचारी या जिन्होंने पहले यह विकल्प नहीं चुना था, वे इस बहाली के दायरे में नहीं आते।

## संक्षिप्त खबरें

### मौसम में बदलाव के संकेत से गहराने लगी है विभिन्न ग्रामीण इलाकों में पेय जल की समस्या



**पाकुड़िया, पाकुड, झारखंडः-** जल प्रकृति प्रदत्त सभी जीव धारियों के लिए अनुपम भेंट है जिस पर स्वतः सबों का अधिकार है परन्तु इस अनमोल उपहार को व्यवस्थित नहीं किए जाने से कृत्रिम जल संकट पैदा हो रहा है। इसके कारण लोगों की पेय जल की कठिनाइयां विशेष रूप से गर्मी के मौसम में प्रति वर्ष देखी जा रही हैं। हालांकि ठंड के दिनों में भी प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में सरकारी नलकूपों के खराब रहने के कारण कई क्षेत्रों में जल समस्या देखी गई। बहरहाल गर्मी और धूप की आहट से प्रखंड के धावाडंगाल, तालवा, पलियादह के सोगले रोड टोला, पात पहाड़ी सड़क टोला, पात पहाड़ी माझी टोला सहित विभिन्न पंचायतों के ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल घटने की सूचना है। बताया जाता है कि जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा पाकुड़िया प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर जल कूप लगाए गए हैं लेकिन अनेक नलकूप और जल टंकियां खराब होने से पेय जल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसके कारण विशेषकर गर्मी के दिनों में पेय जल की भीषण कठिनाइयों की आशंका ग्रामीण महिलाओं को दिख रही है।

लोगों का मानना है कि समय रहते यदि खराब पड़े नलकूपों और जल टंकियों की पूर्ण रूप से मरम्मत विभाग की ओर से करा दी जाए तो जल संकट की समस्या के समाधान में यह सहायक हो सकता है। जल एवं स्वच्छता विभाग को जल आपूर्ति की समस्याओं के निदानार्थ प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर पेय जल आपूर्ति की पहल करनी चाहिए ताकि पेय जल की सुविधा ग्रामीणों को उपलब्ध हो सके।

### शशांक को पीएचडी उपाधि मिलने पर जताई खुशी



**कोंच(जालौन)-** अमरचंद महेश्वरी इंटर कॉलेज कोंच के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य केके मिश्रा के पुत्र और सैनिक स्कूल मैनपुरी में रसायन विज्ञान के शिक्षक शशांक शेखर मिश्रा को जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर मप्र द्वारा रसायन विज्ञान विषय मे पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार शशांक शेखर मिश्रा ने श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय ग्वालियर के रसायन विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ अनीश पाण्डेय के पर्यवेक्षण में 'जिला जालौन उप्र के भूजल में फ्लोराइड का वितरण, स्वास्थ्य संबंधित समस्याएं और उनके निदान हेतु अधिशोषकों का अध्ययन' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। शशांक की इस उपलब्धि पर उनके बड़े भाई सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष कुमार मिश्रा सहित परिजनों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और नित नई प्रगति हेतु मंगलकामनायें दी हैं।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोंच(जालौन)-** ग्राम बिरगुवां बुजुर्ग में एक 33 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिरगुवां बुजुर्ग निवासी 33 वर्षीय महिला अंजली मंगलवार की सुबह घर पर अकेली थी। पति विजय अहिरवार गांव में ही एक शादी कार्यक्रम में गया हुआ था जबकि बाकी के परिजन खेत पर मजदूरी हेतु घर से बाहर थे। इसी दौरान अंजली ने घर के कमरे में टीनशेड पर लगे लोहे के पोल से दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। कुछ समय बाद जब परिजन घर पहुंचे तो उन्होंने अंजली को फांसी पर झूलता देख पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सीओ कोंच परमेश्वर प्रसाद एवं कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह ने आवश्यक जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका की शादी करीब 14 साल पहले हुई थी और उसके एक बेटा एक बेटी है। मृतका का मायका उमरारखेड़ा उरई में है। बताया जा रहा है कि पति से विवाद के चलते अंजली ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। सीओ का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो सकेगी जिसके बाद समुचित कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# झारखंड का अबुआ दिशोम बजट सिर्फ आंकड़ों की है बाजीगरी और जन-आकांक्षाओं के साथ विश्वासघात : मनीष जायसवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड की झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट विकास का रोडमैप नहीं, बल्कि राज्य के वित्तीय कुप्रबंधन की विफलता का एक निराशाजनक दस्तावेज़ है। रजत जयंती वर्ष के नाम पर परोसा गया यह बजट पूरी तरह से दिशाहीन और आधारहीन है, जिसमें विजन का नितांत अभाव झलकता है। सरकार न तो राजस्व सृजन की कोई स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत कर पाई है और न ही विकास की कोई ठोस और दीर्घकालिक दिशा दिखा सकी है। यह बजट केवल आंकड़ों का एक ऐसा मायाजाल बनकर रह गया है, जिसका जमीनी हकीकत और झारखंड की आम जनता की जरूरतों से कोई सीधा सरोकार नजर नहीं आता। उक्त बातें झारखंड सरकार द्वारा मंगलवार को पेश किए गए अबुआ दिशोम बजट पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद ने मनीष जायसवाल ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य का युवा वर्ग आज खुद को सबसे अधिक ठगा हुआ महसूस कर रहा है, क्योंकि इस बजट में न तो रोजगार के लिए कोई ठोस पहल है और न ही छात्रवृत्ति या अवसरों के विस्तार की कोई स्पष्ट योजना। 10 लाख नौकरियों का वादा करने वाली सरकार ने अनुबंधकर्मियों के भविष्य और युवाओं के सशक्तिकरण पर पूर्ण चुप्पी साध रखी है। इसी तरह अन्नदाता किसानों के लिए कोई सार्थक राहत नहीं दी गई है और न ही महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन हेतु कोई मजबूत कदम उठाया गया है। वृद्ध और दिव्यांगजनों की पेंशन में भी कोई सम्मानजनक वृद्धि न करना सरकार के संवेदनहीन दृष्टिकोण को उजागर करता है।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिला अस्पतालों में मेमोग्राफी और पेट स्कैन जैसी आधुनिक सुविधाओं की घोषणा केवल 'मुंगेरीलाल के हसीन सपने' दिखाने जैसा है, क्योंकि वर्तमान में संचालित बुनियादी स्वास्थ्य व्यवस्थाएं पूरी तरह चौपट हो चुकी हैं। झारखंड को आज खोखले दावों और कागजी घोषणाओं की नहीं, बल्कि दूरदृष्टि, पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता है। यह बजट जन अपेक्षाओं की कसौटी पर पूरी तरह विफल साबित हुआ है और राज्य की जागरूक जनता इस भेदभावपूर्ण और निराशाजनक बजट को कभी स्वीकार नहीं करेगी। संवेदनहीनता और जुमलेबाजी का यह दौर अब झारखंड की प्रगति में सबसे बड़ी बाधा बन चुका है।

# बरही के तीन विद्यालयों को एनटीपीसी ने उपलब्ध कराया खेल किट

**●हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल के प्रयास से छात्र-छात्राओं को मिली खेल सामग्री, सांसद व विधायक प्रतिनिधि ने किया वितरण**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल व बरही विधायक मनोज यादव के प्रयास से एनटीपीसी द्वारा बरही क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में खेल किट उपलब्ध कराया गया। इसके तहत परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही एवं प्लस टू उच्च विद्यालय गौरियाकरमा को खेल सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, बरही पश्चिमी मंडल सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, बरही पूर्वी मंडल प्रतिनिधि मोतीलाल चौधरी, मुखिया समशेर आलम, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम मुख्य रूप से उपस्थित थे। सांसद व विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि बहुत जल्द परियोजना बालिका उच्च विद्यालय को प्लस टू कराने का प्रयास सांसद हज़ारीबाग व बरही विधायक के द्वारा किया जा रहा है जो जल्द ही प्लस टू परियोजना बालिका उच्च विद्यालय हो जाएगा। विद्यालय के बच्चों को सम्बोधित करते हुए विधानसभा सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि सांसद मनीष जयसवाल शिक्षा के साथ-साथ खेल के विकास के प्रति भी प्रतिबद्ध हैं। विद्यार्थियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराना उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर ने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। इस प्रकार की पहल से ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। सांसद सह प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, रामस्वरूप पासवान, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, मोतीलाल चौधरी व मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने संयुक्त रूप से कहा कि एनटीपीसी द्वारा उपलब्ध कराई गई खेल सामग्री से विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और छात्र-छात्राएं जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। वितरित खेल सामग्री में क्रिकेट किट, फुटबॉल किट, वॉलीबॉल किट, बैडमिंटन किट तथा फर्स्ट एड किट शामिल हैं। विद्यालय परिवार ने सांसद मनीष जयसवाल, बरही विधायक मनोज यादव एवं एनटीपीसी के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार यादव, मंडल महामंत्री प्रमोद चंद्रवंशी, राजकुमार केशरी, कैलाशपति सिंह, परियोजना बालिका उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक रविकांत ओम, प्लस टू उच्च विद्यालय प्रधानाध्यापक शिव कुमार, शिक्षक सुनील द्विवेदी समेत विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# करियातपुर में दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव की तैयारी पूरी

**●26 फरवरी को निशान यात्रा, 27 फरवरी को भजन संध्या का होगा आयोजन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही प्रखंड के करियातपुर में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम प्रेमियों द्वारा दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है और सभी श्याम भक्त श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। महोत्सव की शुरुआत 26 फरवरी, गुरुवार को प्रातः 9 बजे भव्य निशान शोभा यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा करियातपुर स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर नाइतांड एवं बरसोत गांव का भ्रमण करते हुए पुनः अपने प्रारंभिक स्थल पर लौटेगी। शोभा यात्रा के उपरांत भक्तों के लिए महाप्रसाद स्वरूप भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वहीं 27 फरवरी, शुक्रवार को संध्या 7 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकार एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देंगे। आयोजकों के अनुसार फाल्गुन महोत्सव के दौरान फूलों की होली एवं इत्र वर्षा का भी विशेष आयोजन किया जाएगा, जिससे भक्तिमय वातावरण और अधिक आनंदमय बनेगा। दोनों दिनों भक्तों के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। महोत्सव को सफल बनाने में करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार, धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद, संजय केसरी, दीपक केसरी, संतोष प्रजापति, राहुल प्रजापति, दीपू केसरी, सुजीत केसरी, अमित केसरी, आशीष केसरी, अनुज केसरी, भीम केसरी, सौरभ केसरी, शिवम केसरी, ईश्वरी केसरी, रंजीत शर्मा, मुन्ना ठाकुर सहित सभी श्याम भक्त सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

### हाथी पांव से बचाव हेतु स्वास्थ्य कर्मियों ने ब्लॉक परिसर में कैंप कर खिलाई दवा



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़ जिला को फाइलेरिया मुक्त बनाने हेतु विगत 9 फरवरी प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बनर्जी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भरत भूषण भगत, चिकित्सकों एवम् स्वास्थ्य कर्मियों ने पाकुड़िया प्रखंड को फाइलेरिया मुक्त करने के अभियान की घोषणा की और 10 से 25 फरवरी तक पाकुड़िया प्रखंड में लगभग एक लाख से अधिक लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाने का लक्ष्य रख तत्परता से जुट गए। इस क्रम में 10 को प्रखंड के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में दवा खिलाई गई जबकि दूसरे दिन डोर-टू-डोर सेविकाओं तथा स्वास्थ्य सहियाओं ने दवा खिला कर लक्ष्य पाने में जुटी हैं। विभिन्न सुदूर ग्रामीण इलाकों में फाइलेरिया की दवा खिलाते हुए देखा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर 24 फरवरी को पाकुड़िया प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वास्थ्य कर्मियों को फाइलेरिया (हाथी पांव) से बचाव हेतु दवा खिलाने में लगनशीलता से जुटे हुए देखा गया। हालांकि फाइलेरिया मुक्त करने में कितने लोगों को दवा खिलाई गई इसकी सही जानकारी नहीं मिल पाई है।

# फुरसतगंज पुलिस द्वारा चोरी का खुलासा

**● चोरी की 03 भैंसें 01 तमंचा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी ।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिगं संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु वाहन के दौरान थाना फुरसतगंज पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों आदर्श यादव पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी ग्राम पूरे पुरई मजरे दोहरी थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली उम्र 19 वर्ष व अमरेश कुमार सिंह पुत्र प्यारे मौर्य निवासी ग्राम व पोस्ट लोधवारी थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र 22 वर्ष को चोरी की 03 भैसों के साथ गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त आदर्श यादव के कब्जे से 01 तमंचा 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ ।पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि दिनांक 22.02.2026 को ग्राम पूरे शीतल मजरे खालिसपुर से दोनों ने अपने 03 अन्य साथियों शिवबाबू सिंह पुत्र राजकरन सिंह निवासी ग्राम कोलई मजरे रूपामऊ थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली, अनिल यादव पुत्र राम कुमाल निवासी ग्राम राही थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली, लवलेश उर्फ देवा पुत्र लाल बहादुर यादव निवासी ग्राम पूरे पुरई मजेरे दोहरी थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली के साथ बरामद 03 भैंसों को ग्राम खालिसपुर से चोरी कर पिकअप संख्या यूपी 33 डीटी 3751 पर लादकर बेंचने जा रहे थे रास्ते में पिकअप का टायर पंचर हो जाने तथा स्टेपनी न होने के कारण भैंसों को तथा उनके साथ उन दोनों अभियुक्तों को उतार कर टायर का पंचर बनवाने के लिये चले गये थे तथा देर होने के कारण वापस नहीं आ पाये । गांव वालों एवं पुलिस से बचने के लिये भैंसों को उस खण्डर में लाकर रखे थे तथा अपने साथियों का इंतजार कर रहे थे । बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गयी है । थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# जिला अनाबद्ध निधि योजनाओं की हुई समीक्षा, उपायुक्त ने समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** लातेहार समाहरणालय सभागार में बीते मंगलवार को उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला अनाबद्ध निधि मद अंतर्गत संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति, स्वीकृत राशि, व्यय विवरण तथा भौतिक उपलब्धियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान प्रभारी पदाधिकारी (डीएमएफटी) समीर कुल्लू ने जिला अनाबद्ध निधि अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने योजनाओं की स्वीकृत राशि, अब तक हुए व्यय और कार्य प्रगति से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत योजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने लंबित योजनाओं में तेजी लाने तथा नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला अनाबद्ध निधि का मुख्य उद्देश्य स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप त्वरित विकास कार्यों को गति देना है। ऐसे में जनहित से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए स्थल निरीक्षण के माध्यम से गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और व्यय में किसी भी प्रकार की अनियमितता से बचा जाए। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें। बैठक में उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज अहमद, सिविल सर्जन डॉ. राजमोहन खलखो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, जिला योजना पदाधिकारी समीर कुल्लू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला पशुपालन पदाधिकारी, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### शिक्षक संघ ने 03 मार्च को होली के अवकाश की मांग

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र एवं जिला महामंत्री कलीमुल्लाह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को पत्र देकर होलिका दहन और होली के मध्य 03 मार्च को भी होली का अवकाश घोषित किए जाने की मांग की। जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र ने बताया कि जनपद में अधिकांश शिक्षक दो सौ से छः सौ किमी0 दूर दूसरे जनपद के हैं। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी अवकाश तालिका में 02 मार्च को होलिका दहन और 04 मार्च को होली है, 03 मार्च को अवकाश न होने के कारण, घर परिवार में होली मनाने के लिए जाने वाले दूरस्थ जनपद के शिक्षक 03 मार्च को पुनः विद्यालय पहुंचकर शिक्षण कार्य नहीं कर पाएंगे। इसलिए 03 मार्च को भी अवकाश घोषित किया जाना यथोचित होगा, जिससे कि सभी शिक्षक घर परिवार में हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मना सकें। प्रतिनिधिमंडल में जिला महामंत्री कलीमुल्लाह के अलावा संजय कुमार कन्नौजिया, दिलीप चौधरी, राम विलास चौधरी आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# हजारीबाग के बड़कागांव में बाइक चोर गिरोह पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**●23 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, मास्टर चाबी से वारदात करने वाला एक आरोपी गिरफ्तार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग जिले में लगातार बढ़ रही मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 23 अलग-अलग चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। इस मामले में एक शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं के उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देश पर सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), हजारीबाग के नेतृत्व में एक विशेष एसआईटी टीम का गठन किया गया। पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़कागांव थाना क्षेत्र के नापोकला में मोटरसाइकिल चोरी गिरोह के सदस्य बड़े पैमाने पर चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री के लिए पहुंचने वाले हैं। सूचना के आधार पर गठित छापेमारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नापोकला एवं आसपास के क्षेत्रों में एंटी क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को मोटरसाइकिल के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सतीश प्रजापति उम्र 30 वर्ष पिता बुधन प्रजापति, ग्राम नापोकला, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग बताया।

आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों से मास्टर चाबी के माध्यम से मोटरसाइकिल चोरी करता था। उसकी निशानदेही पर उसके घर एवं घर के पीछे छिपाकर रखी गई कुल 23 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई। बरामद मोटरसाइकिलों में स्प्लेंडर की 14, पैशन प्रो की 3, अपाची की 2, पल्सर की 2 तथा ग्लैमर की 2 मोटरसाइकिलें शामिल हैं। इसके अलावा एक इन्फिनिक्स मोबाइल भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त सतीश प्रजापति के विरुद्ध बड़कागांव थाना कांड संख्या 27/26, दिनांक 24.02.2026 के तहत धारा 111(2)(बी), 111(6), 111(7), 112(2), 317(4), 317(5), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अन्य सहयोगियों के नाम भी बताए हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए हजारीबाग एसआईटी टीम लगातार छापेमारी अभियान चला रही है। छापेमारी दल में अमित कुमार अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) हजारीबाग, पवन कुमार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बड़कागांव, पुलिस निरीक्षक ललित कुमार (बड़कागांव अंचल), थाना प्रभारी बड़कागांव कृष्ण कुमार गुप्ता, डाडी कला ओपी प्रभारी सागेन मुर्मू, सहायक अवर निरीक्षक बसंत भगत सहित बड़कागांव थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# रांची से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस सिमरिया के जंगल में क्रैश, सवार सातों की मौत

**●खराब मौसम के बीच रडार से गायब हुआ विमान, चार किलोमीटर अंदर जंगल से निकाले गए शव**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चतरा, झारखंडः-** रांची से दिल्ली जा रही एक एयर एंबुलेंस सोमवार शाम चतरा जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह भीषण हादसा सिमरिया थाना क्षेत्र के केंदू कसारी स्थित करमाटांड़ गांव के पास घने जंगल में हुआ, जिसमें विमान में सवार सभी सात लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस त्रासदी से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

**टेकऑफ के 23 मिनट बाद टूटा संपर्क**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेड बर्ड एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड की बीचक्राफ्ट सी-90 एयर एंबुलेंस ने बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से शाम 7:11 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। विमान को रात 8:30 बजे तक दिल्ली पहुंचना था, लेकिन उड़ान भरने के लगभग 23 मिनट बाद शाम 7:34 बजे एयर ट्रैफिक कंट्रोल से उसका संपर्क टूट गया। एयरपोर्ट निदेशक बिनोद कुमार के अनुसार, संपर्क टूटते ही हाई अलर्ट जारी किया गया। वाराणसी एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने भी पुष्टि की कि विमान उनके एयरस्पेस में प्रवेश के बाद संपर्क में नहीं आया। इसके बाद रेस्क्यू को-ऑर्डिनेशन सेंटर को सक्रिय कर खोज अभियान शुरू किया गया। कुछ देर बाद चतरा-सिमरिया सीमा क्षेत्र के जंगल में विमान के मलबे की सूचना स्थानीय ग्रामीणों ने दी, जिसके बाद प्रशासन और सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे।

**बेहतर इलाज के लिए दिल्ली ले जाया जा रहा था मरीज**



एयर एंबुलेंस में लातेहार जिले के सरोजनगर, चंदवा निवासी 41 वर्षीय संजय कुमार सवार थे, जो आग से गंभीर रूप से झुलस गए थे। उन्हें 16 फरवरी से रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर किया था। परिजनों ने करीब 8 लाख रुपये खर्च कर एयर एंबुलेंस की व्यवस्था की थी। लेकिन मानव जीवन बचाने की यह कोशिश भयावह हादसे में बदल गई।

**एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत**

विमान में मरीज संजय कुमार के साथ उनकी पत्नी अर्चना देवी और साले ध्रुव कुमार भी सवार थे। इसके अलावा पायलट कैप्टन विवेक विकास भगत, सहायक पायलट कैप्टन स्वराज दीप सिंह, डॉक्टर विकास कुमार गुप्ता और पैरामेडिकल स्टाफ सचिन कुमार गुप्ता भी मौजूद थे। हादसे में सभी सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**मौसम बना संभावित कारण**

जिला प्रशासन के अनुसार, उड़ान के दौरान मौसम अचानक खराब हो गया था। तेज हवा और कम विजिबिलिटी के कारण विमान असंतुलित हो गया और घने जंगल में जा गिरा। हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**चार किलोमीटर पैदल चलकर निकाले गए शव**

दुर्घटनास्थल मुख्य सड़क से लगभग चार किलोमीटर अंदर घने जंगल में था, जिससे राहत एवं बचाव कार्य में भारी कठिनाई हुई। जिला पुलिस प्रशासन और एसएसबी की टीम ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद सभी शवों को बाहर निकाला। जवानों ने शवों को कंधे पर उठाकर चार किलोमीटर तक पैदल लाया, जिसके बाद एंबुलेंस से पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

**एक महीने में दूसरा बड़ा हादसा**

गौरतलब है कि हाल के दिनों में विमान हादसों की घटनाएं चिंता बढ़ा रही हैं। 28 जनवरी 2026 को बरामती एयरपोर्ट पर हुए विमान हादसे में पांच लोगों की मौत हुई थी। वहीं 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। चतरा में हुई इस ताजा घटना ने पूरे झारखंड को झकझोर कर रख दिया है। मानव जीवन बचाने की कोशिश में हुई यह त्रासदी लंबे समय तक लोगों के जेहन में बनी रहेगी।

### ग्राम नरसिंहगढ़ में 26 व बनवीरकाछ में 28 फरवरी को ग्राम चौपाल का आयोजन

**प्रतापगढ़।** जनपद में चकबन्दी प्रक्रियाधीन 2 ग्रामों क्रमशः ग्राम नरसिंहगढ़ के पंचायत भवन नरसिंहगढ़ में 26 फरवरी को तथा ग्राम बनवीरकाछ के प्राथमिक विद्यालय बनवीरकाछ में 28 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे चकबन्दी अधिकारी सदर प्रथम सत्य प्रकाश चौबे की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा। ग्राम चौपाल के आयोजन से न केवल खातेदारों की समस्याओं का निराकरण होने बल्कि विवादों का निस्तारण हो सकेगा जिससे कृषकों को अनावश्यक मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी तथा चकबन्दी योजना के प्रति उनका विश्वास बढ़ेगा, परिणामस्वरूप चकबन्दी प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण किया जा सकेगा।

# संक्षिप्त खबरें

## सोनभद्र में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का चुनाव प्रक्रिया निरस्त



**– एल्डर कमेटी अध्यक्ष ने मुख्य चुनाव अधिकारी को चुनाव निरस्त करने का दिया निर्देश**

**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** –डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का वर्ष 2025-2026 का होने वाले चुनाव प्रक्रिया को एल्डर कमेटी अध्यक्ष श्री नाथ सिंह एडवोकेट ने मंगलवार को निरस्त कर दिया है। उन्होंने मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट को चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगाने के साथ ही यूपी बार काउंसिल के मार्डन बाइलॉज के अनुसार बाद में कराने का निर्देश दिया है।

सहायक चुनाव अधिकारीगण सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार सिंह एडवोकेट ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन का चुनाव कार्यक्रम 23 फ़रवरी 26 से शुरू होकर 9 मार्च 26 तक होना निश्चित था, किंतु मतदाता सूची में अधिवक्ताओं का पता न होना, जिस पर अधिवक्तागण ने आपत्ति व सलाह दिया कि मतदाता सूची में पता होना चाहिए, जिससे चुनाव प्रचार प्रसार में अधिवक्ताओं को सहूलियत मिल सके एवं बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के मॉडर्न बाइलॉज के नियमानुसार ना होने के कारण एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट को निर्देशित किया है कि समस्त चुनाव प्रक्रिया निरस्त किया जाता है व मतदाता सूची दुरुस्त करके चुनाव की तिथि बाद में घोषित किया जाएगा। इस बाबत डीएम, एसपी व एसडीएम सदर को भी अवगत करा दिया गया है।

## बगैर विकास कार्य कराए ही धनराशि निकालने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)**– विकास खंड क्षेत्र कोंच की ग्राम पंचायत चमेंड के मजरा गांव चमड़ा ठाकुरपुर निवासी ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि तमाम ऐसे विकास कार्य होना दिखाकर सरकारी धन निकाल लिया गया है जो विकास कार्य धरातल पर हुए ही नहीं हैं। ग्रामीणों ने प्रधान और सचिव पर मिलकर सरकारी धन का बंदरबांट किए जाने का आरोप लगाते हुए एसडीएम को शिक़ायती पत्र देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। ग्रामीण दारासिंह, रामसिंह, कौशल किशोर, ठाकुरदास, हमीर सिंह ल, अरुण, ज्ञानसिंह, हरीराम, अजय कुमार, जगमोहन आदि ग्रामीणों ने मंगलवार को एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने बीते जनवरी माह में गांव के अंदर खराब पड़े हैंडपंप सही कराए जाने के लिए सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र भेजा था, अगले माह फरवरी में प्रधान सचिव द्वारा हैंडपंप सही करा दिए जाने की झूठी रिपोर्ट लगा दी गई और इसके एवज में धनराशि निकाल ली गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि इसी प्रकार से तमाम ऐसे विकास कार्य होना दिखा कर सरकारी धन हड़प लिया गया है जो विकास कार्य पूरे पांच साल में हुए ही नहीं हैं। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत द्वारा जिन विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन निकाला गया है उनका भौतिक सत्यापन कराए जाने की मांग एसडीएम से की है।

## वीडियो देने वाले युवक ने लगाया झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप

**ललितपुर।** शहर के नझाई बाजार निवासी एक युवक ने झांसी मंडल के डीआईजी को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की साजिश की जा रही है। युवक ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित विशाल लक्ष्यकार पुत्र राकेश लक्ष्यकार ने बताया कि बीती 15 दिसंबर 2025 को टीकमगढ़ स्थित शादी गार्डन में आयोजित एक सगाई समारोह में कुछ लोगों द्वारा अवैध हथियारों से हर्ष फायरिंग की गई थी। युवक का कहना है कि उसने जनहित में उक्त घटना का वीडियो पुलिस को कार्रवाई हेतु उपलब्ध कराया था। आरोप है कि कार्रवाई करने के बजाय संबंधितों ने मामला रफा-दफा कर दिया। युवक का कहना है कि बाद में फायरिंग का वीडियो स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित होने से वह नाराज हो गए और उसे झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने आरोप लगाया कि 20 फरवरी को उसे बुलाकर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया तथा छेड़खानी और मानहानि के मुकदमे में फंसाने की चेतावनी दी गई। पीड़ित का यह भी आरोप है कि साजिश के तहत एक महिला की ओर से थाना कोतवाली में उसके खिलाफ धारा 351(3), 352, 75 व 78 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है, जो कि निराधार है, जबकि वह संबंधित महिला को जानता तक नहीं है। पीड़ित ने डीआईजी से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर उसे झूठे मुकदमे में फंसाए जाने से रोका जाए और दोषी पुलिस कर्मियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

# न्यायालय ने किया भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका समेत दो के विरुद्ध एनबीडब्ल्यू/ कुर्की की नोटिस जारी

**●- करीब 22 माह पूर्व नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग के बावजूद भी प्रोग्राम न करने,पैसा वापस मांगने पर जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने व लड़के को उठवा लेने की धमकी देने का मामला**

**- एससी/एसटी कोर्ट ने न्यायालय में हाजिर न होने पर की कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/ उत्तर प्रदेश** – करीब 22 माह पूर्व नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए एडवांस बुकिंग के बावजूद भी प्रोग्राम न करने तथा पैसा वापस मांगने पर जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित करने व लड़के को उठवा लेने की धमकी दिए जाने के मामले में विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए न्यायालय में हाजिर न होने पर भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका व इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के मालिक विकास कुमार के विरुद्ध गैर जमानती वारंट/ कुर्की की नोटिस जारी किया है। एसपी सोनभद्र को नोटिस का निष्पादन कराकर 14 मार्च 2026 को न्यायालय को कृत कार्यवाही से अवगत कराने का आदेश दिया गया है।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बहुअरा गांव निवासी राजेंद्र पुत्र रामनरेश ने दी तहरीर में आरोप लगाया है कि उसने नवरात्रि देवी जागरण कार्यक्रम के लिए 18 अप्रैल 2024 को भोजपुरी आर्टिस्ट के संयोजक विकास कुमार को दो लाख रुपये में बुक किया गया था। जिसके लिए एडवांस एक लाख 70 हजार रुपये दे दिया गया था।शेष बकाया के भुगतान की बात कार्यक्रम संपन्न होने पर तय हुई थी। कार्यक्रम में भोजपुरी गायिका अंतरा सिंह उर्फ प्रियंका को लाने की बात तय हुई थी। उसके लिए होटल में चार कमरे बुक किए गए थे। अंतरा सिंह को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी थी, बावजूद इसके बगैर प्रोग्राम किए ही अंतरा सिंह देर रात चली गई। जिसकी वजह से कार्यक्रम संपन्न नहीं हो सका। इससे करीब पांच लाख रुपये की क्षति हुई है। इस संबंध में पूछताछ करने पर संयोजक विकास कुमार द्वारा जाति सूचक शब्दों से गाली देकर अपमानित किया गया और लड़के को उठवा लेने की भी धमकी दी गई। इस प्रकार से दोनों लोगों ने धोखाधड़ी कर क्षति पहुंचाई है। इसकी सूचना थाने पर दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं कि गई। एसपी सोनभद्र को 31 अगस्त 2024 को रजिस्टर्ड डाक से सूचना दिया, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब मजबूर होकर न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में धोखाधड़ी समेत एससी/एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर विवेचक द्वारा विवेचना की गई और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई। कोर्ट में हाजिर न होने पर गैर जमानती वारंट/ कुर्की की नोटिस जारी किया गया है। कोर्ट द्वारा एसपी सोनभद्र से नोटिस का निष्पादन कराकर 14 मार्च 2026 को कृत कार्यवाही से अवगत कराने का आदेश दिया गया है।

# मतदाता एवं मातृभाषा जागरूकता रैली के साथ एनएसएस शिविर का हुआ समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**– सूरज ज्ञान महाविद्यालय कोंच में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं द्वितीय के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को जन जागरूकता रैली सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया गया। बद्री प्रसाद महाविद्यालय के भी एनएसएस शिविर का समापन हुआ। समापन दिवस पर शहीद भगत सिंह टोली, चन्द्रशेखर आजाद टोली, वीर सावरकर टोली, राम प्रसाद बिस्मिल टोली, रानी लक्ष्मीबाई टोली, रानी अहिल्याबाई टोली के स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली को महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील मुदगिल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली में शामिल स्वयंसेवक छात्र-छात्रायें स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। रैली के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए। सम्पूर्ण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवको को पुरस्कृत भी किया गया। प्रभारी प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य छात्र-छात्राओं के मध्य मैं नही हम की भावना का विकास करना है। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना का यह सदैव प्रयास रहता है कि राष्ट्र निर्माण हेतु लोकतन्त्रीय नागरिकता से युक्त नागरिकों का सृजन हो ताकि राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता अक्षुण्ण रखते हुए भारत राष्ट्र को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में स्थापित किया जा सके। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनील मुदगिल ने सात दिवसीय शिविर की कार्यवाही की आख्या प्रस्तुत की। संकल्प गीत के साथ शिविर के समापन की घोषणा की गई। इस अवसर पर अजय स्वर्णकार, नीरज सोनी, अनिल यादव, बृजेन्द्र यादव, मुकेश कुमार, पवन यादव, विकास सिंह, अखिलेश यादव, खुशनुमा परवीन, श्रष्टि यादव, आशुतोष पटेल आदि उपस्थित रहे।

वहीं दूसरी ओर सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय के ग्राम जुझारपुरा में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के अंतिम दिन मंगलवार को मातृभाषा जागरूकता और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां संपन्न हुई।

महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखर व प्रभारी प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह निरंजन ने मातृ?भाषा के बारे में स्वयंसेवकों को बताया कि जब कोई भाषा लुप्त हो जाती है तो वह अपने साथ एक संपूर्ण सांस्कृतिक और बौद्धिक विरासत को भी ले जाती है। वैश्विक स्तर पर मातृ?भाषा पर आधारित बहुभाषी शिक्षा में प्रगति हो रही है। इसके विकास के प्रति अधिक प्रतिबद्धता के साथ मातृभाषा का प्रचार-प्रसार करना होगा, हमें अधिक से अधिक मातृभाषा का प्रयोग करना होगा तथा कराना होगा। कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन ने सातों दिन किए गए कार्यक्रमों की आख्या प्रस्तुत की। कोऑर्डिनेटर कन्हैया नीखर ने आए हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए आभार जताया। संचालन मनोज श्रीवास्तव ने किया।

# विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक अभिन्न अंग : प्राचार्य

**●नेमवि में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** नेहरू महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की पांचों इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। महाविद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष शरद खैरा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल उद्देश्य समाज के साथ-साथ राष्ट्र की सेवा भी है। एनएसएस के स्वयंसेवक इस सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं से अवश्य परिचित हुए होंगे सभी स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेकर यहां से जाएंगे। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना का एक अभिन्न अंग है यह युवाओं के लिए विशेष रूप से आकर्षक है। क्योंकि यह छात्रों को समूह में रहने, सामूहिक अनुभव साझा करने और समुदाय के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखने के अनूठे अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जाता है। विशिष्ट अतिथि उप प्रबंधक एड.हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मूल मंत्र स्वयं से पहले आप है इन शिविरों में स्वयंसेवक जो भी कार्य करते हैं वह अपने लिए नहीं बल्कि दूसरे के लिए करते हैं इस प्रकार के शिविरों से स्वयंसेवक को में सामाजिक नेतृत्व का विकास होता है। प्रो.आशा साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर सामाजिक शिक्षा का अवसर प्रदान करते हैं। स्वयंसेवक ग्रामीण समाज में जाकर जन चेतना को समझने का काम करते हैं। कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार ने सात दिवसीय शिविर के अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम अधिकारी अनीता ने शिविरों की आख्या प्रस्तुत की कार्यक्रम अधिकारी मनीष वर्मा ने शिविर के प्रतिदिन के कार्यक्रमों से सभी को परिचित कराया। संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा.सुधाकर उपाध्याय ने व आभार कार्यक्रम अधिकारी डा.वर्षा साहू ने किया। इस दौरान डा.विनीत अग्निहोत्री, डा.रोहित वर्मा, डा.सत्यदेव, अनिल, सुरेश, मिलन, राकेश उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से 1163 बच्चों को मिल रहा सहारा : जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने जनपद वासियों को अवगत कराया है कि सरकार निराश्रित महिलाओं व बच्चों के पुनर्वास एवं संरक्षण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना प्रमुख है। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के हजारों बच्चों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है, जिससे उनके पालन-पोषण और शिक्षा में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं आ रही और वे अपने भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में जनपद के कुल 1163 बच्चों को इस योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जनपद के 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे निराश्रित बच्चे, जिन्होंने कोविड-19 के दौरान अपने माता-पिता दोनों को अथवा माता या पिता में से किसी एक को खो दिया है, इसके अतिरिक्त 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर जिनके माता-पिता का कोविड या अन्य कारणों से निधन हो गया है, तथा जेल में निरुद्ध बंदियों के बच्चों की देखरेख, शिक्षा और पालन-पोषण के लिए उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) संचालित की जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए इच्छुक अभिभावक ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह ने बताया कि योजना के तहत वे बच्चे पात्र होंगे जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु 01 मार्च 2020 के बाद हो चुकी हो और अभिभावक भी न हो, अथवा माता-पिता में से किसी एक की मृत्यु हो गई हो और माता तलाकशुदा या परित्यक्ता हो। इसके अलावा बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति या बाल वेश्यावृत्ति से मुक्त कराए गए बच्चे तथा ऐसे परिवारों के बच्चे जिनके माता-पिता या मुख्य कर्ता जेल में हैं, भी योजना के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि पात्र परिवार के अधिकतम दो बच्चों को प्रति बालक/बालिका 2500 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आवेदन के लिए अभिभावक व बच्चे का आधार कार्ड, संयुक्त फोटो, संरक्षक का बैंक खाता, तीन लाख रुपये से कम आय प्रमाण पत्र, 01 मार्च 2020 के बाद का मृत्यु प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल फीस रसीद या प्रमाणित प्रति, राशन कार्ड/निवास प्रमाण पत्र/परिवार रजिस्टर की नकल आदि दस्तावेज आवश्यक होंगे। जनपद में वर्तमान में कुल 1163 लाभार्थियों में 195 बच्चे कोविड श्रेणी और 968 बच्चे सामान्य श्रेणी के अंतर्गत योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनीं जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं, सुनकर दिए त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश

**●जनता की आवाज़ को प्राथमिकता- पुलिस अधीक्षक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता, संवेदनशीलता एवं पूर्ण धैर्य के साथ सुना गया। जनता दर्शन में उपस्थित नागरिकों द्वारा भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, गुमशुदगी, साइबर धोखाधड़ी, राजस्व एवं आपसी विवादों सहित अन्य पुलिस संबंधी समस्याओं से अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र ने प्रत्येक प्रकरण को व्यक्तिगत रूप से सुनते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिकायतों पर गुणवत्ता पूर्ण जांच करते हुए पीड़ित पक्ष को संतोषजनक कार्यवाही से अवगत कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही, विलंब या अनावश्यक उत्पीड़न कतई स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिन प्रकरणों में त्वरित हस्तक्षेप अपेक्षित है, उनमें तत्काल प्रभाव से विधिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के आदेश भी दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने आगे कहा गया कि जनता दर्शन केवल शिकायत सुनने का माध्यम नहीं, बल्कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास, पारदर्शिता एवं जवाबदेही को मजबूत करने का एक सशक्त मंच है। आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान ही पुलिस की प्राथमिकता है।

# सचिव ने राजकीय बाल गृह का किया औचक निरीक्षण

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में सचिव/सिविल जज सी.डी. शैलजा मिश्रा ने मंगलवार को राजकीय बाल गृह, देवरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन, आवास एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सचिव ने बाल गृह के अभिलेखों एवं प्रपत्रों का अवलोकन कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा दैनिक व्यायाम की व्यवस्था करने पर विशेष जोर दिया गया। परिसर, भंडार कक्ष एवं सुरक्षा व्यवस्था की साफ-सफाई और सुदृढ़ीकरण के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षित वातावरण की जिम्मेदारी सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# आदर्श नगर पंचायत चोपन में बिना बीमा, फिटनेस व प्रदूषण प्रमाणपत्र के दौड़ रहे वाहन, जनसुनवाई में शिकायत दर्ज

**●लोगों की निगाहें संबंधित विभाग पर, संबंधित नगर पंचायत मौन**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र** – आदर्श नगर पंचायत चोपन द्वारा संचालित नगर निकाय वाहनों के बिना वैध दस्तावेज सार्वजनिक मार्गों पर संचालन का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। नगर पंचायत द्वारा उपयोग में लाई जा रही जेसीबी, ट्रैक्टर, कूड़ा गाड़ी, लिफ्टिंग मशीन एवं कीटनाशक फॉग मशीन बिना बीमा, फिटनेस प्रमाणपत्र एवं प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र (PUC) के बेधड़क सड़कों पर दौड़ती देखी जा रही हैं। जानकारी के अनुसार यह स्थिति मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों का खुला उल्लंघन है। बिना वैध दस्तावेजों के भारी वाहनों का संचालन न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा पर भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। इसके साथ ही प्रदूषण नियंत्रण नियमों की भी अनदेखी की जा रही है।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय नागरिक द्वारा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र एवं सम्भागीय परिवहन विभाग को जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। शिकायत में मांग की गई है कि नगर पंचायत चोपन द्वारा संचालित समस्त वाहनों की तत्काल जांच कराई जाए तथा जिन वाहनों के पास वैध बीमा, फिटनेस एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र नहीं हैं, उनका संचालन तुरंत रोका जाए। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस कानून का पालन आम जनता से सख्ती से कराया जाता है, उसी कानून का उल्लंघन स्वयं नगर पंचायत द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसकी जिम्मेदारी तय करना भी कठिन होगा। स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही दोबारा न हो और सड़क सुरक्षा व पर्यावरण मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सके।

# रोवर रेंजर शिविर में तंबू लगाने का दिया गया प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**– मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में आयोजित पांच दिवसीय रोवर-रेंजर प्रवेश एवं निपुण प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन मंगलवार को उत्साह और अनुशासन का उत्कृष्ट माहौल देखने को मिला। शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सेवा भावना का विकास करना रहा। प्रथम सत्र में दीक्षा संस्कार एवं तंबू लगाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सत्र की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई जिसके बाद बीपी सिक्स कार्यक्रम संपन्न हुआ। दीक्षा संस्कार के दौरान रोवर प्रभारी डॉ. भूपेंद्र त्रिपाठी ने स्कार्फ में गांठ बांधने की विधि और उसके प्रतीकात्मक महत्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड परंपराएं अनुशासन और प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। कहा कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाते हैं और उनमें राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करते हैं। द्वितीय सत्र में रेंजर प्रभारी मधुरलता द्विवेदी के निर्देशन में रोवर-रेंजर्स को तंबू लगाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने सीमित संसाधनों में स्वयं को व्यवस्थित रखने की कला सिखाई। साथ ही जंगल या खुले क्षेत्र में रहने की तकनीकें, नदी नाले पर अस्थायी पुल बनाना भी सिखाया गया, ताकि आपात स्थिति में दल सुरक्षित रूप से आगे बढ़ सके।इस मौके पर हार्दिक, अनुज चौबे, सनी, कृष्णा, मुस्कान, निशा, शिवानी, प्रतिज्ञा, साक्षी, नम्रता, वैष्णवी, रागिनी, कीर्ति, नन्दनी आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्ध घायल, चालक अज्ञात

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ई-रिक्शा की टक्कर से एक वृद्ध महिला घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया गया है कि ग्राम जामुनखाना खुर्द निवासी गेंदारानी पत्नी स्व. भोरेलाल ने कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 17 नवंबर 2025 को सुबह करीब 11 बजे वह दवा लेने के लिए मेडिकल जा रही थीं। आरोप है कि जैसे ही वह रामराजा मंदिर के पास पहुंचीं, तभी पीछे से तेज गति और लापरवाही से आ रहे ई-रिक्शा (संख्यायू.पी.94 ए.टी. 1469) ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वृद्धा को शरीर में गंभीर चोटें आई। पीड़िता ने उपचार कराने के बाद अब रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस ने बीएनएस की धारा 281 व 125(बी) के तहत अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने किया जनपद का दौरा

**●वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर बुजुर्गों से किया संवाद, व्यवस्थाओं के प्रति जताई संतुष्टि**

**घुमंतू समाज के लोगों को विकास की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए वर्तमान सरकार उठा रही है ठोस कदमः राज्यमंत्री असीम अरुण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री असीम अरुण ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनपद ललितपुर का भ्रमण किया, यहां उन्होंने सर्वप्रथम रामनगर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर बुजुर्गों की समस्याएं सुनीं। तदोपरान्त पार्टी कार्यालय पहुंचकर जनप्रतिनिधिगणों व कार्यकर्ताओं से वार्ता की।

इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष भाजपा हरिश्चन्द्र रावत, प्रतिनिधि राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन उ0प्र0 चन्द्रशेखर पंथ जनपद के अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधियों एवं मुख्य विकास अधिकारी, उपनिदेशक महोदया, समाज कल्याण, झांसी मण्डल, जिला समाज कल्याण अधिकारी ललितपुर उपस्थित रहें।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने महरौनी के पचौड़ा ग्राम में आयोजित घुमंतू समाज आभार सम्मेलन में पहुंचकर कहा कि घुमंतू समाज को विकास से जोड़ने के लिए वर्तमान सरकार बड़े निर्णय ले रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'घुमंतू विकास मिशन' पर सतत् गति से कार्य किया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न विभाग मिलकर ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ेंगे का काम कर रहे हैं, जो किसी कारणवश विकास की दृष्टि से पीछे रह गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए तीन प्रमुख दस्तावेज आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। इन दस्तावेजों के अभाव में कई परिवार योजनाओं से वंचित रह जाते हैं। इसलिए जिले स्तर पर भी ऐसे मजरों को चिन्हित किया जा रहा है जो सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।

राज्यमंत्री ने कहा कि ललितपुर में कई छोटे समूह अनुसूचित सूची में शामिल होने से छूट गए हैं। उन्होंने नाथ समाज और बुनकर समाज का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे समाजों को पुनः सूचीबद्ध करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना पूरी होने के बाद प्रत्येक जाति के उचित प्रतिनिधित्व के आधार पर सामाजिक न्याय की नई पहल की जाएगी, ताकि सूचीबद्ध वर्गों के भीतर भी जो लोग वंचित हैं, उन्हें उनका अधिकार मिल सके।

राज्यमंत्री ने वृद्धाश्रम के निरीक्षण के दौरान यहां निवासरत वृद्धजनों को माल्यार्पण व फल वितरण करके आभार प्रकट किया, साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में कोई भी वृद्ध, वृद्धावस्था पेंशन से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कैम्प लगाकर समस्त वृद्धजनों को आँखों व अन्य बीमारियों का इलाज कराया जाए। राज्यमंत्री ने यह भी सुझाव दिये गये है कि वृद्धजनों को उनकी प्रतिभा के अनुसार छोटे-छोटे उत्पादक कार्यों में प्रशिक्षित किया जाए तथा रोजगार के अवसर प्रदान कर आर्थिक लाभ दिलाया जाए, जिससे वृद्धजनों को आर्थिक सहयोग भी मिल सके। आश्रम में निवासरत वृद्धजनों द्वारा आल्हा गीत व भजन आदि गाया गया, जिसकी राज्यमंत्री ने प्रशंसा करते हुए वृद्धाश्रम की व्यवस्थाओं पर संतुष्टि व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### सिद्धार्थनगर में मोटर साइकिल और ई रिक्शा की आमने - सामने की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

**सिद्धार्थनगर।** कपिलवस्तु थाना क्षेत्र के बर्डपुर अलीगढ़वा मार्ग पर शिवपुर गांव के पास मंगलवार की सुबह एक सड़क हादसा में दो घायल हो गए, जिसमें एक की मौत । मिली जानकारी के अनुसार शिवपुर गांव के सामने कपिलवस्तु से बर्डपुर जाने वाली मुख्य सड़क पर तेज रफ्तार मोटरसाइकिल और ई रिक्शा के बीच टककर हो गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चैनपुर से बर्डपुर जाने वाले मार्ग पर मोटरसाइकिल ई रिक्शा आ रहा था कि अचानक मोटरसाइकिल और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार उछलकर कुछ दूर पर जाकर गिरा एवं ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में किसन प्रजापति पुत्र तीरथ ग्राम रसूलपुर टोला शिवपुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया । उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बर्डपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल सुरेश विश्वकर्मा पुत्र चेतराम निवासी नौनहवा बर्डपुर नंबर छह थाना कपिलवस्तु का बताया जाता है, घायल सुरेश की नाजुक हालत देख चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया । पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुलिस की कार और रोडवेज बस की भिड़ंत



**घाटमपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के जगन्नाथ पुर गांव के पास राजकीय आइटीआई कालेज के निकट एक फोर व्हीलर और रोडवेज बस की आमने सामने भिड़ंत हो गई,,,इस घटना में एक बड़ा हादसा टल गया,, भिड़ंत के बाद फोर व्हीलर की चालक सीट से एक पुलिस कर्मी बाहर आया, पुलिस कर्मी को कोई चोट नहीं आई,और वह सुरक्षित रहा,हादसा होते देख आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, ग्रामीणों के अनुसार टक्कर काफी जोर दार थी,, हालांकि यह जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई,कि दुघर्टना ग्रस्त फोर व्हीलर में सवार पुलिस कर्मी किस थाने में तैनात हैं,इस मामले में अभी तक कोई पुलिसिया कार्रवाई नहीं की गई।

### राजेश चौथी बार बने सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष



**सिद्धार्थनगर।** उसका ब्लॉक के परिसर में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ का द्विवार्षिक अधिवेश जिलाध्यक्ष रणजीत कुमार गौतम की अध्यक्षता में सपन्न हुई।ब्लॉक स्तरीय इस अधिवेशन में चौथी बार राजेश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष, हरिश्चंद्र को महामंत्री,कमला प्रसाद संगठन मंत्री ,कोषाध्यक्ष राम बुझावन को और सुनील कुमार को संप्रेक्षक पद पर सर्व सम्मति से मनोनीत किया गया। सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों ने एक दूसरे को इस मनोनयन पर बधाई दी है।मनोनीत पदाधिकारियों को प्रत्याशी को एडीओ पंचायत उमेश चंद्र पटेल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राम सुरेश चौहान,संगठन के जिलाध्यक्ष रणजीत , महामंत्री लल्लन भास्कर, प्रधान संघ के अध्यक्ष सोनू यादव, अखिलेश यादव, उमेश पटेल, प्रह्लाद पांडेय, अखिलेश यादव,कृतिका पांडेय, राहुल यादव,लवकुश, राकेश भारती , दिनेश, शशि, प्रेम सागर, संजय कपूर, बबलू, दिनेश, शेष राम आदि मौजूद रहे।

### नालों पर ढक्कन रखने की मांग

**सिद्धार्थनगर-** उसका बाजार कस्बा के विभिन्न वार्डो में जलनिकासी के लिए बनाए गए नाली और नालों पर ढक्कन का अभाव है। अधिकांश नालों पर ढक्कन नही रखा है इससे लोगों मे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नागरिक छोटे बच्चो को लेकर काफी चिंतित रहते है। कई नाली और नालों पर पूर्व में रखा ढक्कन भी टूट गया है जिससे लोग चोटिल हो रहे है। नागरिकों ने प्रशासन से नाली और नालों पर ढक्कन रखने की मांग की है।

# प्रतापगढ़ में स्ट्रॉबेरी की दस्तक, सरखेलपुर के किसान मो0 नईम ने रचा इतिहास

● 0.40 हेक्टेयर में 25 हजार पौधों से प्रतिदिन 60 किलो उत्पादन, प्रयागराज प्रदर्शनी में दो श्रेणियों में प्रथम स्थान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जनपद के विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथ धाम के ग्राम सरखेलपुर के प्रगतिशील कृषक मो0 नईम उर्फ पप्पू 'मैंगो वाले' ने परंपरागत खेती से हटकर स्ट्रॉबेरी उत्पादन की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए जिले में नई कृषि क्रांति की शुरुआत की है। आम के व्यवसाय से जुड़े रहे नईम ने उद्यान विभाग के सहयोग से पहली बार व्यावसायिक स्तर पर स्ट्रॉबेरी की खेती की और अल्प समय में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर चर्चा का विषय बन गए हैं। उद्यान विभाग द्वारा उन्हें 'स्वीट चार्ली' प्रजाति के 5000 पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। इसके अतिरिक्त नईम ने स्वयं महाराष्ट्र के प्रसिद्ध स्ट्रॉबेरी उत्पादक क्षेत्र महाबलेश्वर से 20,000 पौधे 'पार्थेनोप 115 पी.बी.आर.' प्रजाति के मंगवाए। कुल 0.40 हेक्टेयर भूमि में नवंबर माह में रोपण कर आधुनिक तकनीक, संतुलित पोषण प्रबंधन एवं नियमित सिंचाई व्यवस्था के माध्यम से फसल तैयार की गई।

वर्तमान समय में उनके खेत से प्रतिदिन औसतन 60 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाली स्ट्रॉबेरी का उत्पादन हो रहा है, बाजारों में उन्हें रूपये 250 प्रति किलोग्राम की दर से थोक मूल्य प्राप्त हो रहा है। 20, 21 एवं 22 फरवरी को आयोजित मण्डलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी, प्रयागराज में नईम ने स्ट्रॉबेरी की दो अलग-अलग श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नईम का चयन 'राइजिंग प्रतापगढ़' कार्यक्रम के अंतर्गत नवोन्मेषी कृषक के रूप में किया गया है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने उनके उत्पाद की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि नईम की सफलता यह दर्शाती है कि यदि किसान परंपरागत फसलों के साथ-साथ बागवानी एवं उच्च मूल्य वाली फसलों को अपनाएं तो कम भूमि में भी बेहतर आय अर्जित की जा सकती है। उन्होंने अपेक्षा की कि नईम जनपद के अन्य कृषकों को भी प्रेरित करेंगे।

## जल जीवन मिशन से प्रतापगढ़ के ग्रामीणों को खारे पानी से मिली स्थायी राहत

**प्रतापगढ़।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद प्रतापगढ़ में ग्रामीण क्षेत्रों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। अधिशासी अभियंता तौसीफ अहमद के निर्देश के क्रम में एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन के क्रम में विकासखंड पट्टी के कुकुवार एवं कोहरांव, विकासखंड कुंडा के सुजौली तथा विकासखंड बाबा बेलखरनाथ धाम के हरजामऊ ग्राम में संचालित पाइप पेयजल योजनाओं को प्रभावी रूप से क्रियान्वित किया गया। इन ग्रामों में लंबे समय से ग्रामीण खारे एवं लवणीय भूजल की समस्या से जूझ रहे थे, जिसके कारण पेयजल उपयोग में कठिनाई एवं स्वास्थ्य संबंधी परेशानियाँ उत्पन्न हो रही थीं। जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक मानक अनुरूप स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। जलाशयों के निर्माण, गुणवत्तापूर्ण पाइपलाइन बिछाने तथा नियमित जल गुणवत्ता परीक्षण की व्यवस्था से हजारों ग्रामीण परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। महिलाओं एवं बच्चों को दूरस्थ स्थानों से पानी लाने की कठिनाई से मुक्ति मिली है।

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा ने किया नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा द्वारा पारस गार्डेन, बर्रा कानपुर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा का स्वागत एवं सम्मान कानपुर जिला इकाई के द्वारा किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा ने संगठन के पदाधिकारियों, बुजुर्गों, कर्मठ साथियों और युवा साथियों को प्रणाम करते हुए कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमारे समाज के लिए अत्यंत गौरव और उत्साह का दिन है। हमारी युवा पीढ़ी शिक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करें। क्योंकि शिक्षा ही वह हथियार है। जिससे समाज का भाग्य बदला जा सकता है। कुशवाहा समाज की ताकत हमारी एकता और अनुशासन में है। आइए हम सभी मिलकर कुशवाहा समाज को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लें। हमारी पहचान कुशवाहा, मौर्य, शाक्य और सैनी से कही बड़ी है। हम सब एक है और हमारी एकता ही हमारी शक्ति है। हमारे युवा साथी भविष्य के निर्माता हैं। अपनी जड़ों को न भूलें। अपनी पहचान बनाने के लिए निरंतर संघर्ष करें। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कार्यक्रम में अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सचिव केतकी कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष विजय कुशवाहा, चकरपुर मंडी समिति अध्यक्ष पंकज कुशवाहा, प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग जय प्रकाश कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, गीता शाक्य, सर्वेश कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, अरुण कुशवाहा, पुष्पेंद्र कुशवाहा, उमेश कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा, कमल कुशवाहा, स्वतंत्र कुशवाहा, जेपी मौर्य, एस एन कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, प्रशांत मौर्य, संजय मौर्य, गौरव कुशवाहा, संदीप कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, वंश कुशवाहा, धर्मेंद्र कुशवाहा, सागर कुशवाहा, दीपू कुशवाहा आदि लोगो सहित हजारों की संख्या के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय परिसर में तोड़फोड़ व मारपीट, पांच पर एफाईआर

**बलरामपुर ।** गौरा चौराहा, जमीन विवाद को लेकर विद्यालय परिसर में तोड़फोड़ और मारपीट का मामला सामने आया है। तुलसीपुर क्षेत्र के ग्राम जद्दापुर मजरा गुदरा निवासी प्रीति गुप्ता ने गौरा चौराहा थाने में तहरीर देकर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार वह ग्राम तकिया कैलाशगढ़ में वर्ष 2013 से विद्यालय का संचालन कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शौचालय निर्माण के लिए गांव के राम कुमार से 50 हजार रुपये में जमीन खरीदी थी। पूरा भुगतान करने के बावजूद आरोपी ने अब तक बैनामा नहीं किया। आरोप है कि 20 फरवरी को राम कुमार ने विद्यालय के बरामदे की दीवार तोड़कर छज्जे पर जबरन निर्माण कार्य शुरू करा दिया।इस दौरान विद्यालय की सीढ़ी, नल, रेलिंग, छज्जा, दरवाजे का पिलर, पानी की टंकी, खिड़की, पाइप, टोटी, वॉशबेसिन और बच्चों के बैठने की बेंच तक क्षतिग्रस्त कर दी गई। शाम करीब छह बजे जब प्रीति गुप्ता ने विरोध किया तो राम कुमार उर्फ साधु, शीला उर्फ मुन्नी, राम लौटन, राजेंद्र और अर्जुन ने उनके साथ मारपीट की। थानाध्यक्ष हरीश सिंह ने बताया कि पांचों आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## विज्ञान मेला प्रदर्शनी में बच्चों की दिखी प्रतिभा, विधायक ने की सराहना

●स्कूल में लगे विज्ञान मेला प्रदर्शनी में बच्चों के साथ विधायक विनय वर्मा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के इटवा ब्लाक के कठेला चौराहे पर स्थित सिद्धार्थ जूनियर हाई स्कूल में मंगलवार को विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विज्ञान मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शित कर प्रतिभा का परिचय दिया। विधायक विनय वर्मा ने विधायक निधि से विद्यालय में भवन निर्माण के लिए 25 लाख रुपए देने की घोषणा किया। विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शित कर जल सरंक्षण का महत्व समझाते हुए जल ही अमृत है, इसे बचाएं रखने का संदेश दिया। अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार व स्मति चिन्ह दिया गया। विज्ञान मेले का उद्घाटन शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने किया।इस दौरान उन्होंने कहा कि विज्ञान मेला के आयोजन से बच्चों में अन्वेषन और रचनात्मकता का विकास होता है। इससे उनके सोचने- समझने की शक्ति का भी विकास होता है इसीलिए ऐसे आयोजन में ना सिर्फ बच्चों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में हिस्सा लेना चाहिए, बल्कि अभिभावकों को अपने बच्चों को ऐसे मेलों या आयोजनों में जरूर लाना चाहिए।इस दौरान प्रबन्धक हरिराम पांडेय,भाजपा नेता सुरेश्वर पुरी,विजय पाण्डेय, रामदास मौर्य,प्रदीप कमलापुरी, कुलदीप चौधरी, अनिल मिश्र,ओम प्रकाश वर्मा,आशीष वर्मा, राहुल सोनी, राज किशोर मोदनवाल, गुड्डू वर्मा, पिंटू सोनी, बृहस्पति नाथ चौबे आदि मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना पर कार्यशाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** विकास भवन में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी दिव्या मिश्रा ने की। कार्यशाला में क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त प्रयागराज के राहुल वर्मा ने योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा रोजगार सृजन, विनिर्माण क्षेत्र को प्रोत्साहन तथा कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस योजना की शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 1 अगस्त 2025 को की गई है, जो 31 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पहली बार रोजगार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को 6 माह की निरंतर सेवा पूर्ण करने पर रूपये 15 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। साथ ही कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा विकसित वित्तीय साक्षरता पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद दूसरी किस्त जारी की जाएगी। योजना के तहत अतिरिक्त रोजगार सृजित करने वाले प्रतिष्ठानों को 2 वर्ष तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी, जबकि विनिर्माण क्षेत्र के प्रतिष्ठानों को 4 वर्ष तक लाभ मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने इसे युवाओं और उद्योगों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए सभी विभागों को व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य निधि संगठन एवं श्रम विभाग को जिला व तहसील स्तर पर विशेष शिविर आयोजित कर अधिक से अधिक प्रतिष्ठानों का पंजीकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए।इस सेमिनार में उप श्रम आयुक्त संतोष सिंह, सहायक श्रम आयुक्त सुविज्ञ सिंह, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 संदीप सक्सेना, श्रम प्रवर्तन अधिकारी महेन्द्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, सहायक आयुक्त उद्योग जगत नारायण सिंह यादव सहित समस्त श्रम प्रवर्तन अधिकारी, कर्मचारी भविष्ठ निधि संगठन प्रयागराज के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वायुसेना जवान को पीटने वाले दारोगा -सिपाही पर एक्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**घाटमपुर।** कानपुर कमिश्नरेट अंतर्गत थाना घाटमपुर में वायुसेना जवान के साथ पुलिस कर्मियों के द्रारा मारपीट करने के मामले में डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने एडीसीपी को जांच सौंपी थी, बीतीं देर रात जांच में प्रथम द्रष्टया दोषी पाए जाने पर दारोगा और सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया गया है, एडीसीपी घटना की गहनता से जांच कर रहे हैं, पुलिस कर्मियों ने इतना पीटा कि उसका कान का पर्दा फट गया,जवान का उपचार सेवेन एयरफोर्स अस्पताल में चल रहा है, कानपुर डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि एयरफोर्स के जवान के साथ मारपीट की शिकायत मिलने पर घटना की जांच एडीसीपी योगेश कुमार को सौंपी गई थी , शिकायत पत्र में बीतीं 19 फरवरी की रात वायुसेना जवान नीतीश कुमार सचान को थाने ले जाकर पुलिस कर्मियों ने पीटा था,, इसके बाद उसका शांति भंग में चालान कर दिया था, एडीसीपी योगेश कुमार को प्रथम द्रष्टया जांच में दारोगा रविन्द्र बुंदेला, और सिपाही प्रदीप कुमार दोषी पाए जाने पर दोनों को लाइन हाजिर कर दिया गया है,, इसके साथ ही घटना की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है, आपको बताते चलें कि थाना घाटमपुर क्षेत्र के देवमनपुर गांव के रहने वाले नितीश सचान 26 वर्ष एयरफोर्स में तैनात हैं,वह पोरल यानि जहाज़ मेंटीनेंस अधिकारी हैं,,उनकी तैनाती गुजरात के जामनगर एयरफोर्स स्टेशन पर है,,इन दिनों वह छुट्टी पर अपने घर आए हुए हैं, उन्होंने बताया कि 19 फरवरी की रात वह नौरंगा गांव निवासी अपने दोस्त अर्पित साहू के भाई की शादी में शामिल होने गए थे,, वहां से रात 11 बजें मूसानगर रोड स्थित गेस्ट हाउस से पैदल घर लो्ट रहें थें, इसी बीच घाटमपुर घाटमपुर थाना पुलिस की गश्ती टीम ने रोका वह लोग सफेद बोलेरो में थे , नीतीश ने बताया कि पुलिस वालों ने पहले नाम पूछा, पिता की जानकारी देने पर अभ्रदता की,अपना परिचय फौजी का दिया, तो गाली गलौज की, बोलें फौजी चोर होते हैं,विरोध करने पर गाड़ी में लादकर थाने ले गए,,थाने में इतना पीटा कि बाएं कान पर्दा फट गया, एक आंख पूरी तरह से काली हो गई, इसके साथ ही पूरे शरीर में चोट के निशान हैं,, इसके बाद शांति भंग की कार्रवाई की कार्रवाई कर पुलिस उसे घाटमपुर सीएचसी ले गई, वहां से कानपुर रेफर कर दिया गया, परिजनों का आरोप है कि पुलिस उसे आगे इलाज के लिए नहीं ले गई,, शांति भंग की कार्रवाई कर छोड़ दिया गया,, परिजनों ने उसे कानपुर के सेवन एयरफोर्स अस्पताल लेकर पहुंचे वहां जांच में कान का पर्दा फटने की पुष्टि हुई,,तीन दिनों से नीतीश का एयरफोर्स अस्पताल में इलाज चल रहा है,, नीतीश का मां ने डीसीपी साउथ दीपेन्द्र नाथ चौधरी से मिलकर पूरी घटना बताई, शिकायत देकर कठोर कार्रवाई की मांग की, बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## श्रीराम कथा में राम जन्म प्रसंग सुन झूमे श्रद्धालु

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के कमसार गांव के राम जानकी मंदिर परिसर पर आयोजित नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चौथे दिन सोमवार को श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। श्रीधाम वृंदावन से पधारी कथावाचिका देवी ज्योति किशोरी ने प्रभु श्रीराम सहित चारों भाइयों भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न के जन्म की दिव्य कथा का अत्यंत भावपूर्ण और विस्तार से वर्णन किया। कथा सुनते ही पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और बार-बार 'जय श्रीराम' के गगनभेदी जयकारे गूंजने लगे। कथावाचिका देवी ज्योति ने बताया कि जब अयोध्या नरेश राजा दशरथ के यहां चारों पुत्रों का जन्म हुआ तब संपूर्ण अयोध्या नगरी आनंद और उत्सव में डूब गई। देवताओं ने पुष्पवर्षा की, गंधर्वो ने गायन किया और धरती पर धर्म की विजय का संदेश फैल गया। उन्होंने कहा कि प्रभु राम का जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और करुणा के अवतरण का प्रतीक है। भरत त्याग की, लक्ष्मण सेवा की और शत्रुघ्न कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देते हैं। कथा के दौरान भजन-कीर्तन और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे ही चारों भाइयों के जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल तालियों और जयकारों से गूंज उठा।भगवान श्री राम की आरती मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अमर यादव के द्वारा की गई। इस दौरान आचार्य दुर्गेश शुक्ल, मनीष गुप्ता,विनय तिवारी,सचिन तिवारी,शिवा विश्वकर्मा,लक्ष्मी नारायण ,उर्दू बाबा,राजेंद्र यादव,अनिल त्रिपाठी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## पीड़ित परिवार से मिले विधायक विनय वर्मा



बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत तालकुंडा टोला केवटलिया में पीड़ित परिवार को सांत्वना देते विधायक विनय वर्मा

**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के बढ़नी ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत तालकुंडा टोला केवटलिया में विधायक विनय वर्मा ने पहुंच कर पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुये मदद का आश्वासन दिया। पिछले दिनों गावं में मारपीट में घायल हुयी कृष्णावती पत्नी लालजी चौहान की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। विधायक ने मंगलवार को शोकाकुल परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा।

## दुबई में भाई के फंसे होने का झांसा देकर 50 हजार की ठगी, कॉल के बाद खुला साइबर जालसाजों का खेल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंसाइबर ठगी से बचाव के लिए लगातार जागरूकता अभियान पुलिस द्वारा चलाए जा रहा है, उसके बाद भी लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे हैं और अपनी गाढी कमाई गवां दे रहे हैं ऐसा ही एक मामला नगर थाना क्षेत्र में आया है जहां साइबर ठगों ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए एक व्यक्ति को भावनात्मक दबाव में लेकर 50 हजार रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने पीड़ित को यह विश्वास दिलाया कि उसका भाई दुबई में मारपीट की घटना में फंस गया है और जेल भेजा जाने वाला है। घबराहट में आकर पीड़ित ने बताए गए खाते में रकम ट्रांसफर कर दी, लेकिन बाद में भाई से बात होने पर पूरे षड्यंत्र का खुलासा हुआ। ग्राम फुलवरिया निवासी मुरलीचन्द्र निषाद के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने स्वयं को दुबई का अधिकारी बताते हुए कहा कि मुरलीचन्द्र का भाई वहां किसी विवाद में फंस गया है और पुलिस कार्रवाई होने वाली है। उसे जेल से बचाने के लिए तत्काल 50 हजार रुपये की जरूरत बताई गई। कॉल करने वाले ने बेहद जल्दबाजी और दबाव का माहौल बनाते हुए रकम तुरंत भेजने की बात कही।

अचानक आई इस सूचना से मुरलीचन्द्र घबरा गए। परिवार की इज्जत और भाई की सुरक्षा की चिंता में उन्होंने बिना पुष्टि किए बताए गए बैंक खाते में 50 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम भेजने के कुछ समय बाद जब उन्होंने सीधे अपने भाई से संपर्क किया तो सच्चाई सामने आई। भाई ने बताया कि वह पूरी तरह सुरक्षित है, अपने कार्यस्थल पर मौजूद है और उसके साथ किसी प्रकार की कोई घटना नहीं हुई है। तब मुरलीचन्द्र को एहसास हुआ कि वे साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर रही है ।पुलिस के अनुसार यह तरीका 'फैमिली इमरजेंसी स्कैम' के नाम से जाना जाता है। इसमें ठग विदेश में फंसे रिश्तेदार, दुर्घटना, पुलिस कार्रवाई या मेडिकल आपात स्थिति का हवाला देकर लोगों को डराते हैं और तुरंत पैसे भेजने का दबाव बनाते हैं। उत्तर प्रदेश समेत देश के कई हिस्सों में इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जहां विदेशी स्थानों का नाम लेकर लोगों से ठगी की गई है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल पर तुरंत विश्वास न करें। पहले संबंधित व्यक्ति से सीधे संपर्क कर सत्यापन करें और किसी भी अज्ञात खाते में धनराशि ट्रांसफर करने से बचें।

# ललितपुर के मडावरा में भीषण हादसा

●बस की टक्कर से बाइक सवार तीन की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** मड़ावरा में सोमवार रात 9 बजे स्लीपर बस और बाइक की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तीनों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों को मृतक घोषित कर दिया। बस मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर से इंदौर जा रही थी। इसी दौरान बाइक को टक्कर मारी और करीब 10 फीट तक घसीटा। जिसके चलते बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। तीनों मृतक रिश्तेदार थे। मृतक आलोक को शादी के लिए रिश्ता देखने गए थे। तीनों उसी कार्यक्रम से वापस लौटते समय हादसा हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी चालक के खिलाफ जांच शुरू की। स्लीपर बस मध्य प्रदेश के पृथ्वीपुर से मडावरा के रास्ते इंदौर जा रही थी। रात करीब 9 बजे मडावरा थानाक्षेत्र के मननपुर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंची। तभी 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मारी और करीब 10 फीट तक घसीटा। भीषण टक्कर में बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस का भी अगले हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े। उन्होंने सभी घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद तीनों घायलों को मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। बस में कुल 40 लोग सवार थे। हालांकि, बस में सवार सभी यात्री सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना पर पर पुलिस मौके पर पहुंची तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलने पर प्रभारी तहसीलदार भी मनोज कुमार श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। मृतकों की पहचान जयदीप (18) पुत्र रमेश निवासी ग्राम हिलगन, थाना गिरार; आलोक (18) पुत्र पप्पू निवासी ग्राम बम्होरी कलां, थाना मड़ावरा; तथा राजकुमार (19) पुत्र अशोक निवासी पिपरिया जागीर, थाना पाली के रूप में हुई है। तीनों आपस में रिश्तेदार थे। जयदीप तीन बहनों में इकलौता भाई था, जबकि आलोक दो भाइयों में सबसे छोटा था। हादसे के वक्त आलोक की शादी के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में आलोक का पारिवारिक साला जयदीप और मामेरा भाई राजकुमार शामिल होने आए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर बम्होरी कलां से मड़ावरा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में यह हादसा हो गया। घटना के समय संबंधित बस में सवार यात्रियों में भी अफरा-तफरी मच गई। जिसको जहां से रास्ता मिला, वह उधर से निकलकर भागा। बाद में रात करीब 11:30 बजे बस मालिक ने दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके स्थानों के लिए रवाना किया। इसके बाद चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। फरारा चालक की तलाश शुरू कर दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि बाइक पर सवार तीन युवक आपस में रिश्तेदार थे। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावरा लाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवती के अपहरण का केस दर्ज

**लालगंज,प्रतापगढ़।** युवती के अपहरण को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती 22 फरवरी की शाम करीब पांच बजे उसकी 19 वर्षीया पुत्री घर से अचानक गायब हो गयी। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पुत्री को शादी का झांसा देकर अज्ञात आरोपी अपहृत कर ले गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

### होली व रमजान को लेकर सुरक्षा समीक्षा बैठक

**देवरिया।** आगामी होली व रमजान के मद्देनज़र पुलिस लाइन सभागार में समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता आयुक्त अनिल ढींगरा व डीआईजी एस. चनप्पा ने की। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त बल, ड्रोन निगरानी व सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को सतर्कता व समन्वय के साथ त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

### एसबीटी के हिन्दी प्रवक्ता अरुण शर्मा सम्मानित

**छात्रा आराध्या गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 6वां स्थान प्राप्त कर विशिष्ट पुरस्कार किया हासिल**

**देवरिया।** दिल्ली में हिंदी भाषा के प्रसार में विशेष योगदान के लिए इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा एस बी टी पब्लिक स्कूल, विशुनपुरा बखरा के प्रवक्ता हिंदी अरुण शर्मा को सम्मानित किया गया। विद्यालय की छात्रा आराध्या गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 6वां स्थान प्राप्त कर विशिष्ट पुरस्कार हासिल किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के 96 विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए।

यह प्रतियोगिता विश्व के 20 देशों और भारत के अधिकांश राज्यों में आयोजित होती है, जिसमें लाखों प्रतिभागी हिस्सा लेते हैं। कार्यक्रम का आयोजन 22 फरवरी को सी डी देशमुख सभागार में संपन्न हुआ, जहां शीर्ष प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, पदक एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन एम.एन. त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। शिक्षक अरुण शर्मा ने सफलता का श्रेय विद्यालय परिवार के सहयोग को दिया।

### सपा के यूथ फ्रंटल संगठनों व अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक संपन्न

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में यूथ फ्रंटल संगठनों व अल्पसंख्यक सभा की मासिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में एस.आई.आर. प्रभारी डॉ. मोहसिन खान (पूर्व मंत्री/पूर्व विधायक) की उपस्थिति रही। डॉ. खान ने कहा कि संगठन की मजबूती बूथ स्तर पर सक्रियता से तय होती है। उन्होंने पदाधिकारियों को प्रत्येक विधानसभा में बीएलए से समन्वय कर मतदाता सूची के नाम जोड़ने, संशोधन व निगरानी पर जोर देने के निर्देश दिए। आगामी बैठक में कार्यों की समीक्षा कर रिपोर्ट राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व को भेजी जाएगी। जिलाध्यक्ष ने लापरवाही पर संगठनात्मक कार्रवाई की चेतावनी देते हुए अनुशासन व सामूहिक प्रयास को सफलता की कुंजी बताया। वक्ताओं ने 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने का संकल्प दोहराया। बैठक की अध्यक्षता खुर्शीद आलम अंसारी ने की।

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़
स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

## ईरान के न्यूक्लियर प्लांट वाले प्रांत इस्फ़हान में एयरफोर्स का हेलीकॉप्टर क्रैश, 4 की मौत

**यह क्रैश एक हफ़्ते से भी कम समय में दूसरी ऐसी घटना है। हाल ही में, पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक F-4 फाइटर जेट गिर गया था, जिसमें उसके 1 पायलट की मौत हो गई थी। ईरान में पिछले कुछ सालों में कई जानलेवा एविएशन एक्सीडेंट हुए हैं। पश्चिमी देशों के बैन ने एयरक्राफ्ट के पार्ट्स तक पहुंच को रोक दिया है, जिससे देश मिलिट्री और सिविलियन दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए हेलीकॉप्टर और फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट के पुराने बेड़े पर निर्भर हो गया है।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

सेंट्रल ईरान में एक फल और सब्ज़ी मार्केट में ईरानी एयर फ़ोर्स का एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। यह क्रैश इस्फ़हान प्रांत में हुआ, जहाँ देश का मुख्य न्यूक्लियर प्लांट है। यह घटना इस्फ़हान प्रांत में तेहरान से लगभग 330 किलोमीटर दक्षिण में दोरचेह शहर में हुई। ईरानी सरकारी टेलीविज़न ने बताया कि हेलीकॉप्टर एक ट्रेनिंग फ़्लाइट के दौरान नीचे गिरा। इस्फ़हान प्रांत में एक बड़ा एयर बेस और एक न्यूक्लियर फ़ैसिलिटी है, जिस पर जून में ईरान-इज़राइल युद्ध के दौरान अमेरिका ने हमला किया था। स्टेट टीवी ने कहा कि क्रैश में पायलट और को-पायलट दोनों मारे गए, और फुटेज दिखाया जिसमें मार्केट एरिया में मलबा बिखरा हुआ था और साइट से धुआं उठ रहा था। सेमी-ऑफिशियल फ़ार्स न्यूज़ एजेंसी ने बताया कि एयरक्राफ्ट के मार्केट से टकराने के बाद ज़मीन पर मौजूद 2 लोगों की भी मौत हो गई। यह क्रैश एक हफ़्ते से भी कम समय में दूसरी ऐसी घटना है। हाल ही में, पश्चिमी शहर हमेदान के पास एक F-4 फाइटर जेट गिर गया था, जिसमें उसके 1 पायलट की मौत हो गई थी। ईरान में पिछले कुछ सालों में कई जानलेवा एविएशन एक्सीडेंट हुए हैं। पश्चिमी देशों के बैन ने एयरक्राफ्ट के पार्ट्स तक पहुंच को रोक दिया है, जिससे देश मिलिट्री और सिविलियन दोनों तरह के इस्तेमाल के लिए हेलीकॉप्टर और फिक्स्ड-विंग एयरक्राफ्ट के पुराने बेड़े पर निर्भर हो गया है।

**इस्फ़हान न्यूक्लियर फ़ैसिलिटी**

इस्फ़हान न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी सेंटर ईरान के मुख्य न्यूक्लियर रिसर्च और फ़्यूल प्रोडक्शन कॉम्प्लेक्स में से एक है। इसमें एक यूरेनियम कन्वर्ज़न फ़ैसिलिटी, फ़्यूल फ़ैब्रिकेशन प्लांट और कई रिसर्च रिएक्टर शामिल हैं। 2025 में हवाई हमलों के बाद, साइट पर किलेबंदी का काम हुआ, जिसमें टनल के दरवाज़ों को मज़बूत किया गया और कुछ मामलों में उन्हें दबा दिया गया, जिससे वहाँ तक पहुँचना काफ़ी मुश्किल हो गया।

**इब्राहिम रईसी चॉपर क्रैश**

19 मई, 2024 को, ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को ले जा रहा एक हेलीकॉप्टर ईरान के पहाड़ी पूर्वी अज़रबैजान प्रांत में अज़रबैजान के साथ बॉर्डर के पास एक दौरे से लौटते समय क्रैश हो गया। यह एयरक्राफ़्ट तीन हेलीकॉप्टरों के एक छोटे काफ़िले का हिस्सा था। रईसी को ले जा रहा हेलीकॉप्टर घने कोहरे और खराब मौसम की वजह से विज़ुअल कॉन्टैक्ट खोने के बाद ज़मीन से टकरा गया और उज़ी गाँव के पास क्रैश हो गया। इसमें सवार सभी आठ लोग मारे गए, जिनमें रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन, पूर्वी अज़रबैजान के गवर्नर मालेक रहमती, और दूसरे अधिकारी और क्रू शामिल थे।

## द्वारका में चेन स्नैचिंग का सनसनीखेज खुलासा

● **कुछ ही घंटों में 3 लुटेरे गिरफ्तार, 11 ग्राम सोने की चेन बरामद**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**स्वतंत्र सिंह भुल्लर**

**नई दिल्ली,** 24 फरवरी 2026।दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली के द्वारका इलाके में सरकारी कर्मचारी से मारपीट कर सोने की चेन लूटने की वारदात को Delhi Police ने कुछ ही घंटों में सुलझा लिया। थाना Mohan Garden Police Station की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई करीब 11 ग्राम वजनी सोने की चेन बरामद कर ली। घटना 20-21 फरवरी 2026 की मध्य रात्रि की है। पीसीआर कॉल के माध्यम से सूचना मिली कि भगवती गार्डन एक्सटेंशन क्षेत्र में मारपीट कर चेन छीन ली गई है। सूचना मिलते ही एसआई राजेश कुमार पुलिस स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पीड़ित अभिषेक हुड्डा (30 वर्ष), निवासी भगवती गार्डन एक्सटेंशन, ने बताया कि जब वह अपनी कार से घर लौट रहे थे और द्वारका मोड़ स्थित मोर साहब रेस्टोरेंट के पास पहुंचे, तभी तीन अज्ञात युवकों ने उन पर हमला कर दिया और उनकी सोने की चेन लूट ली।पीड़ित के बयान पर एफआईआर संख्या 49/26 दिनांक 21.02.2026, धारा 309(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच एसआई राजेश कुमार को सौंपी गई।

थाना मोहन गार्डन के एसएचओ इंस्पेक्टर मुकेश अंतिल के नेतृत्व तथा एसीपी नजफगढ़ श्री प्रक्षय कुमार सिंह के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने बिंदापुर, रन्होला और मोहन गार्डन क्षेत्रों में लगे 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों—मोहर सिंह (28 वर्ष), गौरव उर्फ गोलू (22 वर्ष) और करण (19 वर्ष)—को गिरफ्तार कर लिया गया।पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने ही द्वारका मोड़ के पास पीड़ित के साथ मारपीट कर चेन लूटी थी। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गई सोने की चेन भी बरामद कर ली है।

जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी मोहर सिंह के खिलाफ पहले से 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि गौरव उर्फ गोलू के खिलाफ 2 मामले दर्ज हैं। द्वारका जिला पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) आईपीएस अंकित सिंह ने बताया कि मामले की आगे की जांच जारी है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास मजबूत हुआ है।

## विश्व हिन्दू परिषद के इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत के प्रिंट मीडिया प्रमुख के दायित्व पर मनोनीत किये गए स्वतंत्र सिंह भुल्लर

● **इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि देशहित में, वे अपने दायित्वों का निर्वहन हमेशा की तरह पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ करेंगे**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**
**प्रदीप यादव**

**नई दिल्ली।** विश्व हिन्दू परिषद के इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत में संगठनात्मक संरचना को और सुदृढ़ करते हुए स्वतंत्र सिंह भुल्लर को प्रिंट मीडिया प्रमुख के दायित्व पर मनोनीत किया गया है। इस मनोनयन की घोषणा प्रांत स्तर पर आयोजित बैठक में की गई, जिसमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, सभी ने उन्हें शुभकामनायें दीं।स्वतंत्र सिंह भुल्लर लंबे समय से देशहित में, सामाजिक एवं वैचारिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और मीडिया क्षेत्र की समझ को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रिंट मीडिया प्रमुख के रूप में वे हमेशा की तरह संगठन की विचारधारा, गतिविधियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का कार्य करेंगे।इस अवसर पर वक्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री भुल्लर के नेतृत्व में प्रिंट मीडिया विभाग नई ऊर्जा और सशक्त रणनीति के साथ कार्य करेगा, जिससे संगठन की नीतियों एवं कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित होगा। इंद्रप्रस्थ दिल्ली प्रांत के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए आशा जताई कि वे देशहित में हमेशा की तरह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ करेंगे।

## जनसमस्याओं को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

**देवरिया, 24 फरवरी।** भारतीय सर्वजन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक निषाद के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर टाउन हॉल से कलेक्ट्रेट तक पदयात्रा निकालकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में 17 जातियों को अनुसूचित जाति सूची में शामिल करने, आरक्षण कोटा बढ़ाने, हत्या प्रकरण में कठोर कार्रवाई व मुआवजा, विद्युत फिक्स चार्ज समाप्त करने, 200 यूनिट मुफ्त बिजली, पूर्वांचल राज्य गठन, आशा-आंगनबाड़ी मानदेय वृद्धि, बंद चीनी मिल व शीतगृह चालू करने, नवोदय व इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापना, रोजगार सृजन, गैस सब्सिडी, हाईकोर्ट खंडपीठ स्थापना, वित्तीय कंपनियों के जमाधन भुगतान, जातीय जनगणना, पुलिस चौकी निर्माण, स्कूलों में सीसीटीवी व बायोमीट्रिक व्यवस्था सहित विभिन्न मांगें शामिल रहीं। ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपा गया। कार्यक्रम में कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संत भीखा दास कुटी पर राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का हुआ भव्य आयोजन

● **ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर अयोध्या** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संत भीखा दास कुटी के परिसर में राष्ट्रीय एकता को समर्पित 'विराट कुश्ती दंगल' का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेच दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह ने किया। उन्होंने अखाड़े में उतरकर पहलवानों का हाथ मिलवाया और खेल भावना की शपथ दिलाते हुए कुश्ती शुरू कराई। इस अवसर पर पवन सिंह ने कहा कुश्ती हमारे देश की मिट्टी से जुड़ा पारंपरिक खेल है।

ऐसे आयोजनों से न केवल स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलता है, बल्कि यह 'राष्ट्रीय एकता' का भी जीवंत प्रतीक है। ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने के लिए ऐसे दंगल मील का पत्थर साबित होते हैं। दिग्गज पहलवानों की भिड़ंत में अयोध्या, हरिद्वार, दिल्ली और पंजाब से आए पहलवानों ने एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए जी-तोड़ मेहनत की। दंगल में कई मुकाबले बराबरी पर छूटे, तो कुछ में पहलवानों ने 'धोबी पछाड़' और 'आसमान पटक' जैसे दांवों से चंद मिनटों में जीत हासिल कर ली।

## नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी ने रेलवे से की स्थाई दुकान



**शहडोल** जिले के बुढ़ार नगर परिषद में हो रहे असुविधा के बीच नगर परिषद के अध्यक्ष ने द.पू. म.रेलवे बिलासपुर को एक लिखित पत्र लिख कर हो रहे आमजन मानस को समस्या और उनके असुविधा के लिए पत्र लिख कर अवगत करवाया जिस पर रेलवे बिलासपुर के अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए निराकरण करने का संकल्प लिया । जिसमें मुख्य रूप से सब्जी मंडी के लिए जमीन और दूसरा नया ओवरब्रीज बनाने का मांग और तीसरा स्ट्रिप सील एक्सपेंशन जॉइंट को बदलने की मांग की गई थी। जिसमें उक्त कार्यो को 31/03/2026 तक कार्य करने का संभावना किया गया हैं।

## सामाजिक माध्यम में टी एम पी के कि खिलाफ अफवाह फैलने वालो पर थाने में शिकायत दर्ज



● **24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने की मांग।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**असम धेमाजी।** कुछ दिनों से सामाजिक माध्यम में असम के द्वितीय बृह जनजातीय समुदाय टी एम पी के कि खिलाफ अफवाह फैलने वाले आठ लोगों के खिलाफ टी एम पी के सिलापथार जिला समिति ने थाने में शिकायत दर्ज कराया। जिसमें 114 नंबर जोनाई विधानसभा चुनावी क्षेत्र के विधायक भुवन पेगू के एक पुराने वीडियो के साथ में आसामिया पेपर कटिंग संलग्न कर सामाजिक माध्यम फेसबुक, इंस्ट्राग्राम में प्रचार करने वाले भी शामिल है।टी एम पी के सिलापथार डिस्ट्रिक्ट कमिटी ने आज सिलापथार थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई।

टी एम पी के का कार्यकताओं ने मीडिया को दिए जानकारी में उल्लेख किया कि विधायक भुवन पेगू संघटन का पूर्व अध्यक्ष थे उनके मार्ग दर्शन में हम चल रहे हैं। जनजातीय समुदाय के लिए एवं जोनाई सत्रों के जनप्रिय विधायक के रूप में परिचित पेगू के भाभमूर्ति को विनष्ट करने के लिया समाज में ऐसे कार्य करने वाले लोगों को 24 घंटे की भीतर प्रशाशन से गिरफ्तार करने की मांग की।

## सपा सांसद के नेतृत्व में आयोजित हुआ धरना प्रदर्शन

● **धरने में शामिल लोगों ने संविधान बचाओ लोकतंत्र बचाओ का नारा किया बुलंद**

● **सपाईयों ने एसडीएम को सौंपा मांगों का ज्ञापन**





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**मिल्कीपुर अयोध्या** समाजवादी पार्टी के आह्वान पर मंगलवार को इनायत नगर स्थित मंत्री आवास 5 नंबर चौराहा से तहसील परिसर तक 'संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ' के नारे के साथ लोकतांत्रिक धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र सपा के नारों से गूंज उठा। धरना-प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने एस आई आर के नाम पर मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के प्रयासों पर गहरी चिंता जताई और इसे लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा प्रहार बताया। साथ ही डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की रक्षा, किसानों की जमीनों पर कथित अतिक्रमण के विरोध तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

धरने को संबोधित करते हुए फैजाबाद (अयोध्या) के सांसद एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद ने कहा कि संविधान केवल एक किताब नहीं, बल्कि देश की आत्मा है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से हर वर्ग, जाति और धर्म को समान अधिकार देने की व्यवस्था की थी, जिसे कमजोर करने की साजिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसी भी निर्दोष मतदाता का नाम सूची से हटाया गया तो समाजवादी पार्टी चुप नहीं बैठेगी।

सांसद ने किसानों के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा और कहा कि किसानों की जमीन पर किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और जनसमस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने सरकार से जनता के मूल मुद्दों पर ध्यान देने की मांग की। वहीं पूर्व सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि प्रशासनिक तंत्र का दुरुपयोग कर आम मतदाताओं के अधिकारों से खिलवाड़ किया जा रहा है। धरना समाप्ति के बाद सांसद अवधेश प्रसाद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम मिल्कीपुर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरना प्रदर्शन में भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता एवं सपा नेता मौजूद रहे।

## हर्रैया पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

● **बलरामपुर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पकड़ा, कोर्ट भेजा गया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** हर्रैया पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी बलरामपुर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 24 फरवरी 2026 को हुई। की पहचान अजय कुमार मिश्रा उर्फ टाइगर पुत्र मैकू उर्फ विश्वनाथ मिश्रा के रूप में हुई है, जो ग्राम नेवलगंज, थाना हर्रैया, जनपद बलरामपुर का निवासी है। उसके खिलाफ थाना हर्रैया में मु0अ0सं0-16/2026 के तहत धारा 65(1), 351(3) बीएनएस, 3(1)द, 3(2)1, 3(2)1a एससी/एसटी एक्ट और 5L/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज है।पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर वांछित और वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का निकट पर्यवेक्षण अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय और क्षेत्राधिकारी ललिया डी.के. श्रीवास्तव कर रहे हैं, जबकि प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह थाना हर्रैया के कुशल नेतृत्व में टीम काम कर रही है।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनीत कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार दूबे और कांस्टेबल चंद्रशेखर निषाद शामिल थे। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को अग्रिम विधिक कार्यवाही के लिए न्यायालय भेजा गया।

## उत्कृष्ट कार्य पर पुलिसकर्मियों का सम्मान

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**देवरिया, 24 फरवरी।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने थाना खुखुन्दू के पुलिसकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्र को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध विवेचना निस्तारण के लिए सराहा गया। आरक्षी वेद प्रकाश यादव को आईजीआरएस संदर्भों के प्रभावी निस्तारण में योगदान हेतु सम्मानित किया गया, जिससे जनवरी 2026 में जनपद को प्रदेश में प्रथम रैंक मिली। महिला आरक्षी दीक्षा शुक्ला को मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## बस्ती में लाइसेंस का 'गणित' समझ से परे, मेडिकल और पैथोलॉजी रजिस्ट्रेशन पर उठे सवाल

● **मानक अधूरे, फाइलें पूरी—सीएमओ कार्यालय की प्रक्रिया पर जिले में चर्चाओं का बाजार गर्म**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी केंद्रों की संख्या जिस तेजी से बढ़ रही है, उसने स्वास्थ्य महकमे की कार्यप्रणाली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को लेकर हाल के दिनों में ऐसी जानकारियाँ सामने आई हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि मानक और मंजूरी के बीच की दूरी कभी-कभी बहुत छोटी हो जाती है।

जानकारी के अनुसार, कुछ मामलों में मानक अधूरे होने के बावजूद लाइसेंस प्रक्रिया को तेज़ी से आगे बढ़ाया गया। विभागीय दफ्तरों के चक्कर काटने वाले कई आवेदकों का कहना है कि फाइलों की गति अक्सर 'प्रक्रियागत समझ' पर निर्भर करती है। हालांकि इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

स्वास्थ्य विभाग के नियम स्पष्ट रूप से बताते हैं कि मेडिकल स्टोर और पैथोलॉजी संचालन के लिए बुनियादी ढांचा, योग्य फार्मासिस्ट और उपकरण अनिवार्य हैं। लेकिन जिले में संचालित कुछ केंद्रों की स्थिति इन मानकों से मेल नहीं खाती दिखाई देती। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा भी जोरों पर है कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी नहीं है। यदि ऐसा है तो यह केवल प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला है। क्योंकि किसी भी प्रकार की लापरवाही का सीधा असर आम मरीजों पर पड़ सकता है।विशेषज्ञों का मानना है कि सभी लाइसेंसों की सार्वजनिक सूची जारी की जानी चाहिए निरीक्षण रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध कराई जानी चाहिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को डिजिटल ट्रैकिंग से जोड़ा जाए स्वतंत्र स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया जाए अब सवाल यह है कि क्या स्वास्थ्य विभाग इस पर स्पष्टता देगा? क्या रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुरूप है? या फिर जिले में लाइसेंस का कोई अलग ही 'गणित' चल रहा है?

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**देवरिया।** जनपद के रुद्रपुर पुलिस ने मु0अ0सं0-83/2026 (धारा 69, 352, 351(3) बीएनएस) में वांछित अभियुक्त रुद्रप्रताप यादव को पूर्वी बाईपास के पास से गिरफ्तार किया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश व क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में की गई। विधिक कार्यवाही प्रचलित है। इसी क्रम में पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार रुद्रपुर पुलिस ने मु0अ0सं0-64/2026 में वांछित अभियुक्त बब्बी साहनी को सेमरौना पुल के पास से गिरफ्तार किया। नाबालिग पीड़िता को पूर्व में सकुशल बरामद किया जा चुका है। प्रकरण में बीएनएस व पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं। पाक्सो एक्ट के दूसरे मामले में गौरीबाजार पुलिस ने मु0अ0सं0-572/2026 में वांछित अभियुक्त इम्तियाज अली को पुराने बस स्टैंड, गौरीबाजार से गिरफ्तार किया। पीड़िता को पूर्व में सुरक्षित बरामद किया जा चुका है। विधिक कार्यवाही जारी है।